*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 270

पुरी में जेपी नड्डा ने बीजेपी की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक का उद्घाटन किया



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## चिनाब ब्रिज पर 15 अगस्त को पहली ट्रेन चलेगी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में बने दुनिया के सबसे ऊंचे स्टील आर्च ब्रिज पर स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को पहली ट्रेन चलेगी। संगलदान से रियासी के बीच चलने वाली यह ट्रेन सर्विस उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस ब्रिज पर 20 जून को ट्रेन का ट्रायल रन हुआ था। इससे पहले 16 जून को ब्रिज पर इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल हुआ था। यह ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से 29 मीटर ऊंचा है। एफिल टॉवर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। यह ब्रिज 40 किलो तक विस्फोटक और रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता तक के भूकंप को झेल सकता है।

### भाजपा की विस्तारित कमेटी की बैठक आज

# अमित शाह देंगे चुनावी मंत्र



- रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में तैयारी पूरी
- केंद्रीय गृह मंत्री 2.30 बजे सभा को करेंगे संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आनेवाले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होना है। भाजपा धीर-धीरे चुनावी मोड में आने लगी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जोश भरने में लगे हैं। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पार्टी की विस्तारित कमेटी की बैठक बुलायी है। यह बैठक रांची के प्रभात तारा मैदान में हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बैठक में शामिल होंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। प्रभात तारा मैदान में इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मंच और पंडाल लग चुके हैं। राज्यभर से कार्यकर्ताओं का आना शुरू हो गया है। इसमें मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के दायित्वधारी 25000 कार्यकर्ता भाग लेंगे।



फोटो- प्रदीप ठाकुर

### दोपहर 1.30 बजे पहुंचेंगे रांची

केंद्रीय मंत्री अमित शाह शनिवार को बीएसएफ के विमान से 1.40 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। यहां से दोपहर दो बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर करीब सवा घंटा यानी 3.15 तक रहेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद अमित शाह करीब चार बजे प्रदेश भाजपा के हरमू रोड स्थित कार्यालय आयेंगे। यहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत करेंगे। इसके बाद शाम करीब 7.30 बजे दिल्ली लौट जायेंगे।

### 10.30 बजे कार्यक्रम का होगा उद्घाटन

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे शुरू होगा। उद्घाटन सत्र के साथ ही प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संबोधन होगा।

# राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ पोलिटिकल एजेंडा : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने मधुबन में की समीक्षा बैठक, मीडिया से की बात
- 200 यूनिट फ्री बिजली देने समेत अन्य योजनाओं की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संताल में बांग्लादेशी घुसपैठ पर कहा कि यह सब पोलिटिकल एजेंडा है। वहीं, समय पूर्व राज्य में चुनाव पर कहा कि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मधुबन में मीडिया से बात कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, विधायक कल्पना सोरेन, मथुरा महतो और सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद थे। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के झारखंड में दौरा को लकेर पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों का अपना-अपना कार्यक्रम होता है और वे कर रहे हैं। सरकार अपना काम करने में लगी है। यहां कौन आ रहा है? कौन जा रहा है? यह पता नहीं। राज्य में समय पूर्व चुनाव पर कहा कि चुनाव संवैधानिक प्रक्रिया है। संवैधानिक प्रक्रिया से ही चुनाव होगा। बाकी जिन्हें जो शिगूफा छोड़ना है, छोड़ते रहें। किसने रोका है।

**अधिकारियों को दिये निर्देश:** इससे पहले मुख्यमंत्री ने मधुबन परिसदन में जिला के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बिजली, पानी, कृषि आदि से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाएं हर घर तक पहुंचे, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। अधिकारी पूरी संवेदना के साथ जनता की समस्याओं को सुने और समाधान निकालें। इसमें किसी भी तरह की कोताही और लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**(सीएम हेमंत ने मरांग बुरू स्थित दिशोम मांझीथान में की पूजा-अर्चना : पेज 03 पर )**



### धान रोपनी की अद्यतन स्थिति की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने जिले में मानसून की बारिश और धान रोपनी की स्थिति की जानकारी अधिकारियों से ली। इस दौरान वे किसानों के बीच बीज और खाद वितरण की वस्तुस्थिति से भी अवगत हुए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगर कम बारिश की वजह से धान की बुवाई प्रभावित होती है तो किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए तैयार करने की पूरी तैयारी रखें। किसानों को राहत करने के लिए सभी कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि किसानों को केसीसी का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

### पलायन रोकने के लिए उठायें कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाय। जिससे मजदूरों का पलायन नहीं हो। हेमंत ने कहा कि गिरिडीह जिले से बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा रोजगार के लिए बड़े शहरों एवं दूसरे राज्यों के लिए पलायन करते हैं। यह काफी चिंतनीय है। हमारी सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं से युवाओं को जोड़ें, ताकि उन्हें अपने घर-गांव में ही रोजगार मिल सके। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा फलदार पेड़ लगाने के लिए किसानों को प्रेरित करने का निर्देश दिया।

डेंगू रोधी माह
(जुलाई 2024)




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है

याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आसपास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

क्या करें
- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

क्या नहीं करें
- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें।
  शरीर को पूरी तरह न ढंकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

104

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 330007 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

SARALA BIRLA UNIVERSITY

University of Minnesota | Berkeley University of California
International Academic Collaboration

ADMISSION OPEN
2024-25

NOW INTRODUCING
MASS COMMUNICATION
B.A. & M.A.
in Journalism & Mass Communication



GET THE LEGAL EDGE WITH



LAW
LLB | LLM | B.A. LLB (Hons.)
BBA LLB (Hons.)
B.Com. LLB (Hons.)

UNDER GRADUATE
B.Tech in CE | CSE | EEE | ECE | ME
B.Com (Hons.) in Accounts | E-Commerce | Taxation
B.A. (Hons.) in English | Economics | Sanskrit
BCA
B.Sc (Hons.) Mathematics
BBA
BBA in Stock Broking & Portfolio Management
Bachelors of Performing Arts in Music, Dance, Theatre & Fine Arts

POST GRADUATE
M.Tech
MBA
MCA
M.Com
M.A. in English | Economics | Sanskrit
M.Sc in Yogic Science
Masters of Performing Arts in Music, Dance, Theatre & Fine Arts

DIPLOMA
Diploma in CE | CSE | EEE | ECE | ME
Diploma in French
Certificate Course in French (6 months)

PHARMACY
B.Pharm | D.Pharm

YOGA & NATUROPATHY
PG/UG/Diploma/Certificate Program in yogic Science

Ph.D.
Ph.D. in Engineering |
Commerce & Management Humanities
Law | Mass Communication

SARALA BIRLA UNIVERSITY RANCHI
Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103 9525 110 001
TOLL FREE No. : 1800 890 6077 admission@sburanchi.ac.in www.sbu.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,000 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# इस बार का विधानसभा चुनाव तय करेगा इंडी और एनडीए की किस्मत

## ■ प्रत्याशियों को लेकर पार्टियों में है कन्फ्यूजन, जनता पार्टियों को लेकर है कन्फ्यूज

## ■ एक तरफ जीत दोहराने की चुनौती, तो दूसरी तरफ खोयी हुई सत्ता हासिल करने का चैलेंज

## ■ इस झकझूमर और गठबंधनों के बीच रस्साकशी के शोर में दब गये हैं जनता से जुड़े मुद्दे

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी शुरू हो गयी है। सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन और विपक्षी एनडीए के बीच चुनावी मुकाबले की जमीन तैयार की जा रही है। एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जमीन टटोली जा रही है, दांव-पेंच को आजमाया जा रहा है और मुकाबले में उतरनेवाले बाहुबलियों की तलाश जोर-शोर से की जा रही है। कहां कौन लड़ेगा और किस दल से लड़ेगा, इसका हिसाब बैठाया जा रहा है, तो कहां किस जाति का कितना वोट है और किस जाति का वोटर किसके पक्ष में वोट करेगा, इसके पीछे के समीकरणों को साधने के लिए किसिम-किसिम के उपाय किये जा रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो झारखंड विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरनेवाले दोनों गठबंधनों की तरफ से हर तरह के घोड़े दौड़ाये जा रहे हैं। लेकिन इस झकझूमर और रस्साकशी के शोर में झारखंड के आम लोग पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि कौन उनके हित की बात कर रहा है और कौन उनके कल्याण के लिए, विकास के लिए अगले पांच साल तक काम करने की क्षमता रखता है। मुद्दों की बात न कोई गठबंधन कर रहा है और न कोई संभावित प्रत्याशी। पार्टियों के भीतर सीटों और उम्मीदवारों को लेकर कन्फ्यूजन की स्थिति है, तो आम लोग चुनावी मुद्दों को लेकर कन्फ्यूज हैं। इन दोनों कन्फ्यूजनों के बीच चुनावी मुद्दों की तलाश में भटक रहे राजनीतिक दलों के पास क्या है रास्ता और आम लोगों के पास क्या है उपाय, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में इस साल होनेवाला विधानसभा चुनाव बड़ा ही रोचक होनेवाला है। यह विधानसभा चुनाव महज सत्ता का द्वार ही नहीं खोलेगा, यह चुनाव पार्टियों के वास्तविक वजूद का लिटमस टेस्ट भी करेगा। उसकी राजनीतिक दशा और दिशा भी तय करेगा। कई प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य भी इसके परिणामों पर टिका होगा। लेकिन इस बार का विधानसभा चुनाव बड़ा कन्फ्यूजिंग भी होनेवाला है। एक तरफ पार्टियों में प्रत्याशियों को लेकर कई सीटों पर कन्फ्यूजन है, तो दूसरी तरफ जनता भी कन्फ्यूज है कि किन मुद्दों को लेकर वोट करे, क्योंकि इस बार जनता के समक्ष कोई भी नया मुद्दा नहीं है। वही घिसा-पिटा मुद्दा पक्ष और विपक्ष, दोनों के पास है। अब मुद्दे ही नहीं होंगे, तो वही आदिवासी, महतो, कुड़मी, ओबीसी का मुद्दा जबरन चलाया जायेगा।

### झारखंड में हमेशा कुछ गिने-चुने मुद्दे ही उठते रहे

झारखंड का यह दुर्भाग्य ही कहिये कि जन्म से लेकर युवावस्था तक, यानी 23 साल आठ महीने तक महज चंद मुद्दों को लेकर ही राजनीति होती रही। यहां की जनता भी धन्य है कि इतने सालों से वह इन्ही चंद मुद्दों को लेकर वोट देती आ रही है। वही स्थानीय नीति, वही नियोजन नीति, वही आरक्षण, वही रोजगार, वही भ्रष्टाचार, नया कुछ भी नहीं। जब वादे पूरे ही नहीं होंगे, तो नया मुद्दा आयेगा कैसे बाजार में। हां, नक्सलवाद की समस्या से झारखंड को राहत जरूर मिली है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास के खाते में जानी चाहिए, क्योंकि नक्सलवाद के खिलाफ जंग का आगाज बाबूलाल मरांडी ने किया था और इसे अंजाम तक रघुवर दास की सरकार ने पहुंचाया।

### क्या है झारखंड के चुनावी मुद्दों की स्थिति

झारखंड में वैसे देखा जाये, तो मुद्दों की कोई कमी नहीं है। नीतिगत और राजनीतिक मुद्दों को छोड़ भी दें, तो महंगाई, बेरोजगारी, विकास, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और बिजली-पानी-सड़क से जुड़े मुद्दों को चुनावों में उठाया जा सकता है।



लेकिन दिक्कत है कि इन मुद्दों को लेकर न तो कोई राजनीतिक दल गंभीर है और न ही कोई संभावित उम्मीदवार। यह झारखंड की बदकिस्मती ही कही जायेगी कि यहां सक्रिय राजनीतिक दलों ने कभी भी आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर वोट नहीं मांगे। उदाहरण के लिए पहाड़ों के गायब होने के कारण बदलता मौसम, मानव तस्करी, पलायन, विस्थापन, शिक्षा और नशाखोरी जैसे मुद्दे राजनीतिक दलों की सूची से बाहर ही रहे हैं। इन मुद्दों पर न तो कोई बात करता है और न कोई बात करना चाहता है।

### इंडी गठबंधन के पास क्या हैं चुनावी मुद्दे

इंडी गठबंधन वाले अपने पुराने वादों को लेकर सामने हैं, जो महागठबंधन के रूप में उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में किये थे और सत्ता हासिल की थी, लेकिन उनमें से कुछ वादे-वादे ही रह गये। ना नियोजन नीति ही बनी, न स्थानीय नीति ही बनी, न ही आरक्षण का कुछ हुआ, रोजगार का भी वही हाल है। नियुक्ति परीक्षा की तो छोड़ ही दीजिए। युवाओं को कोई आस नहीं है कि कुछ होने भी वाला है। हां, विकास की कुछ योजनाएं हैं, जो चल रही हैं, लेकिन उसका असर जनता में कितना होगा, अभी साफ नहीं है।

### एनडीए के पास हैं कौन से मुद्दे

वहीं भाजपा के पास भी भ्रष्टाचार के अलावा कोई दूसरा मुद्दा नहीं है, लेकिन हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आते ही वह भी बैकफुट पर है। जमानत देते समय हाइकोई की टिप्पणी से भाजपा बैकफुट पर है। हां, एक मुद्दा भाजपा वालों ने जोर-शोर से उठाया है, वह है बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा, आदिवासियों की घटती आबादी और मुसलमानों की बढ़ती आबादी का मुद्दा। आदिवासियों के अस्तित्व का मुद्दा। लेकिन इस मुद्दे को अगर भाजपा पकड़ कर नहीं रखेगी, इसके लिए आंदोलन नहीं करेगी, तो यह मुद्दा भी उसके लिए अस्तित्वहीन हो जायेगा। एक और मुद्दा भाजपा ने उठाया है। वह है राज्य की कानून-व्यवस्था, लेकिन महज मुद्दा चिह्नित करने से नहीं होगा, इसके लिए भी सड़क पर भाजपा नेताओं को उतरना होगा। और सच्चाई यही है कि एक साल से भाजपा के नेताओं ने सड़क पर उतर कर कोई आंदोलन नहीं किया है। घटना घटने के बाद दौरा करना और बयान देने तक ही वे सिमटे रह गये हैं।

### संविधान और आरक्षण का सवाल

कांग्रेस और झामुमो द्वारा भाजपा पर संविधान को बदलने की साजिश रचने का आरोप भी मढ़ा जा सकता है। इसके जवाब में एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के पास यह कहने को होगा कि कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से का आरक्षण अपने वोट बैंक में बांट देना चाहती है। इसके साथ ही भाजपा महागठबंधन द्वारा 2019 में युवाओं से किये गये वादों को याद करायेगी और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर मुखर होगी। इसके बाद सबसे अहम मुद्दा नगर निकाय चुनाव का है, जिसे भाजपा-आजसू भुनाने को तैयार है।

### परिवारवाद कोई मुद्दा नहीं रह गया है झारखंड में

इन मुद्दों के बीच भाजपा-आजसू के पास जो सबसे नया मुद्दा आया है, वह है परिवारवाद का मुद्दा। लेकिन उसकी सच्चाई यही है कि झारखंड में परिवारवाद कोई कारगर मुद्दा नहीं रह गया है। हां कहने के लिए भाजपा और आजसू यह जरूर कह रही है कि चंपाई सोरेन को हटा कर हेमंत सोरेन ने फिर कमान अपने हाथ में ले ली, यह चंपाई सोरेन के साथ अच्छा नहीं हुआ। लेकिन इस बात का कोई असर जनता में पड़ेगा, ऐसा नहीं लगता, कारण झामुमो हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंटैक्ट है और झामुमो का हर नेता और कार्यकर्ता यह अच्छी तरह जानता है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनकी विरासत संभाल रहे हेमंत सोरेन के जोड़ का नेता उनके पास नहीं है। हेमंत सोरेन ने अपने नेतृत्व में झामुमो को पूरी तरह इंटैक्ट रखा है। यह लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला। भाजपा जिस उत्साह और जोश के साथ सीता सोरेन को अपने साथ लेकर आयी थी, उसको उम्मीद थी कि इससे झामुमो दरकेगा लेकिन जब परिणाम सामने आया, तो यह साफ हो गया कि आज भी झामुमो के लोग शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन को ही अपना आदर्श मानते हैं। सीता सोरेन को हार का सामना करना पड़ा। यह पहला अवसर नहीं है, जब झामुमो के नेता को भाजपा अपने पाले में करके उसे राजनीतिक पटकनी देने की रणनीति अपनायी, लेकिन हर बार उसे नुकसान ही हुआ।

इस तरह साफ है कि झारखंड विधानसभा का आसन्न चुनाव मुद्दों के लिहाज से बेहद आक्रामक और रोमांचक होगा। दोनों पक्षों के पास हालांकि जनता को अपने पक्ष में करने के लिए मुद्दों की कोई कमी नहीं है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इन मुद्दों पर लोग कितना भरोसा करते हैं। इसका जवाब को चुनाव के बाद ही मिल सकता है।

---

# सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा रिजल्ट जारी करने की नहीं मिली सुप्रीम कोर्ट से अनुमति, कहा- पेंचीदा हो सकता है मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट निकालने की फिलहाल अनुमति राज्य सरकार को नहीं दी है। कोर्ट ने कहा है कि अभी रिजल्ट प्रकाशित करने से कई सफल अभ्यर्थियों को प्रतिवादी बना कर नोटिस जारी करना पड़ेगा। इससे मामला पेचीदा हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है, इसलिए फाइनल सुनवाई के लिए 3 सितंबर की तिथि निर्धारित की जाती है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल माह में सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार और जेएससीसी को निर्देश दिया था कि वह सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना सहायक आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट प्रकाशित नहीं कर सकती है। मामले में सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से आवेदन देकर सहायक आचार्य परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की अनुमति मांगी गयी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दलील को नहीं सुना। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि सहायक आचार्य का रिजल्ट अभी जारी हो जायेगा तो मामला पेंचीदा हो जायेगा। सफल अभ्यर्थियों को प्रतिवादी बना कर नोटिस जारी करना होगा। वहीं झारखंड सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 27 अप्रैल को सहायक आचार्य की परीक्षा हो चुकी है, जिसमें कई अभ्यर्थी जिसमें प्रार्थी भी शामिल हैं अपनी परीक्षा दे चुके हैं। परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं होने से दिक्कत हो रही है। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण एवं झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट से कहा कि सहायक आचार्य परीक्षा का रिजल्ट जारी करने के पूर्व सुप्रीम कोर्ट से अनुमति लेने संबंधी आदेश सुप्रीम कोर्ट ने पारित किया था। इसके बावजूद जेएसएससी ने अपनी वेबसाइट पर कैलेंडर जारी कर दर्शाया है कि सहायक आचार्य परीक्षा का रिजल्ट सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जायेगा। जेएसएससी की वेबसाइट को देख कर ऐसा लगता है कि राज्य सरकार एवं जेएसएससी को पहले से अनुमान हो गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सितंबर माह तक रिजल्ट निकालने की अनुमति प्रदान कर दी जायेगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में झारखंड टेट (जेटेट) पास अभ्यर्थी की ओर से सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास और झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास अभ्यर्थी को शामिल करने के खिलाफ एसएलपी दाखिल की गयी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी एवं न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण एवं हाई अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की।

**हाइकोर्ट ने सीटेट अभ्यर्थियों को तीन साल में प्रथम प्रयास में ही जेटेट परीक्षा पास करने का दिया था आदेश :** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि अगर सीटेट अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो जाती है तो उन्हें तीन साल में प्रथम प्रयास में ही जेटेट परीक्षा पास करनी होगी। अगर झारखंड सरकार तीन साल में जेटेट परीक्षा आयोजित नहीं करती है तो अभ्यर्थियों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जायेगा।



### क्या है मामला

झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने दिसंबर 2023 में अपना फैसला सुनाया था। हाइकोर्ट ने करीब 26001 पदों पर सहायक आचार्य की नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले झारखंड के निवासी अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी थी। जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में झारखंड टेट पास अभ्यर्थियों परिमल कुमार एवं अन्य ने हाइकोर्ट की इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर चुनौती दी थी।

### क्या है सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थी का तर्क

प्रार्थी की ओर से पूर्व की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में बताया गया था कि झारखंड की क्षेत्रीय भाषा संथाली, खोरठा आदि का ज्ञान जेटेट अभ्यर्थियों के पास है क्योंकि उन्होंने इसकी परीक्षा दी है। लेकिन सीटेट अभ्यर्थियों के पास क्षेत्रीय भाषा के रूप में हिंदी या अंग्रेजी विषय का ही नॉलेज है। जब सीटेट शिक्षकों की नियुक्ति झारखंड के प्राथमिक स्कूलों में होगी, तो उन्हें झारखंड के लैंग्वेज में बच्चों को शिक्षा देने में परेशानी होगी। यह राइट टू एजुकेशन का उल्लंघन होगा। झारखंड हाइकोर्ट को ऐसा पॉलिसी डिसीजन लेने का पावर नहीं है, यह अधिकार केवल पार्लियामेंट के पास है।

---

## विधानसभा के मॉनसून सत्र में प्रथम अनुपूरक बजट के लिए मांगा गया प्रस्ताव



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा का आगामी मॉनसून सत्र 26 जुलाई से 2 अगस्त तक आहूत है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी तैयार की जा रही है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागध्यक्ष को पत्र भी लिखा है और प्रथम अनुपूरक के लिए वांछित स्थापना, योजना संबंधी प्रस्ताव हर हाल में 23 जुलाई तक समर्पित करने को कहा है। विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद प्रस्ताव ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। विभागों को कहा गया है कि केंद्र प्रायोजित योजना, केंद्रीय सेक्टर योजना की हिस्सेदारी के परिवर्तन से जुड़े प्रस्ताव, केंद्र और राज्यांश की हिस्सेदारी पैटर्न के अनुसार प्रस्ताव, वित्त वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट के किसी त्रुटिपूर्ण बजटीय उपबंध में सुधार के प्रस्ताव, नया बजटीय उपबंध संबंधी प्रस्ताव, स्थापना व्यय इत्यादि के प्रस्ताव भी मांगे गये हैं।

---

# हाइकोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए गढ़वा, पलामू और लातेहार के डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के उपायुक्त सशरीर उपस्थित हुए। दरअसल पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले में 10 ग्राम सेविकाओं की नियुक्ति को 24 साल बाद अचानक रद्द कर दिया गया था। इसके बाद सभी ग्राम सेविकाओं ने नियुक्ति रद्द करने के खिलाफ और बकाया वेतन और रिटायरमेंट बेनिफिट की मांग को लेकर हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। झारखंड हाइकोर्ट ने वर्ष 2023 में इनकी याचिका स्वीकार करते हुए लंबित वेतन का भुगतान करने और रिटायरमेंट बेनिफिट देने का निर्देश तीनों जिलों के डीसी को दिया था। लेकिन अब तक इस आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। जिस पर नाराजगी जताते हुए अदालत ने उक्त जिलों के डीसी को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को तीनों जिलो के डीसी अदालत में उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को यह जानकारी दी कि दो सप्ताह में अदालत के आदेश का अनुपालन कर दिया जायेगा। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने बहस की। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में हुई।

## किसी कार्य के निष्पादन में देरी आपराधिक विश्वासघात नहीं : झारखंड हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया कि सिर्फ किसी कार्य के निष्पादन में देरी को आपराधिक विश्वासघात नहीं माना जाना चाहिए। दरअसल सिमडेगा सिविल कोर्ट ने शंकर सिंह और सोरथो सिंह को दोषी करार दिया था। दोनों ने कोर्ट के फैसले को हाइकोर्ट मे चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। वर्ष 2006-07 में स्कूल भवन के निर्माण के लिए प्राथियों को 3 लाख 78 हजार 250 रुपये दिये गये थे। यह पैसा आरोपियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। लेकिन तय समय सीमा में स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने शंकर सिंह और सोरथो सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। ट्रायल के बाद कोर्ट ने दोनों को दोषी करार देते हुए सजा भी सुना दी। निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए हाइकोर्ट ने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि सिर्फ कार्य के निष्पादन में देरी आपराधिक विश्वासघात नहीं है, वह भी तब, जब कार्य निष्पादन की समय-सीमा से जुड़ा कोई एग्रीमेंट मौजूद ना हो।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2°c | 24.6°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.13 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



## असम के एडीजी ने झारखंड के डीजीपी को भेजी चिट्ठी

# 'सीएम हिमंता की सुरक्षा पर हुए खर्च का बिल भेजिए, हम दे देंगे'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह को चिट्ठी लिखी है। एडीजी हीरेनचंद्र नाथ ने झारखंड के डीजीपी से कहा है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड दौरे में उनकी सुरक्षा पर जितना भी खर्च आयेगा, आप बिल भेज दीजिए। हम उसका भुगतान कर देंगे। एडीजी हीरेनचंद्र नाथ ने कहा कि चूंकि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड का सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, इसलिए वह विधानसभा चुनाव संपन्न होने तक लगातार झारखंड का दौरा करेंगे। जाहिर है, उनकी सुरक्षा व्यवस्था करनी होती है। पूरे भारत में हिमंता को जेड प्लस सिक्योरिटी मिलती है, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान होते हैं। एडीजी हीरेनचंद्र नाथ ने कहा कि हमारी अपील है कि हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड दौरे में पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करायें। उस पर जो खर्च आयेगा, हम भुगतान करेंगे। दरअसल, पिछले दिनों झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि हिमंता बिस्वा सरमा और शिवराज सिंह चौहान झारखंड में पॉलिटिकिल टूरिज्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हर हफ्ते झारखंड आते हैं। विभिन्न इलाकों का दौरा करते हैं। प्रोटोकॉल के मुताबिक हमें उनके लिए सिक्योरिटी सहित अन्य इंतजाम करने पड़ते हैं। इसका सारा वित्तीय बोझ राज्य सरकार को वहन करना पड़ता है। इसका जवाब देते हुए हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा था कि उनके झारखंड दौरे में सुरक्षा पर जितना भी खर्च होता है, वह इसका भुगतान कर देंगे।



# मुख्यमंत्री 23 को बांटेंगे नियुक्ति पत्र

- जुडको द्वारा नवनिर्मित कुष्ठ आश्रम का भी होगा उद्घाटन
- 24 जुलाई को ताज होटल के साथ होगा एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देते समय घोषणा की थी कि नियुक्ति का यह सिलसिला जारी रहेगा। इसी क्रम में अब 23 जुलाई को एक बार फिर नियुक्ति पत्र बांटा जा रहा है। मुख्यमंत्री नगर विकास विभाग समेत अन्य विभागों के तकनीकि कर्मियों को नियुक्ति पत्र देंगे। साथ ही मुख्यमंत्री इसी दिन जुडको द्वारा धुर्वा के मुडमा मौजा में नवनिर्मित कुष्ठ आश्रम का भी उद्घाटन करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री 24 जुलाई को एचइसी स्थित रांची स्मार्ट सिटी में पांच सितारा होटल ताज के लीज एमओयू तथा बिरसा मुंडा संग्रहालय सह पार्क में टाटा स्टील द्वारा बनवाये गये थंब इप्रेशन का उद्घाटन करेंगे।

**183 अभ्यर्थियों को मिलेगा नियुक्ति पत्र:** मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट भवन के सभागार में विभिन्न विभागों के लिए चयनित कुल 183 तकनीकी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। जिसमें मुख्य रूप से नगर विकास विभाग के लिए 58 कनीय अभियंता, परिवहन विभाग के लिए 40 एमवीआइ पेयजल के लिए 22 कनीय अभियंता और 28 एटीपी के लिए तकनीकी कर्मी शामिल हैं।

### नगर विकास विभाग तैयारी में जुटा

नगर विकास विभाग कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर जुट गया है। विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्यों को ससमय तेजी से पूरा कर लिया जाय, जिससे किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार, निदेशक नगरीय प्रशासन सत्येंद्र कुमार, नगर विकास विभाग के अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव मनोहर मरांडी, जुडको के पीडीएफ अमित चक्रवर्ती, जीएम बिनय कुमार राय, रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार, समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सीएम हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे मधुबन

## मरांग बुरु स्थित दिशोम मांझीथान में की पूजा-अर्चना



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को गिरिडीह के मधुबन पहुंचे और दिशोम मांझीथान में पूजा अर्चना की। हालांकि पहली बार ऐसा था कि वे अकेले मांझीथान नहीं आये थे बल्कि अपनी धर्म पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ मधुबन स्थित मरांग बुरू पहुंचे और दोनों ने साथ में ही बहुत श्रद्धाभाव से दिशोम मांझीथान में पूजा-अर्चना की।

इस दौरान मौके पर मांझीथान में मुख्य पुजारी सुधीर बास्के सहित संथाली समाज के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ सुबे के मुखिया हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन का स्वागत किया। मौके पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार शर्मा भी मौजूद थे।

# अमित शाह से किन दागी नेताओं को मिलवायेगी भाजपा : सुप्रियो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को रांची आ रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री के रांची दौरे से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जमीन घोटाले में आरोपी और फरार कमलेश कुमार की केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ मुलाकात वाली तस्वीर जारी कर एक बड़ा राजनीतिक धमाका किया है। झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने पिछले मई महीने की एक तस्वीर मीडिया में जारी की है, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और बाबूलाल मरांडी के साथ इडी के आरोपी कमलेश कुमार भी दिख रहा है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूछा कि क्या शनिवार को जब केंद्रीय गृहमंत्री मंत्री अमित शाह रांची आयेंगे तो उनकी मुलाकात भी अलग-अलग आरोप में फंसे लोगों से होगी। अगर बाबूलाल मरांडी ने इसकी कोई योजना बना रखी है तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए।

**इडी के स्पेशल डायरेक्टर बने हुए हैं बाबूलाल मरांडी :** सुप्रियो ने कहा कि दरअसल राज्य में बाबूलाल मरांडी प्रवर्तन निदेशालय का स्पेशल डायरेक्टर बने हुए हैं। जो यह तय करते हैं कि किसके खिलाफ इडी को करवाई करनी है और किन-किन आरोपियों-भ्रष्टाचारियों से झारखंड आने वाले केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करवानी है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में जो भी लोग भाजपा की नीतियों का विरोध करते हैं उस पर इडी कार्रवाई करती है।

**क्या शिवराज सिंह चौहान के झारखंड दौरे का खर्च भारत सरकार वहन करेगी :** झारखंड दौरे पर लगातार आ रहे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड दौरे पर होने वाले खर्च को लेकर भी झामुमो ने सवाल उठाया है। असम के एक अधिकारी द्वारा झारखंड के डीजीपी को लिखे पत्र को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम में होने वाले खर्च को असम सरकार कैसे वहन करेगी। यह बड़ा सवाल है कि ऐसे में भारत सरकार को यह जवाब देना चाहिए कि क्या केंद्रीय कृषि मंत्री के झारखंड दौरे का खर्च भारत सरकार खर्च कर करेगी।

### भाजपा के अंदर हो रही घुसपैठ से कैसे निपटेंगे अमित शाह : झामुमो

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अब अपने कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं रह गया है। इसलिए वह भ्रष्टाचारियों की मदद ले रही है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी के अंदर ही घुसपैठियों की जमात है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर नेता प्रतिपक्ष तक शामिल हैं। ऐसे में गृहमंत्री इन घुसपैठियों से कैसे निपटेंगे, यह बड़ा सवाल है।

# वार्ता विफल: सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज

- मुख्यमंत्री आवास घेरने पहुंचे थे सहायक पुलिसकर्मी
- 12 से अधिक घायल, 6 गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज किया गया। सरकार के साथ वार्ता विफल होने के बाद वे कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे थे। तभी बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे बढ़ने के क्रम में पुलिस के साथ झड़प हो गयी। जिसके बाद पुलिस ने सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज किया।

गौरतलब है कि सहायक पुलिसकर्मी अपनी विभिन्न मागों को लेकर आंदोलनरत हैं। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मी सीएम आवास घेरने के लिए जाने वाले थे। उससे पहले ही डीजीपी की अध्यक्षता में सरकार के द्वारा सहायक पुलिसकर्मियों को वार्ता के लिए बुलाया गया। वार्ता में सहायक पुलिसकर्मियों को सरकार के द्वारा अनुबंध बनाये जाने बहाली में आरक्षण और वेतन वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया। सरकार क तरफ से अनुबंध एक वर्ष बढ़ाने और वेतन भत्ते में बीस फीसदी के बढ़ोत्तरी का प्रस्वाव था। सहायक पुलिस कर्मी सरकार द्वारा दिये गये आश्वासन को मानने से इंकार दिया गया। इसके बाद वे मुख्यमंत्री आवास के घेराव के लिए निकल गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक पुलिसकर्मी काफी उग्र थे। उन्होंने पुलिस वाहनों को क्षति पहुंचाई। जबरन बैरियर तोड़ कर मुख्यमंत्री आवास बढ़ने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकनि वह नहीं मानें। अंत में उन्हें रोकने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इसमें 12 से अधिक सहायक पुलिस कर्मियों के घायल होने की सूचना है, जिनमें 6 को गंभीर चोट लगी है।

# तुलसी पाहन के आतंक से हलकान हैं अनगड़ा के ग्रामीण

- जिला बदर है, लेकिन रहता है घर में ही, पुलिस का नहीं रह गया खौफ
- पीएलएफआइ का है एरिया कमांडर, ग्रुप बना कर करता है उत्पात
- ग्रामीणों ने रखी है रविवार को बैठक
- जमीन कब्जा करना, मारपीट कर लोगों में दहशत पैदा करना और रंगदारी वसूलना मुख्य पेशा
- कभी वह थार गाड़ी में घूमता है, तो कभी खुली जीप और कार में

आजाद सिपाही संवाददाता



तुलसी पाहन



**रांची।** रांची के अनगड़ा इलाके में इन दिनों तुलसी पाहन गिरोह का आतंक है। तुलसी पाहन पीएलएफआइ से जुड़ा है। संगठन में एरिया कमांडर के पद पर है। उसका आपराधिक इतिहास और आतंक को देखकर प्रशासन ने उसे जिला बदर करने का आदेश दिया। लेकिन जिला प्रशासन का यह आदेश कागजी साबित होकर रह गया है। तुलसी पाहन लगातार अपने गांव में ही रहता है। उसका आपराधिक कारनामा अब भी समय-समय पर आता रहता है। लूट, छिनतई, रंगदारी, मारपीट जैसे कई आपराधिक मामले उसके खिलाफ लंबित हैं। कई मामलों में उसे जमानत मिल गयी है। कुछ में ट्रायल चल रहा है। इस बीच उसका दुस्साहस यह है कि वह चार-पांच लड़कों की टोली बना कर अपराध की घटना को अंजाम देता है। ऐसी ही एक घटना सामने आयी है। 15 जुलाई को अनगड़ा प्रखंड के मासू गांव के चार लड़के बारात जा रहे थे। रात के साढ़े नौ बजे हेसल कब्रिस्तान पुल के नजदीक तुलसी पाहन और अजय सिंह बैठ कर शराब पी रहे थे। लड़कों को देख कर तुलसी पाहन ने पूछा कौन हो तुम लोग। लड़कों ने जवाब दिया कि हम लोग मासू के रहनेवाले हैं। इसमें राम रतन महतो, राजेश और अन्य दो शामिल थे। तुलसी पाहन ने इतना सुनते ही बोला कि तुम लोग मेरे सामने इतनी तेज आवाज में बोलते हो। इसी बीच उसने अपनी बेल्ट खोल कर रामरतन महतो को पीटना शुरू किया। बाकी युवकों को भी उसने पीटा।

इसके बाद उसने युवकों को पिस्टल भी सटा दिया। जब युवकों ने इस घटना की गांव वालों को जानकारी दी, तो गांववाले वहां पहुंचे। उन्हें देख कर तुलसी पाहन और अजय सिंह वहां से भाग गये। इस घटना की लिखित शिकायत उसी दिन अनगड़ा पुलिस से की गयी थी। पुलिस को बताया गया कि तुलसी पाहन ने युवकों को पीटा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिलाबदर होने के बाद भी वह अपने गांव के आसपास और रात में घर में ही कैसे रहता है। उसका मुख्य धंधा जमीन कब्जा कराना, जमीन मालिकों को हड़काना और मारपीट कर खौफ पैदा करना है। शिकायत के बाद अनगड़ा पुलिस ने बताया कि उसकी धरपकड़ के लिए कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने पीड़ित बच्चों को बताया कि तुलसी पाहन का लोकेशन नहीं मिल रहा है। कभी पुंदाग तो कभी नेपाल में शो करता है। जबकि सच तो यह है कि तुलसी पाहन अपने गांव जमुआरी में ही रह रहा है। उन युवकों ने अनगड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी से मुलाकात की और उन्हें अपनी पीड़ा बतायी। उन्होंने भी अनगड़ा पुलिस से संपर्क साधा और तुलसी पाहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर खबर यह है कि तुलसी पाहन युवकों को धमका रहा है। चारों युवक डरे हुए हैं। अब गांव वालों ने तय किया है कि अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी, तो रविवार को बैठक कर कोई बड़ा निर्णय लिया जायेगा।

भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला हमला, कहा-

# फोटो वॉर में राज्य सरकार ने करोड़ों रुपयों का किया बंटाधार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि फिजूलखर्ची की बात करनेवाली राज्य सरकार ने सिर्फ फोटो वॉर में करोड़ों रुपयों का बंटाधार कर दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा को भाजपा के केंद्रीय नेताओं के दौरे पर आना फिजूल खर्ची लगता है। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा पूर्णता फंड किये जाने वाले मोबाइल वेटरिनरी क्लिनिक वैन योजना सिर्फ फोटो वॉर के कारण बबार्दी के कगार पर है। प्रतुल ने कहा कि इसी तरह गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के लिए 66 लाख थैले बनवाये गये थे जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की तस्वीर लगी हुई थी। थैलों में योजनाओं का भी जिक्र था। इनमें से सिर्फ 22 लाख थैली बांटी गयी। जबकि 44 लाख थैली को नहीं बांटा गया। प्रतुल ने कहा यह विशुद्ध रूप से सरकारी खजाने का दुरुपयोग है क्योंकि पिछले 5 महीना से थैली को नहीं बांटना यह दिखा रहा है कि हेमंत सोरेन सिर्फ खुद का चेहरा चमकाने में विश्वास रखते हैं। इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की तस्वीर वाली बाकी बची हुई थैली को बांटने नहीं दिया।

**सहायक पुलिस कर्मियों पर लाठी चार्ज सरकार की बर्बरता की निशानी**

प्रतुल शाह देव ने कहा कि आज अपनी जायज मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे सहायक पुलिसकर्मियों पर सरकार ने बर्बरता का परिचय दिया। असहाय और निहत्थे सहायक पुलिसकर्मियों को लाठियां से पीटा गया। कई के सिर फट गये। यह सहायक पुलिसकर्मी सिर्फ सरकार के दिये गये पूर्व के आश्वासन को अमल में लाने की मांग के कारण आंदोलन कर रहे थे। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार और तारीक इमरान भी उपस्थित थे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — धर्म-आधात्म्य में रूचि बढ़ेगी, नौकरी-व्यापार में अवरोध,परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता।
- **वृष** — प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है। गृह-भूमि-वाहन का सुख मिलेगा।
- **सिंह** — रोजी-रोजगार में सफलता, रूका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या** — बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** — परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** — जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा,महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा,रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। नई जॉब मिलने की संभावना।
- **मीन** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

### आलमगीर आलम की जमानत अर्जी पर जवाब के लिए इडी ने मांगा समय, सुनवाई 27 को

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत अर्जी पर पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने इडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई निर्धारित की है। बता दें कि 15 मई को इडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी से पहले इडी ने समन जारी कर इडी दफ्तर बुलाया था और पूछताछ की थी। 4 जुलाई को इडी पूर्व मंत्री आलमगीर के आप्त सचिव संजीव लाल और जहांगीर आलम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर समेत नौ की अब तक गिरफ्तारी हुई है, 3000 करोड़ की प्रोसीड का क्राइम के तहत इडी ने कार्रवाई की है। इडी की जांच में 35 करोड़ से अधिक का नगद बरामद हुआ था। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32.20 करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं.; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; ई.एम.डी.: (1) आरएसओ-एचवी-टीएटीए-24-26-7, दिनांक 18.07.2024;** टाटानगर लॉबी से कान्ड्रा/बिरराजपुर/गामहरिया/सिनी/आसनबोनी तक क्रू एवं गार्ड को उनके सामग्रियों के साथ ले जाने एवं वहां से वापस लाने के लिए 02 वर्षों के लिए चौबीसों घंटे हेतु दो (02) अदद गैर-वातानुकूलित सड़क वाहन (टाटा सूमो/बोलेरो अथवा समतुल्य वाहन) किराए पर लेना; रु. 90,39,845.48; रु. 1,80,800; **(2) एचवी-बीएनडीएम-आरओयू-24-26-8, दिनांक 18.07.2024;** राउरकेला लॉबी से कलुंगा/कांसबहाल/राजगंगपुर तक (02 अदद वाहन) तथा बंडामुंडा लॉबी से बिसरा/बांगुरकेला/नुआगाँव तक (02 अदद वाहन) क्रू एवं गार्ड को उनके सामग्रियों के साथ ले जाने एवं वहां से वापस लाने के लिए 02 वर्षों के लिए चौबीसों घंटे हेतु चार (04) अदद गैर-वातानुकूलित सड़क वाहन (टाटा सूमो/बोलेरो अथवा समतुल्य वाहन) किराए पर लेना; रु. 1,18,15,998.96; रु. 2,09,100; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **ई-निविदा खुलने का स्थान:** दोनों के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए दिनांक 09.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए दिनांक 09.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। दोनों के लिए निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-402)

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

बैच संख्या– 35/2024

आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है। **(1) निविदा सं०: 39245305, सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** गल्वेनाइजद स्ट्रैंडेड स्टील फ्लेक्सिबल ट्रैक्शन बांड विथ लूग बोथ एंड लेंग्थ–03 मीटर, **मात्रा: 3000 Set., निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 16 जुलाई 2024.16:36 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 08 अगस्त 2024. 14:00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है। **व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पूमरे, धनबाद**

पीआर/00711/डीएचएन/एसटीओआरई/टी/24–25/28

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 — नई दिल्ली, दिनांक : 18.07.2024

**शुद्धिपत्र -IX**

**विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 29.08.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303**

उपरोक्त निविदा की तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है एवं निविदा खोलने की तिथि 31.07.2024 को बढ़ाकर 29.08.2024 कर दिया गया है। द्वितीय पूर्व बोली सम्मेलन दिनांक 01.08.2024 को बोर्ड ऑफिस में आयोजित की जायेगी। सभी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने सभी संबंधित शंकाओं को निर्धारित समय से पूर्व बोर्ड ऑफिस में प्रेषित करें। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

2188/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
No 1 Channel
Subscribe NOW



# गिग वर्कर्स को अधिकार के साथ सम्मान देना हेमंत सरकार की प्राथमिकता : सत्यानंद भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रम नियोजन विभाग के द्वारा गिग वर्कर्स के सामाजिक सुरक्षा व न्यूनतम पारिश्रमिक पर झारखंड में अच्छे कार्यों को बढ़ावा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। रांची के रैडिशन ब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम का राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोगता ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। एकदिवसीय परामर्श कार्यशाला का उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतनमान एवं सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा के माध्यम से राज्य केंद्रित नीति निर्माण को गति देना और गिग अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों के लिए उच्च स्तर पर उनके कार्य व अनुभवों पर आधारित अवसरों एवं चुनौतियों को साझा करने का अवसर प्रदान करना था।



**कंपनियों के प्रतिनिधि कार्यशाला में शामिल हुए**

श्रमायुक्त सह मिशन निदेशक झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी संजीव कुमार बेसरा ने कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, विभागीय अधिकारियों, आइएलओ के प्रतिनिधियों एवं दूसरे राज्यों से आने विभागीय पदाधिकारियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गिग वर्कर्स के लिए एक हितकारी कानून एवं नीति निर्माण की दिशा में आपके सुझाव उपयोगी साबित होंगे और हमारे प्रयास और इस प्रक्रिया को नयी दिशा मिलेगी।

**मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत 17,490 छात्र-छात्राओं को 10,67,46,000 करोड़ राशि का भुगतान :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि राज्य में गिग वर्कर्स के लिए उचित एवं न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक कानून लाया जा रहा है, जो संभवतः देश में ऐतिहासिक और पहला राज्य झारखंड होगा। इस कार्यशाला के माध्यम से गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा के माध्यम से राज्य केंद्रित नीति निर्माण को तेजी गति प्रदान करना है। कार्यशाला के दौरान मंत्री ने कार्यक्रम में भाग लेने आये गिग वर्कर्स को शॉल देकर सम्मानित किया। साथ ही मुख्यमंत्री सारथी योजना के सफल उम्मीदवारों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया। कार्यशाला के दौरान मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत श्रमिकों के बच्चों को डायरेक्ट बेनेफिट्स ट्रांसफर के जरिये छात्रवृति प्रदान की गयी, जहां 17,490 छात्र-छात्राओं को 10,67,46,000 करोड़ राशि का भुगतान ऑनलाइन किया गया।

सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मुकेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारा देश आज के समय में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में हम तेजी से बढ़ रही गिग अर्थव्यवस्था में संलग्न गिग वर्कर्स को वर्क फॉर्म की किस श्रेणी में रखते हैं, ये महत्वपूर्ण है, ताकि आने वाले समय में गिग वर्कर्स को न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, उचित एवं सुरक्षित काम के घंटे का भरोसा दे सकें।

मिचिको मियामोतो, कंट्री डायरेक्टर, आईएलओ ने विभाग की इस पहल के लिए झारखंड सरकार की सराहना करते हुए कहा, गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और हमें इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों से खुद को अवगत कराते रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि गिग अर्थव्यवस्था व्यवसाय एवं रोजगार के लिए नया आयाम साबित होगा, जहां हर तरह के लोगों के लिए चाहे वो शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**मौके पर ये रहे मौजूद :** उक्त कार्यशाला कार्यक्रम के दौरान मोटो कंटरी आइएलओ डायरेक्टर मिचिको, श्रम विभाग सचिव मुकेश कुमार, कर्नाटक श्रम विभाग अपर सचिव डॉ। मंजुनाथन, तेलंगाना श्रमायुक्त डॉ ए गंगाधर, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा, श्रम संगठनों के प्रतिनिधि गण, गिग वर्कर्स प्रतिनिधि समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी के सम्मान में फुलकोर्ट फेयरवेल रिफरेंस

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी के सम्मान में शुक्रवार को फुलकोर्ट फेयरवेल रिफरेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष रितु कुमार, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने चीफ जस्टिस की जीवनी एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। इससे पहले हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने चीफ जस्टिस बीआर सारंगी द्वारा न्यायिक सेवा में दिये गये योगदान एवं कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर हाइकोर्ट के सभी जज, वरीय अधिवक्ता, हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, हाइकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारी, कई अधिवक्ता उपस्थित थे। चीफ जस्टिस की विदाई पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुक्रवार को चीफ जस्टिस बीआर सारंगी का अंतिम कार्य दिवस था। फुलकोर्ट फेयरवेल रिफरेंस का आयोजन कोर्ट नंबर 1 में किया गया। बता दें कि जस्टिस बीआर सारंगी ने झारखंड हाइकोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में बीते 5 जुलाई को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बैंक ऑफ इंडिया ने किसान दिवस का किया आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। बीओआइ प्रधान कार्यालय के चीफ जनरल मैनेजर सुधीरंजन पाढ़ी तीन दिवसीय दौरे पर रांची शहर में उपस्थित हैं। इस अवसर का लाभ उठाते हुए बीओआइ की ओर से एक भव्य किसान दिवस उत्सव का आयोजन ग्राम-सपारोम, नगड़ी में किया गया। गौरतलब है कि बैंक ऑफ इंडिया संपूर्ण जुलाई माह को किसान माह के रूप में मनाता है। समारोह में 400 से अधिक किसानों व महिला उद्यमियों ने पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ हिस्सा लिया। श्री पाढ़ी ने राष्ट्र में कृषक वर्ग के अभूतपूर्व योगदान के लिए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने उपस्थित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपते हुए सबका मनोबल बढ़ाया। समारोह में सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा बनाये गये उत्पादों का व्यापक प्रदर्शन भी किया गया। सहायक महाप्रबंधक एके पांडे ने इस प्रयास की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन उप आंचलिक प्रबंधक बनिता मोहापात्रा द्वारा किया गया। समारोह को सफल बनाने में मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार तथा अंचल विपणन प्रमुख अनुराग वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अजय गौतम समर्थकों संग एलएपी में हुए शामिल




कांके (आजाद सिपाही)। रांची लोकहित अधिकार पार्टी जिला की पहली कार्यसमिति बैठक रांची जिला पार्टी कार्यालय दानवीर भामाशाह नगर रिंग रोड सुकुरहुटू आइटीबीपी चौक पास हरिनाथ ट्रेडर्स परिसर हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता एवं संचालन महासचिव विजय राय ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान महासचिव मोहम्मद अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू की उपस्थिति में सलामी क्रिकेटर रांची जिला मिटाली क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी कोच अजय गौतम ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में विशेष रूप से पार्टी के जिला महासचिव देवपूजन ठाकुर, विजय राय, उपाध्यक्ष मुकुल नायक, मीना देवी महतो, सचिव कपिल साहू, होलिका मुंडा, प्रवक्ता डॉ. दानेश्वर साहू, जनक प्रजापति, बिंदेश्वर साहू, जुल्फान अंसारी, अब्दुल कलाम अंसारी, धनंजय साहू, प्रवीण महतो, संजय लोहरा, अहमद खान, अख्तर अंसारी, साहिल अहमद, गुल्फान अंसारी, मुकेश महतो आदि उपस्थित हुए।

### नीतीश कुमार से मिले झारखंड जदयू के नेता



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पटना में बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिले। नीतीश कुमार ने झारखंड में होने वाले चुनाव के संबंध में लंबी बातचीत की। इस क्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह एवं झारखंड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी भी उपस्थित रहे। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनडीए गठबंधन में ही झारखंड में जदयू चुनाव लड़ेगी। साथ ही साथ पूरे झारखंड में जदयू के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर अपनी तैयारी करेंगे ताकि एनडीए के प्रत्याशी का जीत सुनिश्चित कर सके इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह, प्रदेश महासचिव सरवन कुमार, प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह, प्रदेश युवा अध्यक्ष निर्मल सिंह उपस्थित थे।

### झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने ज्ञापन सौंपा




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केके वर्मा से मिलकर वार्ता की एवं ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में श्री वर्मा ने श्रमिक संघ को आश्वासन देते हुए कहा कि इसमें जितने भी मुद्दे हैं जो न्याय उचित होंगे उस पर कार्रवाई होगी। इस संबंध में उन्होंने विभागीय कार्रवाई को लेकर अनुमोदन किया । अजय राय ने कहा की विभाग में एरियर के नाम पर आउटसोर्स एजेंसियों ने लगभग 6 करोड़ रुपये से ज्यादा मानव दिवस कर्मियों का हक की कमाई का घोटाला किया है। जिसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की ।ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में अजय राय, विजय सिंह, मुकेश साहू, प्रवीन कुजूर, अनिकेत सिंह, अशोक महतो, सुधीर महतो, अवधेश कुमार, अजय पासवान, सतेंदर कुमार, राजभलभ यादव सहित अन्य शामिल हुए।

### सैनिक मार्केट की दुकानें खाली करने के आदेश पर हाइकोर्ट की रोक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने रांची जिला प्रशासन द्वारा मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट की दुकानों को खाली कराये जाने के आदेश पर रोक लगा दी है। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। दरअसल जिला प्रशासन ने सैनिक मार्केट के कई दुकानदारों को दुकानें खाली करने का आदेश दिया था। जिला प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ राम नथुन साह और अन्य पूर्व सैनिकों ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने बहस की।

# बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने बड़कागांव की घटना की जांच कर डीजीपी को सौंपी रिपोर्ट

**घटना में संलिप्त पदाधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में बीजेपी का एक प्रतिनिधिमंडल 17 जुलाई को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के महूदी में जिला प्रशासन और हिंदुओं के बीच हुई झड़प की घटना की जांच करने पहुंचा था। घटना की जांच के बाद प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के डीजीपी से मुलाकात कर उन्हें अपनी रिपोर्ट सौंपी है। डीजीपी से मुलाकात करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बताया कि महूदी गांव में पिछले 40 वर्षों से रामनवमी का जुलूस निकालने नहीं दिया गया है। इस मामले में वर्ष 2019 में उपायुक्त की अध्यक्षता में हिंदुओं एवं मुस्लिमों के साथ हुई वार्ता में रामनवमी झंडा के जुलूस के बदले तिरंगा झंडा निकालने पर सहमति बनी, वहीं इस बात का आश्वासन भी दिया गया कि अगले वर्ष से रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति दे दी जायेगी। लेकिन कोविड के कारण जुलूस नहीं निकाला गया। उसके बाद से जब भी हिंदुओं ने रामनवमी का जुलूस निकालने का लाइसेंस मांगा, तो जिला प्रशासन की तरफ से टाला गया। इस वर्ष भी महावीर झंडा हिंदुओं के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया, लेकिन झंडा वापसी के समय जिला के सीओ, एसडीपीओ एवं एसडीएम ने झंडा को वापस नहीं जाने दिया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। महावीरी झंडा की वापसी के लिए ग्रामीण शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे। इसी दौरान जिला प्रशासन ने मुहर्रम जुलूस को हिंदू क्षेत्र से पार कराने के लिए धरना दे रहे हिंदुओं पर लाठी चार्ज किया, जिससे कई ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गये। साथ ही कई बेकसूर हिंदुओं के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तारी की गयी। उन्होंने कहा कि जो काम आज तक के इतिहास में मुगल और अंग्रेजों ने नहीं किया, वो आज जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार ने कर दिया है। भारत आजाद है और यहां हर किसी को अपने अनुसार जीने का अधिकार है। राज्य सरकार की यह तुष्टीकरण की राजनीति चलने नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जब से झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार आयी है, तब से एक विशेष समुदाय को अपने राजनीतिक हित साधने के लिए और वोट की राजनीति करने के लिए तुष्टीकरण कर रही है, जिसका दुष्परिणाम यह है कि राज्य की शांति व्यवस्था और आम लोगों के जान माल का नुकसान हो रहा है। वहीं हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि हजारीबाग के कई क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि यज्ञ यात्रा के दौरान मुसलमानों ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। उनके साथ मारपीट की। इस मामले पर एफआइआर भी दर्ज की गयी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक राजनीतिक जुलूस पर भी मुसलमानों के द्वारा हमला किया गया, लेकिन उस पर भी आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी।



भाजपा प्रतिनिधिमंडल की मांग है कि महूदी के हिंदू पक्ष को रामनवमी का जुलूस निकालने का लाइसेंस अविलंब दिया जाये। महूदी घटना में संलिप्त सीओ, एसडीपीओ, एसडीएम को अविलंब बर्खास्त किया जाये। आंदोलन के क्रम में हुए मुकदमों को वापस लिया जाये। पाकुड़ के तारानगर, इलाही बस्ती में विशेष समुदाय द्वारा हिंदुओं के घर में तोड़ फोड़ की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। पाकुड़ जिला के गोपीनाथपुर गांव में हुई घटना में सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। फिलिस्तीन झंडा दिखाने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, राजमहल विधायक अनंत ओझा, जमुआ विधायक केदार हाजरा, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया सिमरिया विधायक किशुन दास उपस्थित थे।

# आम के आम और गुठलियों के भी दाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुरेश साहू ने झारखंड के निवासियों एवं रांची नगर निगम से आग्रह किया है कि आम खाकर गुठली न फेंके। यदि आप आम की गुठली साहू नर्सरी सपारोम पिस्का नगड़ी रांची में देते हैं, तो प्रति गुठली 50 पैसे मिलेगा। इससे झारखंड में बाहर से आम लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी एवं सभी तरह के आम भरपूर या प्रचुर मात्रा में सभी को खाने को मिलेगा। खनिज संपदा के साथ-साथ फलों के राजा आम भी झारखंड में अपना एक अलग पहचान बनेगा एवं साहू का सपना साकार होगा।

# एमसीसी कमांडर नकुल यादव और दिलीप चंद्रवंशी को सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दीवाकर पांडेय की कोर्ट ने एमसीसी के एरिया कमांडर नकुल यादव और दिलीप चंद्रवंशी को सात साल की सश्रम कारावास की सजा और 50 हजार का जुर्माना लगाया। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना नहीं देने की स्थिति में दोषी को सात माह का अतिरिक्त कारावास होगा। नकुल यादव के खिलाफ रांची जिला के खलारी थाना में वर्ष 2002 में कांड संख्या 42 दर्ज किया गया था। इस केस का ट्रायल पीओटी के तहत चला। इस केस में अभियोजन की ओर से कुल सात गवाहों की गवाही करवायी गयी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएन शमी ने पक्ष रखा और बहस की।

# डीएसपीएमयू में नये रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगे : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

## डीएसपीएमयू में कुलपति की अध्यक्षता में एकेडमिक काउंसिल की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे एकेडमिक काउंसिल की बैठक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कॉन्फ्रेंस हॉल में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। एकेडमिक काउंसिल की इस बैठक में सर्वप्रथम 13 सितंबर 2023 को हुए पिछले एकेडमिक कॉउंसिल के प्रस्तावों की संपुष्टि की गयी। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बैठक काफी महत्वपूर्ण रही। इस बैठक में स्वपोषित आधार पर विश्वविद्यालय के इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर विभाग के अंतर्गत स्नातकोत्तर अंग्रेजी का पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम की शुरुआत, संस्कृत के स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन के साथ विश्वविद्यालय में कई नये पाठ्यक्रम की पढ़ाई जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और खेल मनोविज्ञान की पढ़ाई शुरू करने संबंधी प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके अलावा बैठक में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के अंतर्गत संचालित किये जानेवाले बीबीए पाठ्यक्रम के मॉर्निंग और इवनिंग सत्र में सीटों की संख्या 120 पर सीमित रखने के लिए भी सहमति बनी। यह भी तय किया गया कि आनेवाले सत्र से स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में नामांकन हेतु राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, मैट, जैट के स्कोर के आधार पर भी नामांकन लिये जाने का प्रावधान होगा। विश्वविद्यालय में सभी एकेडमिक कार्यकलापों के लिए विभागीय स्तर पर विषय विशेषज्ञों की सूची पर भी प्रस्ताव के उपरांत निर्णय लिया गया। नये पाठ्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय गुणवत्ता और स्किल डेवलपमेंट का है, हम अपने पारंपरिक पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट कैसे करें, इसे ध्यान में रखते हुए जल्द ही विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स की पढ़ाई शुरू की जायेगी। इसके अलावा बैठक में पीएचडी से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस बैठक में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह , सभी संकायों के डीन, सभी विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयक मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।



# एस्पिरेशन में सरला बिरला के विद्यार्थियों का अद्भुत प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने वाराणसी में आयोजित एस्पिरेशन- 2024 इंटर स्कूल ऑनलाइन विचार-विमर्श अन्वेषण प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में देश भर के 35 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। प्लुरिलॉग्स- मल्टी फॉर्मेट डिबेट्स में कक्षा 8 के वत्सल आर्य और अविक आर्य ने सर्वश्रेष्ठ डेलीगेशन-रिसर्च का पुरस्कार जीता। स्क्रिप्टोरियम- रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 9 की अद्जका नखत आरिफ, कृतिका सरकार और आरूषि राज ने सर्वश्रेष्ठ डेलीगेशन के लिए तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के सम्मिलित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना उन्हें समृद्ध करता है और उनकी रचनात्मकता को पोषित करता है। उन्होंने दूसरों को भी इस तरह की प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।





# अंश ने सीएम को भेंट किया गुल्लक

## मुख्यमंत्री को जेल से रिहा कराने में मदद के लिए गुल्लक में जमा किये थे पैसे

**गुमला के पांच वर्षीय अंश लकड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में गुमला जिला के जारी प्रखंड स्थित सिकरी पंचायत के पगुरा गांव से पहुंचे समाजसेवी शांति लकड़ा और उनके 5 वर्षीय पुत्र अंश लकड़ा ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को अंश लकड़ा ने एक गुल्लक भेंट की। मुख्यमंत्री को शांति लकड़ा ने अवगत कराया कि अंश लकड़ा को जैसे ही यह सूचना मिली कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल गये हैं। अंश लकड़ा ने उसी दिन से अपने पॉकेट खर्च के रूप में मिले पैसों से कुछ पैसे गुल्लक में जमा करना शुरू कर दिया ताकि उन पैसों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहा कराने में मदद की जा सके।



**बच्चों के बीच भी हेमंत सोरेन हैं काफी लोकप्रिय :** राज्य के सुदूर क्षेत्र के बच्चे भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति गहरा लगाव रखते हैं। गुमला जिला स्थित पगुरा गांव के 5 वर्षीय अंश लकड़ा के मन में मुख्यमंत्री के लिए कितना प्यार और स्नेह है, इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहाई में मदद पहुंचाने के लिए इस बच्चे ने अपने पॉकेट मनी से पैसे बचाकर गुल्लक में जमा किये ताकि इन पैसों से मुख्यमंत्री को जेल से रिहा कराया जा सके।

### क्षेत्र भ्रमण में भी गर्मजोशी के साथ मिलते हैं छोटे-छोटे बच्चे

अक्सर यह देखा जाता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जब भी क्षेत्र भ्रमण पर होते हैं या किसी भी सभा को संबोधित करते हैं तब मुख्यमंत्री को देखने तथा उनकी बातों को सुनने बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे भी उपस्थित होते हैं। यूं तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को काफी स्नेह और प्यार हमेशा देते हैं। बच्चों के भविष्य को लेकर मुख्यमंत्री सदैव चिंतित भी रहते हैं। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है।

### अंश लकड़ा के जज्बे को मुख्यमंत्री ने सराहा

मौके पर मुख्यमंत्री ने अंश लकड़ा के जज्बे की सराहना की। मुख्यमंत्री जब अंश लकड़ा से मिले तब उसके दिल में अपने प्रति इतना प्यार और आदर देखकर कुछ पल के लिए भावुक दिखायी दिये। मौके पर अंश लकड़ा की माता शांति लकड़ा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि अंश लकड़ा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपना आदर्श मानते हैं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अंश लकड़ा को अपना स्नेह एवं आशीर्वाद दिया।

# भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट में सहायक पुलिसकर्मियों के आगे से सहायक शब्द हट जायेगा : बाबूलाल मरांडी

**लाठीचार्ज हेमंत सरकार के ताबूत में अंतिम कील साबित होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शुक्रवार देर शाम को मोरहाबादी मैदान पहुंचकर घायल सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात की। सहायक पुलिस कर्मियों पर लाठीचार्ज की बाबूलाल मरांडी ने निंदा की। घायलों से मुलाकात के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में सहायक पुलिसकर्मियों के आगे से सहायक शब्द हट जायेगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलन को कुचलना चाहती है। सरकार इन लोगों से बात तक करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से यहां हटिया के डीएसपी ने महिला सहायक पुलिसकर्मियों को भद्दी-भद्दी गालियां दीं, यह वही डीएसपी है जो साहेबगंज में भी थे जिसने दारोगा रूपा तिर्की की हत्या पर अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया था। ऐसे अफसर को इस मौके पर ड्यूटी में तैनात करने से हेमंत सरकार की मनसा को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह लाठीचार्ज हेमंत सरकार के ताबूत में अंतिम कील साबित होगी। इस मौके पर योगेंद्र प्रताप सिंह, शशांक राज सहित अन्य शामिल थे।





# कृषि मंत्री ने मत्स्य अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सिंह ने शुक्रवार को मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र सह मत्स्य अनुसंधान केंद्र, शालीमार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण, मत्स्य बीज उत्पादन, रंगीन मछली पालन एवं विपणन आदि योजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वह परिसर स्थित हैचरी जाकर वहां हो रहे मछली के जीरा व अंडा उत्पादन की व्यवस्था भी देखी। कार्यालय में जाकर मछली पालकों द्वारा विभागीय प्रशिक्षण के उपरांत किए जा रहे कार्यों की सूची देखी और एक लाभुक स्मिता रंजन से मोबाइल पर बात की। साथ ही किसानों के पंजीयन, प्रशिक्षण आवेदन आदि का अवलोकन भी किया। कार्यालय व परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने साफ-सफाई का निर्देश दिया।



## रांची में लाठी चार्ज पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की कड़ी निंदा

# युवाओं पर बरसी एक-एक लाठी का हिसाब लेगी जनता

**गठबंधन की सरकार ने 5 साल युवाओं पर सिर्फ लाठियां बरसाई**

**युवा हित और रोजगार की बात करने वाले वामपंथियों का असली चेहरा भी सामने आया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झारखंड सरकार के द्वारा सहायक पुलिसकर्मियों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री सेठ ने कहा है कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार रोजगार देने के नाम पर आयी। और पूरे 5 साल रोजगार मांगने वालों पर लाठियां बरसाती रही। सहायक पुलिसकर्मी लंबे समय से अपने स्थायीकरण और अन्य मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करते रहे। इस गठबंधन की सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देशभर में युवाहित और रोजगार की बात करने वाले वामपंथियों का भी इस सरकार को समर्थन प्राप्त है और इस मुद्दे पर तमाम वामपंथी चुप हैं। भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त रहने वाली सरकार ने न्याय मांगने वाले झारखंड के युवाओं पर आज लाठियां बरसायी है, जो बेहद घृणित और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला कृत्य है। कांग्रेस और झामुमो का युवा विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया है। यह लोग राज्यहित की बात करते हैं और न्याय मांगने वाले युवाओं पर लाठियां बरसाते हैं। ऐसी तानाशाह सरकार को याद रखना चाहिए कि जनता सब कुछ याद रखती है। यह लोकतंत्र है। आज युवाओं पर जो लाठियां इस सरकार में बसायी है, एक-एक लाठी का हिसाब जनता इन्हें चुनाव में देगी। श्री सेठ ने यह मांग की है कि इस पूरी गठबंधन की सरकार को इस लाठी चार्ज की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए।



### रांची से भागलपुर के लिए रविवार से चलेगी नयी ट्रेन

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का प्रयास सफल हुआ**

रांची (आजाद सिपाही)। रांची से भागलपुर के लिए विशेष ट्रेन का परिचालन 21 जुलाई से होने वाला है। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन रांची से रविवार और मंगलवार को चलेगी। वही भागलपुर से सोमवार और बुधवार को रांची के लिए चलेगी। रांची से भागलपुर के लिए चलने वाली ट्रेन रांची, मुरी, बरकाकाना, हजारीबाग, कोडरमा, गया, कियुल, होते हुए भागलपुर जायेगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अपने क्षेत्र में रेलयात्री सुविधाओं का विस्तार मेरी प्राथमिकता है। इस ट्रेन के परिचालन से रांची के लोगों को यात्रा करने में सुलभ होगी। ट्रेन के परिचालन को लेकर यहां के लोगों की बहुत पुरानी डिमांड थी, जिसे आज रेल मंत्रालय ने पूर्ण किया। इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति रक्षा राज्य मंत्री ने आभार जताया है।

# 14वीं झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में डीएवी हेहल के सूरज प्रताप सिंह और अर्क राज ने गोल्ड पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में 14 वीं झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी,डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' एस के मिश्रा ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

बताते चलें कि 14 वीं झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 07 जुलाई से 10 जुलाई तक देवघर के सुरेंद्र सिंह शूटिंग रेंज में किया गया था। जहां पूरे राज्य से हर वर्ग के लगभग 200 खिलाड़ी शामिल हुए थे। विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र सूरज प्रताप सिंह ने 'पीप साइट-यूथ मेंस, पीप साइट-जूनियर मेंस एवं पीप साइट-सीनियर मेंस' में तीन स्वर्ण पदक एवं सार्थक राज ने भी तीनों वर्गों में रजत पदक हासिल किया। वहीं ओपन साइट यूथ एवं जूनियर मेंस में अर्क राज ने स्वर्ण पदक व कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा सृष्टि प्रिया ने पीप साइट यूथ वुमेंस वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन सभी की उपलब्धि पर प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि इन सभी ने राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर अपनी-अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इन सभी की उपलब्धि से डीएवी एवं रांची शहर गौरान्वित हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक संजय मंडल, प्रोलॉय करमाकर, एस एम अजीम आदि मौजूद थे।



# सुस्त हुआ मानसून, 49 फीसदी तक कम हुई बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मानसून सुस्त पड़ गया है। अब दो दिनों तक गर्मी सतायेगी। जुलाई आधा गुजर चुका है। तीन-चार दिनों में सावन भी प्रवेश कर जायेगा, लेकिन अब तक झारखंड में जम कर बारिश नहीं हुई है। 1 जून से 18 जुलाई तक राज्य में 49 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बन गया है, जो झारखंड को हल्का छूते हुए ओड़िशा तट की ओर बढ़ रहा है। वहीं, दूसरा साइक्लोनिक टर्फ जैसलमेर-गोपालपुर होते हुए पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रहा है। यह भी झारखंड के बगल से गुजर रहा है, जिससे झारखंड के लगभग सभी जिलों में बादल छाये रहने तथा 20 से 23 जुलाई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। इधर नम हवा के साथ धूप की तपिश उमस भी बढ़ा सकती है। खासकर राज्य के उत्तरी भाग में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न हिस्सों के अधिकतम तापमान दो से चार डिग्री तक बढ़ गया है।

### आधे से भी कम बारिश हुई है अब तक राज्य में

मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 18 जुलाई तक राज्य में सामान्य रूप से 371.2 मिमी बारिश होनी चाहिए थी। जबकि, अब तक सिर्फ 189.9 मिमी ही बारिश हुई है। वहीं, रांची में इस दौरान सामान्य बारिश का रिकॉर्ड 383.9 मिमी है, लेकिन अब तक यहां 187.2 मिमी ही बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक मुसाबनी में 27.4 मिमी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, झारखंड में मॉनसून थोड़ा कमजोर हो गया है, लेकिन, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव बनने से अगले दो से तीन दिनों तक झारखंड में एक बार फिर बारिश होने की संभावना प्रबल है। झारखंड में अगस्त और सितंबर माह में अच्छी बारिश के संकेत हैं।

# शिक्षा सामाजिक पहचान दिलाती है : अर्जुन राम



**भारत विकास परिषद के तत्वावधान में स्कूली छात्राओं के बीच पोशाक वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में उरुगुटु पंचायत स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के बीच पोशाक वितरण किया गया। पोशाक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अथिति जितेंद्र कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष सह भाजपा नेता अर्जुन राम ने पोशाक वितरण किया।

मौके पर अर्जुन राम ने कहा कि शिक्षा हम सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक बहुत ही आवश्यक साधन है। शिक्षा हमें जीवन मे अच्छा संस्कार देती है। हम अपने जीवन में शिक्षा के इस साधन का उपयोग करके कुछ भी अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा का उच्च स्तर लोगों की सामाजिक और पारिवारिक सम्मान तथा एक अलग पहचान बनाने में मदद करती है। इन्हीं सब कारणों की वजह से शिक्षा हमारे जीवन में इतना महत्व रखती है। अतः समाजिक कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस तरह के सामाजिक कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं को ड्रेस का सही उपयोग करने, साफ सफाई पर ध्यान देने, नियमित रूप से विद्यालय आने की बात कही।

मौके पर जीएन सिंह, जीके शर्मा, भारत भूषण, एचपी भगत, बिनोद भंडारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इश्तियाक अहमद की पीएमएलए कोर्ट में उपस्थिति से छूट की अर्जी पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

रांची। कोल लिंकेज मामले में आरोपी हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी के सहयोगी इश्तियाक अहमद की कोर्ट में उपस्थिति से छूट की मांग वाली याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इश्तियाक अहमद ने पीएमएलए की विशेष कोर्ट से सशरीर उपस्थिति से छूट की गुहार लगाते हुए सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दाखिल की है। मामले में इश्तियाक अहमद चार्जशीटेड आरोपी है। इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के खिलाफ इडी ने 15 मार्च को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। इडी की चार्जशीट पर 8 अप्रैल को कोर्ट ने संज्ञान लेकर समन जारी किया था।

# झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी की कार्यकारिणी परिषद की बैठक में लिये गये कई फैसले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी की कार्यकारिणी परिषद की चौथी बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। इसकी कार्यसूची में कुल 10 मुद्दे शामिल थे, जिनका परिषद ने अनुमोदन कर दिया। रजिस्ट्रार द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार बैठक में पिछले साल चार सितंबर को हुई कार्यकारिणी परिषद की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी और उसमें लिये गये निर्णय के अनुसार कार्यवाही प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलगीत का अनुमोदन हुआ और शैक्षणिक परिषद द्वारा 10 फरवरी और 10 जून को आयोजित बैठकों में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया। बैठक में वित्त समिति द्वारा 23 सितंबर, 27 जनवरी, 07 फरवरी, 30 मार्च, 21 जून और 15 जुलाई को आयोजित बैठकों में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के आधार पर तैयार झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय पदाधिकारी, शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के पदों के लिए आरक्षण रोस्टर का अनुमोदन किया गया। विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र से प्री-यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू करने की स्वीकृति दी गयी। विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार (परीक्षा) एवं विशेष कार्य पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए शुरू की गयी प्रक्रिया को भी मंजूरी दी गयी और विश्वविद्यालय अधिकारियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत पद के विरुद्ध आवश्यकता के अनुसार प्रक्रिया को मंजूरी दी गयी। बैठक में दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, यूजीसी, नयी दिल्ली की आवश्यकता के अनुसार सभी पाठ्यक्रमों के नये यूजी/पीजी पाठ्यक्रम, पीपीआर और एसएलएम को मंजूरी दी गयी।




**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.: 323, date: 05.07.2024 I, **MD. AAMIL IMAM SON OF FAZAL IMAM** resident of BARIATU BASTI DISTRICT RANCHI (JHARKHAND) do hereby solemnly affirm on oath that the statement made below are true to the best of my knowledge information and belief.
1. That I am an Indian National by birth.
2. That My come documents i.e. Registered sale deed No. 19869 dated 02.12.2002 Registered Sale deed No. 4843 dated 09.05.1969. Registered sale deed No. 7614 dated 19.07.1988, Gift deed dated 25.01.2010 in favour of **Dr. RIZWAN HAQUE SON OF LATE NAZIRUL HAQUE** Registered Pow of Attorney being Deed No.IV 397 dated 20.07.2010. Registered sale deed No. 6397 dated 30.8.1965 executed in favour of Shrimati Ramdulari Singh wife of Shri Udai Narayan Singh has been lost at BARIATU, UNDER P.S.: BARIATU, RANCHI on 1.07.2024 at 10.30 AM when I am going to photostate the above said documents.
3. That I made this affidavit for Lodge SANHA against the above said lost documents.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.: 2735, date: 02.03.2024 I, UPENDRA KUMAR, Aadhar No. 6405 0773 2434, S/o Chulai Ram, aged about 54 years, by faith Hindu, R/o Sector 3/B, Qtr. No. 46, P.O-Sector 3, P.S-B.S.City, Dist-Bokaro, Jharkhand, Pin-827003 do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:-
1. That, my daughter's real and actual name is **JAANVI KUMARI**, which is mentioned in her Aadhar Card vide no. **4608 1273 5613.**
2. That, my daughter's name has been mentioned as **MAHIMA KUMARI** in my ESI Family details vide ESI No. 6002735634.
3. That, **JAANVI KUMARI & MAHIMA KUMARI** is the same and one person name i.e. my daughter.
4. That, I am swearing this affidavit to submit it before the concerned authority for sameness and oneness of both names of my daughter and for rectification of my daughter's name as **JAANVI KUMARI** in place of **MAHIMA KUMARI** in my ESI Details and in token of proof of the above noted contents and for needful purpose.

# परदे के पीछे का सच

देश में हर साल होने वाली नाबालिग लड़कियों की शादी पर हाल में आयी रिपोर्ट न केवल हैरान करती है, बल्कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और इस पर नये सिरे से काम करने की जरूरत भी रेखांकित करती है। अगर आजादी के आठवें दशक में भी देश में हर मिनट तीन नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है, तो यह स्थिति स्वीकार करने लायक नहीं हो सकती। ये आंकड़े चुभने स्वाभाविक हैं। लेकिन ज्यादा चिंता की बात यह है कि हमने जाने-अनजाने इस सच्चाई पर परदा पड़े रहने का इंतजाम कर दिया था। चाहे नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट हो या समय-समय पर सरकार की ओर से जारी किये जाने वाले अन्य आंकड़े, कोई भी ठीक-ठीक यह नहीं बताता कि हर साल कितनी नाबालिग लड़कियों को गैरकानूनी ढंग से शादी के बंधन में डाल दिया जाता है। ऐसा भी नहीं कि ये आंकड़े इस मामले में पूरी तरह चुप्पी बनाये रखते हैं। मिसाल के तौर पर एनसीआरबी की बात करें तो यह 2018 से 2022 के बीच 3,863 नाबालिग शादी दर्ज होने की सूचना देता है। यह संख्या हकीकत से कितनी दूर है, इसका अहसास तब हुआ, जब सिविल सोसाइटी संगठनों के नेटवर्क चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया से जुड़ी रिसर्च टीम इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन ने 2011 की जनगणना से जुड़े आंकड़ों के साथ एनसीआरबी और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) की सूचनाओं को मिला कर उनका विश्लेषण किया। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 16 लाख नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है। यह स्थिति तब है जब भारत में 1929 में ही नाबालिग शादी को प्रतिबंधित किया जा चुका है। जाहिर है, कानून अपनी जगह रहा और समाज अपने ढंग से चलता रहा। हालांकि इस आधार पर कानूनी व्यवस्थाओं को निरर्थक नहीं करार दिया जा सकता। इसका उदाहरण असम है, जहां इसी रिपोर्ट के मुताबिक हालात में आश्चर्यजनक सुधार लाए जा चुके हैं। वहां 2021-22 में हुई नाबालिग लड़कियों की शादी की संख्या 3,225 थी, जो 2023-24 में घट कर 627 हो गयी। यह कामयाबी कानून को सख्ती से लागू करने का परिणाम है। असम की कामयाबी का मतलब यह नहीं कि हर मामले में समाज को कानून के डंडे से हांका जा सकता है या हांका जाना चाहिए। फिर भी याद रखना जरूरी है कि नाबालिग लड़कियों की शादी पर प्रभावी रोक न केवल मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी ला सकती है, बल्कि लेबर फोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और जेंडर इक्वलिटी हासिल करने में भी मदद कर सकती है। जाहिर है, सरकारी तंत्र और सिविल सोसाइटी को साथ मिल कर इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने में देर नहीं करनी चाहिए।

**रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 16 लाख नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है। यह स्थिति तब है जब भारत में 1929 में ही नाबालिग शादी को प्रतिबंधित किया जा चुका है। जाहिर है, कानून अपनी जगह रहा और समाज अपने ढंग से चलता रहा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी), 2020 और राष्ट्रीय पूर्व-प्राथमिक स्तर पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2022 (एनसीएफ-एफएस) ने पहली बार पूर्व-प्राथमिक स्तर (3-8 वर्ष की आयु) के लिए एक पाठ्यक्रम रूपरेखा की परिकल्पना की और इसे तैयार किया। एनसीएफ-एफएस का मुख्य परिवर्तनकारी पहलू खेल के माध्यम से सीखना है, जो अपने आप पता चल जाने वाली बातों को वैधता प्रदान करता हैः यानी, जब बच्चे खेलते हैं, तो वे सीखते हैं।**

# आइये हम सब खेल का उत्सव मनायें-खेल ही ज्ञान है!



**संजय कुमार/शंकर मरुवाड़ा**



शिक्षा मंत्री द्वारा 20 फरवरी 2023 को जादुई पिटारा (जादू बॉक्स) के शुभारंभ के अवसर पर कुछ बच्चों को बॉक्स का अनावरण करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया था। जैसे ही बच्चों ने जादुई पिटारा खोला, जो पूर्व-प्राथमिक स्तर के शिक्षण-शिक्षा से जुड़ी सामग्री है, तो उन्होंने औपचारिक तरीके से पुस्तकों और फ्लैशकार्ड को एक-एक करके ध्यान से देखा। लेकिन जब उनकी नजर नीचे पड़े खिलौनों पर पड़ी, तो उनकी आंखें चमक उठीं और वे उसके चारों ओर ऐसे इकट्ठा हो गये, जैसे बच्चे जन्मदिन-केक के चारों ओर जमा हो जाते हैं। उन्होंने बॉक्स से अपने पसंदीदा खिलौने उठाये- गुड़िया, कठपुतली आदि और एक-दूसरे के साथ खुशी व्यक्त करते हुए अपनी दुनिया में इस तरह मग्न हो गये कि मंच और समारोह पीछे छूट गये। इसने आश्चर्य, जिज्ञासा और खुशी पैदा की। पांच सौ से ज्यादा प्रशासकों, शिक्षाविदों और शिक्षकों की प्रतिष्ठित सभा ने अपने बचपन को याद करते हुए तालियां बजाईं और मुस्कान बिखेरी।

जुलाई 2024-25 में नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के मौके पर भारत भर की कक्षाओं में चमकती आंखें, हंसी, खिलखिलाहट, बातचीत, नन्हें पैरों की पदचाप और कभी-कभी रोने की आवाजें सुनायी देती हैं। आइए हम नये शिक्षण वर्ष को प्रत्येक बच्चे के लिए स्वागत योग्य, आनंदमय और चंचल बना कर मनाये। खेल बच्चों के लिए स्वाभाविक है और समग्र विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषाई, संज्ञानात्मक और सांस्कृतिक) के लिए एक शक्तिशाली उपाय है। यह बच्चों को एक सुरक्षित, मजेदार और बगैर रोक-टोक वाली जगह में जिज्ञासु होने, खोज करने और प्रयोग करने की अनुमति देता है। हाल ही में, भारत और दुनिया ने 11 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया, जिसमें विशेष रूप से बच्चों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए खेल के महत्व को मान्यता दी गयी है। भारत ने भी खेल पर जोर दिया है और इसे संस्थागत बनाने में अग्रणी रहा है।

**यह बच्चे और आपके अंदर मौजूद बचपन के लिए उपयुक्त है : शब्द संख्या: 741**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी), 2020 और राष्ट्रीय पूर्व-प्राथमिक स्तर पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2022 (एनसीएफ-एफएस) ने पहली बार पूर्व-प्राथमिक स्तर (3-8 वर्ष की आयु) के लिए एक पाठ्यक्रम रूपरेखा की परिकल्पना की और इसे तैयार किया। एनसीएफ-एफएस का मुख्य परिवर्तनकारी पहलू खेल के माध्यम से सीखना है, जो अपने आप पता चल जाने वाली बातों को वैधता प्रदान करता हैः यानी, जब बच्चे खेलते हैं, तो वे सीखते हैं। सीखना केवल तब नहीं होता, जब बच्चा लिख रहा होता है। सीखने की एक विशेष शैली को लागू न करने की जरूरत है, क्योंकि सीखने वालों की संख्या जितनी अधिक होती है, सीखने के उतने ही अधिक तरीके भी मौजूद होते हैं। खेल में बातचीत, कहानी सुनाना, खिलौने, गीत और कविताएं, संगीत और शारीरिक सक्रियता, कला और शिल्प तथा इनडोर और आउटडोर खेल शामिल होते हैं। यह आपसी संपर्क छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन बनाता है।

ऐतिहासिक रूप से देखभाल के एक हिस्से के रूप में खेल सिंधु घाटी सभ्यता से शुरू हुआ। सभ्यता की विरासत लोरियों, बच्चों की कहानियों, खेलों, खिलौनों, कविताओं और पहेलियों के समृद्ध और विविधतापूर्ण भंडार में दिखायी देती है।

एनसीएफ-एफएस की परिवर्तनकारी प्रकृति का प्रतीक एनसीइआरटी का जादुई पिटारा है, जिसे फरवरी 2023 में जारी किया गया। जादुई पिटारा किसी भी स्कूल में पूर्व-प्राथमिक स्तर के लिए आवश्यक सामग्री का उदाहरण है। यह विविधतापूर्ण है और ऐसी सामग्री विकसित करते समय ध्यान में रखी जाने वाली संवेदनशीलता (आयु-उपयुक्त, संवेदी अनुभव और स्थानीय) को प्रदर्शित करता है। पिटारे में खिलौने, खेल, पहेलियां, कठपुतलियां, पोस्टर, फ्लैशकार्ड, कहानी की किताबें, प्लेबुक और शिक्षक-पुस्तिकाएं हैं। प्रत्येक खिलौना और खेल को एक निश्चित सीखने के परिणाम से जोड़ा गया है। देश भर के हितधारकों ने जादुई पिटारा में उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत परिवर्तनकारी शिक्षण-शिक्षा से जुड़ी सामग्री की सराहना की है। राज्यों द्वारा अपने स्थानीय संदर्भ और परिवेश के लिए बॉक्स की सामग्री को अनुकूल बनाने के प्रयास जारी हैं।

यह मानते हुए कि हम अब डिजिटल युग में रह रहे हैं और प्रौद्योगिकी-सक्षम चैनल, जादुई पिटारा की पहुंच और प्रभाव को बढ़ा सकते हैं, शिक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2024 में ई-जादुई पिटारा का शुभारंभ किया, ताकि यह भौतिक जादुई पिटारा का पूरक बन सके और विभिन्न माध्यमोंः कंप्यूटर, स्मार्ट-व फीचर-फोन, टेलीविजन और रेडियो आदि, के जरिये पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया जा सके। बच्चों को कहानियां सुनाने तथा खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों में उन्हें शामिल करने के जुड़े सवाल पूछने के लिए; देखभाल करने वाले अब चैट और वॉयस सुविधाओं के माध्यम से जनरेटिव एआई का लाभ उठाते हुए वर्चुअल सहायक के साथ बातचीत कर सकते हैं।

बाल विकास और मस्तिष्क पर हुए कई अध्ययनों से भी संकेत मिलता है कि खेल निम्नलिखित के लिए आवश्यक हैः

क. मस्तिष्क का विकास, विशेष रूप से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की उत्तेजना, जो ध्यान, समस्या-समाधान और सामाजिक व्यवहार को विनियमित करने के लिए जिम्मेदार होता है।

ख. न्यूरोप्लास्टिसिटी या नए तंत्रिका संबंध बनाने की क्षमता, जो जीवन भर सीखने और अनुकूल होने के लिए मौलिक होती है।

ग. सहज ज्ञान, जो जटिल और अनिश्चित परिस्थितियों में समस्या समाधान और निर्णय लेने के लिए आवश्यक है।

माता-पिता के लिए खेल बचपन से ही बच्चों के विकास की आधारशिला रखने में एक मूलभूत पहलू है, जिसे यूनिसेफ जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा रेखांकित किया गया है। खेल के दौरान, बच्चे लगातार विकल्पों का चयन करते हैं। वे आश्चर्य और आनंद से भरे होते हैं। खेल बच्चों में समग्र विकास, रचनात्मकता और सहनशीलता बढ़ाता है। वयस्कों के लिए, खेल मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और रचनात्मकता में वृद्धि करता है। जब माता-पिता और देखभाल करने वाले बच्चों को खेल में शामिल करते हैं, तो वे खेल का उत्सव मनाते हैं। आइए हम सब खेल का उत्सव मनाएं और बच्चों को सीखने एवं विकसित होने में मदद करें, बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ।

**(यह लेख भारत सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार और बेंगलुरु के एकस्टेप फाउंडेशन के सीइओ एवं सह-संस्थापक शंकर मरुवाड़ा द्वारा लिखा गया है।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# कल्याण नगर और इंद्रा नगर में घर तोड़ने के नोटिस का विरोध, डीसी से मिले सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पुर्वी विधानसभा अंतर्गत भुइयांडीह के कल्याण नगर और इंद्रा नगर के करीब डेढ़ सौ घरों को तोड़ने के नोटिस पर भाजपा गंभीर है। शुक्रवार को सांसद विद्युत वरण महतो के साथ भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मुलाकात कर जनता की भावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने बड़ी मेहनत से घर बनाया है। प्रशासन की ओर से दिए गए नोटिस में भी कई विसंगतियां देखी गयी। नोटिस में नदी तट से 15 मीटर की दूरी के घरों को तोड़ने की बात कही गयी, लेकिन तट से 50-60 मीटर की दूरी पर भी बने घरों को नोटिस दिया गया। विद्युत महतो ने कहा गरीबों का दंभ भरने वाली राज्य सरकार आज गरीबों को उजाड़ने पर आमादा हो गयी। उन्होंने डीसी से कहा घरों को उजाड़ने से पहले इन सबके पुनर्वास की बात स्पष्ट रूप से जनता के समक्ष रखी जानी चाहिए। मौके पर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# मजदूर की करंट लगने से मौत, विधायक ने लिया संज्ञान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बोड़ाम प्रखंड में गोरडीह गांव के रहने वाले उज्जल कर्मकार डेली मजदूरी का काम करता था। बीते दिनों (गुरुवार) मानगो चौक से भुइयाडीह के बाबूडीह में अपने साथियों के साथ काम करने के दौरान करंट लगने से बुरी तरह घायल होगया। मौके पर घायल को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए परिजनों को काम करवाने वालों से क्षतिपूर्ति के तहत मुआवजा दिलाया। विधायक ने करंट से मृत्यु होने पर मिलने वाले मुआवजा के लिए प्रक्रिया अग्रसारित की। मौके पर बोड़ाम प्रखंड के झामुमो नेता हिमांशु महतो, सामाजिक कार्यकर्त्ता दीपक रंजीत,सागर पाल समेत मृतक के पिता सीताराम कर्मकार, विश्वनाथ कर्मकार, कांग्रेस कर्मकार, सुरेश कर्मकार, काजल कर्मकार समेत गाँव के कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सुभाष मुंडा हत्याकांड के आरोपी विनोद कुमार को नहीं मिली जमानत

**रांची (आजाद सिपाही)। सीपीआइएम नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपी विनोद कुमार की जमानत अर्जी को न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने खारिज कर दी। सुभाष मुंडा की हत्या 26 जुलाई 2023 को तब हुए थी, जब वह दलादली स्थित अपने दफ्तर पर कुछ लोगों के साथ बैठे थे। घात लगाये अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोली बरसा कर हत्या कर दी थी।**

## गुरु

गुरु हँसाते, गुरु रुलाते।
गुरु हमें पढ़ना सिखाते॥

गुरु की तुम बात न छोड़ो।
गुरु से तुम बाज क्यों आते॥
परीक्षा में इसलिए तुम अण्डे पाते।

गुरु हँसाते, गुरु रुलाते।
गुरु हमें पढ़ना सिखाते॥

गुरु की तुम बात न छोड़ो।
गुरु हमें ज्योति की राह दिखाते।
गुरु हमें जीवन जीना सिखाते।

गुरु हँसाते, गुरु रुलाते।
गुरु हमें पढ़ना सिखाते॥

गुरु की तुम बात न छोड़ो।
गुरु को मानो अपना निर्माता।
वही हमारे भाग्य विधाता।
गुरु का तुम करो सम्मान।
गुरु बनाते हमें अच्छे इन्सान।



लेखक :
नवीन कुमार
बनहोरा, रांची

# प्रबंधन पर बच्चों की देखभाल में लापरवाही का आरोप, डीसी से शिकायत





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरसावां।** ब्लू वेल्स इंगलिश मीडियम स्कूल प्रबंधन पर बच्चों की देखभाल में लापरवाही बरती जा रही है। लापरवाही से बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। अभिभावकों के लगातार शिकायत के बाद भी स्कूल प्रबंधन किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को इस मामले को लेकर सरायकेला डीसी को एक मांग पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की गयी। खरसावां के हरिभंजा निवासी चैतेंद्र प्रताप सिंहदेव ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए स्कूल परिसर में बच्चों की सेफ्टी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि उनका पुत्र बिराज सिंहदेव एलकेजी में पढ़ता है। 18 जुलाई को सुबह सात बजे पुत्र को स्कूल परिसर में छोड़े और लगभग 8:40 बजे बिराज सिंहदेव स्कूल से करीब 500 मीटर दूर हरिभंजा के रास्ते पेट्रोल पंप पर मिला। पेट्रोल पंप कर्मी ने इसकी सूचना परिजनों को दी। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर बच्चों की देखभाल में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा आखिर एक छोटा बच्चा स्कूल से बाहर निकल कर 500 मीटर दूर कैसे चला गया। इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन को कैसे नहीं हुई। यह स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को दशार्ता है। चैतेंद्र इसकी जानकारी लेने जब स्कूल पहुंचे तो स्कूल प्रबंधन ने भी गैर जिम्मेदाराना जबाव देते हुए कहा इसकी कोई जानकारी नहीं है। इस पर स्कूल प्रबंधन का पक्ष लेने का प्रयास किया गया। स्कूल प्रबंधन इस पर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

# बहरागोड़ा के खेत में हथिनी की मौत

## मौत के कारणों की जांच में जुटी वन विभाग और डॉक्टरों की टीम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सांड्रा पंचायत अंतर्गत भादुआ गांव के पास दाखिन मुर्मु नामक व्यक्ति के खेत में एक जंगली हथिनी की मौत हो गयी। हाथिनी की मौत की सूचना पाकर आस पास के दर्जनों गांवों के लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। मिली जानकारी के अनुसार भादुआ गांव के पास झारखंड बंगाल सीमा स्थित साल जंगल में 10 से 12 हाथियों का झुंड गुरुवार की रात विचरण करते हुए पश्चिम बंगाल की ओर से भादुआ में प्रवेश किया था। इसी दरम्यान एक हाथिनी की खेत में मृत्यु हो गयी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अभी भी जंगली हाथियों का झुंड पास के पश्चिम बंगाल के जंगल में डेरा डाले हुए है। सूचना पाकर वन विभाग की टीम घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। उसके बाद डीएफओ सवा आलम अंसारी, रेंजर दिग्विजय सिंह समेत दर्जनों वनरक्षी मौके पर उपस्थित हुए। प्रारंभिक जांच में हाथी के मरने के कारणों का पता नहीं चलने पर पशु चिकित्सक डॉक्टर राजेश कुमार सिंह, डॉक्टर मनोज कुमार महंता, डॉक्टर प्रशांत कुमार के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। मृत हाथिनी से ऑर्गेन लिया गया और सैंपल की लेबोरेट्री जांच के बाद ही हाथी की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। डॉक्टरों की टीम ने हार्ट अटैक से हथिनी की मौत का आशंका जताया है। संदिग्ध परिस्थिति में मरने वाले मादा हाथी की उम्र लगभग 26 वर्ष अंकित की गई है। उसकी लंबाई छ फीट है।उसके बाद जेसीबी लगाकर गड्ढा खोदा गया फिर मृत हाथिनी को पूजा अर्चना करने के बाद वहीं पर दफना दिया गया। भादुआ समेत आस पड़ोस के दर्जनों गांव के लोग दहशत में हैं। लोगों का कहना है कि हाथी के मृत्यु के बाद झुंड के अन्य हाथियों का व्यवहार और उग्र हो सकता है। इससे आसपास गांव के लोगों का जीवन खतरे में भी पड़ सकता है। विदित हो कि हाल के दिनों में दारिशोल बिट क्षेत्र में जंगली हाथियों का तांडव काफी बढ़ा हुआ है। हाथियों के हमले से कई ग्रामीणों को जान भी गवानी पड़ी है। वन विभाग द्वारा लगातार हाथियों को भगाने के लिए निगरानी जारी है। घटना के बारे में डीएफओ सवा आलम अंसारी ने बताया कि हाथिनी की मृत्यु होने की कारण पता नहीं चल पाया है। आसंका जताई जा रही है कि हाथिनी की हॉर्ट अटैक होने से मृत्यु हुई है। डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कर ऑर्गेन सेम्पल लिया गया है। लेब्रोटरी में ऑर्गेन जांच के पश्चात ही मृत्यु के कारण पता चल पाएगा। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हाथिनी की मृत्यु होने के कारण पता नहीं चल पा रहा है। खेत के पास स्थित पेड़ पर पॉलीथिन में खेत में उपयोग होने वाली प्रेस्टिसाईड़ (जहर) टंगा हुआ था। हो सकता है उसीको हाथिनी ने खा ली हो और उसको खाने से हाथिनी की हॉर्ट अटैक से मृत्यु हो गयी हो। घटना स्थल पर पड़ी हाथिनी की जिद्द (मल) को भी जांच के लिए ली गई है। जांच के उपरांत ही मृत्यु के कारण की मिल पायेगी। इधर हाथिनी की मौत की सूचना पाकर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने कहा कि हेमंत राज में अब हाथी भी सुरक्षित नहीं हैं। आज बहरागोड़ा प्रखंड के भादुआ गांव में न दाखिन मूर्मू के खेत में एक हाथिनी मृत पाई गई। डॉ गोस्वामी ने मृत हाथी को देख दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों से बहरागोड़ा तथा चाकुलिया में हाथियों के उपद्रव को जनता झेल रही है। हाथियों के चपेट में 14 निर्दोष लोगों की जानें जा चुकी है। चाकुलिया के 50 गांवों के लोग हाथियों के दहशत के साये में में रात गुजार रहे हैं।

## एक सप्ताह से अधिक समय से लापता है मूक बधिर लड़का



केतार (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह कला निवासी शिवमंगल साह का 16 वर्षीय मुक बधीर पुत्र रंजित कुमार साह पिछले नौ जुलाई से गायब है।परिजनों ने बताया की शिवमंगल नौ जुलाई को गांव में बारात देखने के लिए घर से निकला फिर अभी तक घर वापस नहीं आया।परिजनों ने काफी खोजबीन किया परंतु अभी तक कोई सूचना प्राप्त नही हुआ।परिजनों ने बताया की वह काला टी शर्ट और ब्लू जींस पहना हुआ है।परिजन लोगो से आग्रह किया है की कोई भी व्यक्ति को रंजित नजर आए तो इसकी जानकारी 8328642754 नंबर पर दें।

## बीडीएसयू में नये आपराधिक कानून पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# साइबर अपराध और डायल 112 पर हुई विस्तार से चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के गुरुपद संभवराम जी सभागार में देश में लागू हुए नये प्रमुख आपराधिक कानून, साइबर अपराध और डायल 112 पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस एकदिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह रंका और पुलिस अवर निरीक्षक गढ़वा शशि कुमार शर्मा ने गुरुपद संभवराम जी के तस्वीर पर पुष्प माल्यार्पण के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह द्वार नये प्रमुख आपराधिक कानून के संबंध में जो की तीन नए कानून में बदलाव किया गया उस पर विशेष प्रकाश डालते हुए विषय प्रवेश किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह व्यवहार न्यायलय गढ़वा के न्यायाधीश रवि चौधरी ने परिवर्तित तीन अपराधी कानून के संबंध में सभी उपस्थित श्रोताओं को जागरूक करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, न्याय संहिता और साक्ष्य अधिनियम 23 के विभिन्न पहलू पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। तदोपरांत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने तीन नये कानून के संबंध में जो की एक जुलाई 2024 से पूरे भारत में लागू किया गया उसे पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही सभागार में बैठे लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर देकर नये कानून के प्रति जागरूक किया। गढ़वा थाना के पुलिस निरीक्षक शशि कुमार शर्मा ने साइबर अपराध और डायल 112 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलाधिपति और ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि तीन नए संशोधित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 23, भारतीय नागरिक संहिता 23, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 23 द्वारा बदलाव लाकर और भी कानून को पारदर्शी बनाया गया है। यह सामान्य नागरिकों के हित में है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डीएसडब्ल्यू बीडीएसयू डॉ अरविंद कुमार सिंह द्वारा किया गया। जबकि मंच संचालन पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉ पी डी तिवारी ने की। इस संगोष्ठी में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय एवं वी ई डब्लू टी के अंतर्गत संचालित सभी कॉलेज के विभिन्न संकाय के संकायाध्यक्ष एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर संगोष्ठी का लाभ प्राप्त किया। इस संगोष्ठी के आयोजन के लिए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुभाष कुमार, प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुकेश सिंह, केंद्रीय पुस्तकालाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, पंकज कुमार सिन्हा , शंभू ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया ।


## रेल पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, धनबाद

**प्रेस विज्ञप्ति**
**अपहृत बच्ची पायल कुमारी**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल थाना कोडरमा कांड सं0–47/17, दिनांक–14.10.2017, धारा–363 भा0 द0वि0 में दिनांक–26.07.2017 को समय करीब 11:00 बजे पायल कुमारी, उम्र–06 वर्ष, अपनी माँ पिंकी देवी के साथ रेलवे स्टेशन, कोडरमा के पास स्थित काली मंदिर के समीप थी, कि अचानक पिंकी देवी मिर्गी का दोरा पड़ने के कारण गिरकर बेहोश हो गई। जब उन्हें होश आई तो देखी की उनकी बच्ची पायल कुमारी काली मंदिर के आस–पास नहीं थी, जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। अपहृत बच्ची पायल कुमारी का हुलिया– रंग–गोरा, चेहरा–गोल, उँचाई–लगभग 03 फीट, आँख और बाल का रंग–काला, पिता–राजु तुरी, पता–ग्राम–मड़ुवाबारी, थाना+जिला–कोडरमा।

पहनावा– उजला छिटदार फ्रोक पहनी हुई थी।

अपहृत बच्ची पायल कुमारी के बारे में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो, तो निम्नलिखित पदाधिकारियों के मोबाईल नम्बर पर सूचना देने की कृपा करे।

- पुलिस अधीक्षक, रेल धनबाद – 9431706117
- पुलिस उपाधीक्षक(द्वितीय), रेल धनबाद –7033619661
- रेल पुलिस निरीक्षक अंचल, कोडरमा –9471194968
- रेल थाना प्रभारी, कोडरमा –9934558713
- प्रभारी डी0सी0बी0 शाखा, रेल धनबाद –8340713828

PR.NO.330076 Police(24-25):D

ह0/– पुलिस अधीक्षक, रेल धनबाद।


## मृतक के परिजनों से मिले अलखनाथ पांडेय

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गत दिनों गढ़वा बाईपास एन. एच. 75 पर स्कूली बच्चों से भरी ऑटो और पिकअप वाहन के टक्कर में दो स्कूली बच्चों की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई थी। शुक्रवार को इस असहनीय दुख की घड़ी में वरिष्ठ भाजपा नेता गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, जीएन कान्वेंट स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केसरी, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय सोनी, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के निदेशक अशोक विश्वकर्मा, सुशील केसरी, , आरएन टैगोर पब्लिक स्कूल के निदेशक पाल जी ने दोनों मृतक बच्चों के पीड़ित परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं सांत्वना दिया। इस अवसर पर गढ़वा शिक्षाविद् सह वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पाण्डेय ने सभी पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक हृदय विदारक घटना है जिसके कारण गढ़वा के सभी लोग दुखी हैं। बच्चे देश के भविष्य होते हैं उनका इस तरह से किसी दुर्घटना में चले जाना यह एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिवार के सभी लोगों को ढ़ांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# मंत्री मिथिलेश ने किया चिनिया प्रखंड का दौरा, शोक संतप्त परिजनों से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा रंका विधानसभा के स्थानीय विधायक सह स्वच्छता और पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चिनीया प्रखंड क्षेत्र के कइ गांव का दौरा कर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना जताई है। सर्वप्रथम मंत्री मिथिलेश ने रणपुरा गांव के टोला शिरालेटा मे पहुंच कर मृतक अर्जुन सिंह के पुत्र देवेंद्र सिंह के पूरे परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया व परिजनों को आर्थिक सहायता राशि दी गयी। बिदीत हो कि अर्जुन सिंह की आकस्मिक मृत्यु बीते हफ्ते हो गयी थी। उसके बाद रणपुरा गांव निवासी सह झामुमो पंचायत अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह जिनकी मृत्यु बीते दीनों दीनो बीमारी से ग्रस्त रांची इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते में ही हो गई थी। उनके घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख प्रकट करते हुए परिवार वालों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद देने की बात कही व आर्थिक सहायता दिये। इसके बाद मंत्री मिथलेश ने बेता पंचायत के परसुखाड़ गांव के विद्यालय में पहुंचकर विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति को जानते हुए शिक्षकों को विद्यालय में बच्चों के बीच गुणवत्तापूर्णव शिक्षा देने की बात कही।

व स्थानीय लोगों से भी बात कर लोगों के दुख दर्द को सुना और उनके समस्याओं को निदान करने की बात कही। उसके बाद मंत्री मिथिलेश ने बेसरी, तुरी मुंडा, बेता बाजार, सीदे पाल्हे, कुम्हिया खाड, इत्यादि गांवों में जाकर लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल पूछते हुए उनकी समस्याओ को सुना औरं उसे दूर करने की बात कही। मंत्री ने कहा कि मै झूठ व फरेब की राजनीति नहीं करता हूं। सच्चे मन से जनता की सेवा करता हूं। यही कारण है कि आज पूरे गढ़वा रंका विधानसभा में चप्पे-चप्पे पर विकास की किरण दिखाई पड़ रही है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता झूठे एवं फरेब लोगों से सावधान रहे । इस मौके पर झामुमो के गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, सचिव मनोज ठाकुर, राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मंगरु सिंह खरवार, रामसागर यादव, गंगेश्वर सिंह, बेलाल अंसारी, बंशीधर यादव, दयानंद राम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– सुजाता कुमारी उम्र 23 वर्ष
रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, पहनावा–हरा रंग का साडी ब्लाउज

उपरोक्त लापता महिला सुजाता कुमारी, निलेश सेठ, सा0–तमाड, थाना–तमाड़, जिला–रॉंची जो दिनांक–18/19–06–2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में तमाड थाना सनहा संख्या–09/24, दिनांक–19.06.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनु0पु0पदा0 बुण्डु, राँची। – 9431706144
थाना प्रभारी तमाड़, राँची। – 9431706193

PR 330040 Police (24-25)_D

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची


## डंडई में अबुआ आवास को लेकर ग्रामसभा आयोजित



डंडई (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना को लेकर शुक्रवार को डंडई पंचायत, तसरार और लवाही पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।डंडई पंचायत में अब हुआ आवास सूची में अंतर देखकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। पंचायत के मुखिया धन्वंतरि देवी के अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में पंचायत कि काफी संख्या में ग्रामीण हिस्सा लिया ग्रामीणों का आरोप है कि पहले बनी सूची में लाभुकों की संख्या 1013 थी। उसमें 72 लाभुकों को आवास योजना का लाभ दे दिया गया था। आपकी बार की सूची में मात्र 818 रह गया है।115 लोगों को सूची से नाम गायब कर दिया गया है। तैयार 818 लोगों की सूची में अधिसंख्या में सम्पन्न परिवार के लोगों को शामिल किया गया है। उसकी शिकायत बीडीओ जागो महतो से से की गयी।बीडीओ ने मामले की कारवाई करने का आश्वासन दिया तब मामला शांत हुआ। उधर गुरुवार को रारो पंचायत सचिवालय में मुखिया सुनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ थी। ग्राम सभा में अबुआ आवास योजना के योग्य लाभूकों का चयन प्रक्रिया किया किया। ताकि योग्य लाभूक को आवास मिल सके। उस दौरान जिप सदस्य मोहन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, शिव प्रसाद यादव ,पप्पू यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे। 004

# उड़सुगी और परिहारा पंचायत के 400 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** प्रखंड के उड़सुगी एवं परिहारा पंचायत के 400 से अधिक लोगों ने भाजपा एवं अन्य दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इनमें कई वार्ड पार्षद एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं। गुरूवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर उड़सुगी पंचायत के 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। जबकि परिहारा पंचायत के करके देवी मंदिर के समीप आयोजित कार्यक्रम में दूसरे दलों को छोड़कर 200 से अधिक लोगां ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। मंत्री श्री ठाकुर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान देवी धाम तिलदाग, नाग नागिन मंदिर साव टोला बनपुरवा में आयोजित कार्यक्रम लोगां की जनसमस्या सुनी एवं निदान करने की बात कही।

तब गढ़वा सहित पूरे राज्य में विकास देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि आज प्रत्येक गांव से काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल होकर पार्टी को और भी मजबूत बना रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में उड़सुगी पंचायत से मानिक चंद उरांव, रामस्वरूप भुईयां, सूरज उरांव, राजेश्वर गुप्ता, विजय गुप्ता, उरामस्वरूप भुईया, प्रयाग राम, सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, रिशुराज केशरी, भोला चन्द्रवंशी आदि लोगों का नाम शामिल है। जबकि परिहारा पंचायत से भाजपा छोड़कर वार्ड सदस्य पति सुखलाल राम, सुनील राम, छत्रधारी राम, संतोष मेहता, वार्ड सदस्य जुबैर खां, द्वारिका चंद्रवंशी सहित करके, बलिगढ़ आदि गांव के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन बीडीसी संजय सिंह ने किया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सलीम जाफर, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, परिहारा मुखिया रविंद्र राम, बेलचंपा मुखिया सोनल पासवान, करूआकला मुखिया नारद तिवारी, हरवंश पासवान, अजमुद्दीन खान, रामचंद्र यादव, भागीरथी सिंह, मुन्ना सिंह, जरीना बीबी आदि लोग उपस्थित थे।


## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा
### (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)
(E.mail- dwo.simdega@gamil.com)

**''इच्छा की अभिव्यक्ति''(EXPRESSION OF INTEREST)**
**(अति–अल्पकालीन)**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में जनजातीय कार्य मत्रांलय, भारत सरकार द्वारा Special Central Assistance to Tribal Sub-Scheme (SCA to TSS) नामित ''प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY) हेतु सिमडेगा जिला अन्तर्गत स्वीकृत कुल 254 ग्रामों अन्तर्गत दिशा–निर्देश (Guidelines) के तहत् चिन्हित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण (Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करने हेतु अनुभवी सरकारी संस्थान/गैर सरकारी संस्थाओं/ट्रस्ट से **ईच्छा की अभिव्यक्ति** (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | विषय वस्तु | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | कार्य का नाम | ''प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम'' के तहत 254 चिन्हित ग्राम अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृत 254 ग्रामों में सर्वेक्षण (Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करना |
| 02 | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय | दिनांक - 31-07-2024 पूर्वाहन् 11:00 बजे तक |
| 03 | निविदा जमा करने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA, कार्यालय, सिमडेगा। |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक - 31-07-2024 अपराहन् 03:00 बजे। |
| 05 | निविदा खोलने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA, कार्यालय, सिमडेगा। |
| 06 | विज्ञापनदाता का नाम | परियोजना निदेशक, ITDA, कार्यालय, सिमडेगा |
| 07 | आय–व्ययक (बजट) | ''प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना'' के अनुसार तकनीकी सहायता करना एवं ग्राम विकास योजना तैयार करना (VDP)। चयनित संस्था/संगठन को योजना के तहत चिन्हित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत योजना के दिशा–निर्देश के अनुरूप |
| 08 | अग्रधन की राशि | 50,000/–(पचास हजार) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट परियोजना निदेशक, ITDA, सिमडेगा के पक्ष में एवं भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सिमडेगा में भुगतेय होगा। |
| 09 | सर्वेक्षण (Survey) निष्पाद अवधि | 45 (पैंतालिस) दिन अन्तर्गत |

Special Central Assistance to Tribal Sub-Scheme (SCA to TSS) नामित ''प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY) अन्तर्गत ईच्छा की अभिव्यक्ति (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन समर्पित करने से संबंधित शर्त्त एवं जानकारी www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 330071 Information Technology(24-25)#D

परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, सिमडेगा


## स्वर्णकार संघ की महिलाओं ने पौधरोपण किया

गढ़वा(आजाद सिपाही)। गढ़वा स्वर्णकार संघ की महिलाओं ने आज शुक्रवार को पौधारोपण किया। इस अवसर पर संघ की अध्यक्ष सुमन सोनी ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल- -फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। संघ की सचिव संध्या सोनी ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुमन सोनी, सचिव संध्या सोनी, कोषाध्यक्ष लीला सोनी, गुंजा सोनी, ममता सोनी, हेमलता सोनी, पूनम सोनी, पूजा सोनी, सुशीला देवी, पूनम सोनी, माधवी सोनी, रिंकू सोनी, रनीता सोनी, साधना सोनी, रंजू सोनी, धर्मशीला सोनी, पूजा सोनी, प्रीति सोनी, गुड़िया देवी, वृंदा देवी आदि उपस्थित थी।

## अवैध उत्खनन करने वाले की खैर नहीं: अरुण



केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलीगढ़ मे शुक्रवार को केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने ढाढड़ा नदी से अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया। साथ ही अग्रेतर कार्रवाई के लिए विभाग को पत्राचार करने की प्रकिया शुरू कर दिया। ज्ञात हो कि केतार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोन, पांडा एवं ढाढड़ा नदी से बड़े पैमाने पर अवैध बालू उत्खनन कर ऊंची कीमतों मे बेची जाती है। हालांकि नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के लगातार करवाई से बालू तस्करों दहशत में है। ज्ञात हो की थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन, अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने को लेकर थाना प्रभारी के द्वारा लगातार करवाई की जा रही है।

# प्रशिक्षण के बाद 27 छात्रों को बंगलुरू में मिली नौकरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 27 छात्रों को बैंगलोर के शोभा कंपनी मे नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम, प्राचार्य बृजकिशोर ने नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है, कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वालो युवक जो कम पढ़े लिखें है। उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है, कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है, उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हो गई है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से कम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 41वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं, अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1241 छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं।उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की और कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवक प्रशिक्षित होंगे, तो बेरोजगारी कम होगा। इस मौके पर ट्रेनर रमेश उरांव, सिंटु कुमार, निरंजन पाठक, जनक राम, रामबिलाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

**अतिअल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/01/2024-25(3rd call)**

इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/अधिकृत विक्रेता/निर्माता/ अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्ताओं से निम्न वर्णीत स्थल पर Open Gym (Out Door) 1 Unit के अधिष्ठापन हेतु ई० निविदा आमंत्रित की जाती है, जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–**

| क्र० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | निविदा शुल्क (रू० में) (जो लौटाया नहीं जायेगा) | आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Establishment of Open Gym (Outdoor) in Block Level Stadium Kolebira of Simdega District, Jharkhand.** | **19.69420** | **40000.00** | **5000.00** | **30 दिन (कार्यादेश की तिथि से)** |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **22.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – **दिनांक 22.07.2024 से दिनांक 29.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक**
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – **कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, सिमडेगा।**
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक **30.07.2024 अपराह्न 4:00 बजे**
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, सिमडेगा।**
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं० – **9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाश नम्बर)**
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 330058 (Rural Development) 24-25 (D)

## केडीएच खदान में होलपेक डंपर में लगी आग

खलारी (आजाद सिपाही)। केडीएच खदान के जमुनदोहार ओबी डंप यार्ड में शुक्रवार को प्रथम पाली में लगभग 11 बजे ओबी लोड सौ टन क्षमता हॉलपैक नंबर 1240 में आग लग गई। जानकारी के अनुसार ओबी लोड हॉलपैक जैसे ही डंप यार्ड पहुंचा हॉलपैक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जिसके बाद सुभाष नगर से अग्निशमन गाड़ी को बुलाया गया और डंपर में लगी आग पर करीब एक घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से डंपर काफी जल चुका है। जिससे सीसीएल को लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं इस क्रम में डंपर ऑपरेटर जुगेश्वर गंझू बाल बाल बच गया। वो पूरी तरह से सुरक्षित है। इधर जानकारी मिलने पर केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मी भी डंप यार्ड पहुंचे। पीओ अनिल कुमार सिंह ने आग लगने की पूरी जानकारी ली।

# संथाल में आदिवासी आबादी पर संकट संस्कृति-सभ्यता पर भी खतरा : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को संथाल परगना में आदिवासियों की घटती आबादी के जांच के संदर्भ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि संताल परगना में आदिवासी आबादी पर संकट है। राज्य के संस्कृति और सभ्यता पर भी खतरा है। ऐसे में यहां रहने वाले आदिवासियों के लिए भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है, जिसकी पहचान यहां के आदिवासी समाज की पहचान का एक हिस्सा रही है। लेकिन हाल के दशकों में इस क्षेत्र में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस विषय को संज्ञान में लेते हुए एसआईटी का गठन कर जांच कराने की अनुशंसा करें, जिससे आदिवासी समाज की घटती आबादी के पीछे का रहस्य उजागर हो सके। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध प्रवास के कारण यहां का समाज अपने अस्तित्व और संसाधन बचाने में लगा है। घुसपैठिए तेजी से यहां बस रहे हैं और आदिवासी समाज की जल, जंगल व जमीन को खतरा पहुंचा रहे हैं। साथ ही अपने आपराधिक कृत्यों से माताओं, बहनों और बच्चों को प्रताड़ित कर रहे हैं। यहां तक कि बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी समाज की बहनों को लोभ-लालच एवं डरा-धमका कर जबरन शादी कर इनकी जमीन को कब्जा कर रहे हैं। बाबूलाल ने आंकड़ा पेश करते हुए लिखा है कि वर्ष 1951 में संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या जहां 44.67 प्रतिशत थी, वहीं आज यह घटकर मात्र 28.11 प्रतिशत ही बची है। ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब संथाल परगना में संथाल ही अल्पसंख्यक हो जायेंगे तथा आदिवासियों के नाम से जाना जाने वाला यह संथाल परगना अपनी पहचान खो देगा। अनुमानित आंकड़ों के आधार पर स्पष्ट रूप से संथाल परगना में यह बात परिलक्षित होती है कि वर्ष 2021 जनगणना में आदिवासी समुदाय और मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या में ज्यादा अंतर नहीं रहने की संभावना है या ये भी कह सकते हैं कि वर्ष 2021 जनगणना में ही आदिवासी समुदाय और मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या लगभग बराबर हो गई है। इस बात का अंदेशा पूर्व से ही लगाया जा रहा है और वह सच साबित होता दिख रहा है।

## नक्सलियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस ने की छापेमारी



आजाद सिपाही संवाददाता

मैक्लुस्कीगंज। मैक्लुस्कीगंज के हरहु में पुल निर्माण कार्य घटना के बाद से ही बन्द हो गया है.वहीं पुलिस गुरुवार को हुई नक्सली घटना को लेकर छापेमारी अभियान में जुट गयी है। पुलिस लगातार घटना के उद्भेदन के लिए दिन रात लगी हुई है। हरहु पुल के पास मुंशी उपेन्द्र यादव को पीएलएफआइ उग्रवादियों के द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी थी। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच किया। और कुछ नमूने अपने साथ ले गयी है इस सम्बंध में जानकारी देते हुए मैक्लुस्कीगंज थाना के एसआई दीपक कुमार ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस क्षेत्र में सर्च आभियान तेज कर दिया गया है। इधर घटना के बाद से ही पुल निर्माण कार्य बन्द हो गया है। पीएलएफआई के द्वारा लेवी की मांग की गयी थी। जिसके बाद दो बार पुल में नक्सलियों ने हमला कर मजदूरों को पीटा भी था। पुलिस घटना के उद्भेदन के लिए टेक्निकल सेल का भी सहारा ले रही है। घटना के बाद पुलिस लगातार संभावित जगहों पर छापामारी अभियान चला रही है। इधर मृतक का शव रात में उंसके गांव पहुचा जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने आरकेएमयू प्रतिनिधियों के साथ की परिचय बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक कार्यालय मे पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी के साथ परिचय बैठक की। इस बैठक मे आरकेएमयू के प्रतिनिधियो पिपरवार जीएम संजीव कुमार का बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद युनियन के प्रतिनिधियो ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया।बैठक मे कोयला मजदुरो की कई ज्वलंत समस्याओ पर चर्चा की गई। जिसमे मुख्य रूप से पिपरवार मे बायोमेट्रिक सिस्टम से मजदूरों को हो रही परेशानी से अवगत कराया गया।वही चुनाव ड्यूटी पर गये कर्मचारियो को चुनाव पैकेज देने,संडे ड्युटी मे की जा रही कटौती को बन्द करने,शुद्ध पेयजल,बिजली, आवास मरम्मत,आवासीय परिसर की साफ सफाई, रीजनर स्टोर शेड रिपेयर, झाड़ी सफाई करने सहित कई समस्याओ से प्रबधंन को अवगत कराया गया। साथ ही कोयला मजदुरो की समस्या से संबंधित बातो पर चर्चा की गयी। बैठक मे जीएम संजीव कुमार ने समस्याओ के समाधान करने का भरोसा दिया।बैठक मे क्षेत्रीय अध्यक्ष केके चतुवेर्दी,क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता, लखन साव, विनोद ठाकुर, मनोज गुप्ता, श्याम सुंदर महतो, श्याम नारायण चौधरी, दिलीप सिंह, विजय साव, संजय ठाकुर, विशेश्वर गंझु, मिंटू कुमार,प्रदीप कुमार, शिव केसरी, अमित चौहान, सुनील गंझु, मोहम्मद अख्तर, सुरेंद्र भोक्ता, फागु उरांव, लक्ष्मण मुंडा सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे।

## लो वोल्टेज से पंप ऑपरेटर परेशान, जलापूर्ति बाधित



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में बिजली की लो वोल्टेज की समस्या को लेकर नगर क्षेत्र में पेय जलापूर्ति बाधित हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांची नदी बुंडू पंप हाउस में इन दोनों मोटर चलाने के लिए 350 वोल्ट की आवश्यकता होती है। लेकिन कांची पंप हाउस में 290 से लेकर 340 वोल्ट तक ही बिजली मिल रही है। जिससे मोटर जलने की पूर्ण संभावना के चलते एक दो घंटे चलाकर बंद कर दिया जाता है। पंप को चलाया नहीं जा रहा, इससे नगर क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित हो रही है।

## मुखिया कोलेश्वर मुंडा की अध्यक्षता में किसान जनाधिकार मंच के कार्यकर्ताओं की बैठक

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू बाजार टांड शिव मंदिर प्रांगण में जिन्तु पंचायत मुखिया कोलेश्वर मुंडा की अध्यक्षता में किसान जनाधिकार मंच के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सोनहातू प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चर्चा की गयी। बैठक में किसान जनाधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । साहू तमाम कार्यकर्ताओं को निर्देश में कहा कि इन तमाम जन समस्याओं को लेकर बीडीओ सीओ समेत संबंधित पदाधिकारी से मिलकर जन समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन सौंप कर समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया जायेगा। बैठक में सोनाहातू पूर्वी एवं पश्चिमी प्रखंड समिति के तीन तीन पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें सोनाहातु पूर्वी से प्रखंड अध्यक्ष लाल सिंह, मुंडा कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय महतो, उपाध्यक्ष सतन सिंह देव, सोनाहातु पश्चिम से अध्यक्ष बाबु लाल मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद महतो, उपाध्यक्ष शिवाधन मुंडा साथ ही पदाधिकारी को जुलाई अंत तक प्रखंड समिति का विस्तार करने का निर्देश दिया गया। तथा प्रत्येक गांव में ग्राम समिति बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से गभड़ेया मुखिया मुखिया कालेश्वर मुंडा, मंगलदीप स्वांसी, हाराधन पुराण, बाबूलाल मुंडा, धनंजय महतो, वरुण महतो, मुकुंद प्रमाणिक, सत्यनारायण मुंडा, चैता स्वांसी, गुणाधर लोहरा, बलराम महतो, अशोक महतो, दुर्गा यादव, राजेंद्र लोहरा, चैता लोहरा, पंचानन महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिउड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ विधानसभा भाजपा के कार्यकर्ताओं की बैठक दिउड़ी में किया गया। आगामी 20 जूलाई को रांची प्रभात तारा मैदान धुर्वा में विस्तृत कार्यसमिति बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे एवं कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए गुरु मंत्र सिखायेंगे। इसी निमित्त तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से कार्यसमिति बैठक मेंअधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में रांची जिला ग्रामीण प्रभारी , जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के अलावा रड़गांव मंडल अध्यक्ष संतोष साहु, लंबोदर महतो, अंगद महतो, पवन जायसवाल, डोमन मुंडा आदि उपस्थित रहे।

### तोरपा के उत्क्रमित प्लस टू स्कूल तिरला में अभिभावक शिक्षक संवाद कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है, इस अधिकार से कोई भी बच्चा वंचित न रहेः कुमुद

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। कोई बच्चा स्कूल जाने से न छूटे, यह सुनिश्चित करना शिक्षकों के साथ ही अभिभवकों की भी जम्मेवारी है। शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है, इस अधिकार से कोई भी बच्चा वंचित न रहे यह सुनिश्चित होना चाहिए। ये बातें तोरपा के प्रखंड किवाकस पदाधिकारी कुमुद कुमार झा ने कही। बीडीओ शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के तिरला स्थित राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय तिरला में आयोजित अभिभावक शिक्षक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को स्कूल रूआर कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कुमुद कुमार झा ने कहा कि स्कूल रूआर कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में बीडीओ ने शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के तरीके भी बताये। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को इस तरीके से पढ़ायें कि बच्चे शिक्षा को बोझ न समझें तथा वे शिक्षा में रुचि लें। बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की चिंगारी पैदा करें। यह चिंगारी एक बच्चे से दूसरे बच्चे में फैलती चली जायेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा को रुचिकर बनायें। ऐसा करने से बच्चों का ठहराव विद्यालय में होगा। मौके पर जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन हो, इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुदामा मिश्रा ने कि हमें इस बात पर गहराई से चिंतन करना होगा कि किन कारणों से बच्चे ड्रॉप आउट हुए हैं। इसका पता लगाकर इसके निराकरण का प्रयास करना होगा और बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराना होगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पूनम भेंगरा सहित विद्यालय की शिक्षिका रश्मि रंजन तोपनो, रंजीता तोपनो, राजू रंजन प्रसाद, राकेश कुमार, सुशील कुमार, सुशील तोपनो आदि उपस्थित थे।

# बाल गृह में रहनेवाले बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा और सुविधा मुहैया करायेंः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला बाल संरक्षण संवर्द्धन सहयोग विलेज और अन्य कार्यरत एजेंसियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बाल गृह में रहने वाले बच्चों और बाल गृह के संचालन पर उपायुक्त ने विशेष जोर देते हुए बाल गृह में रह रहे बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने एक-एक कर सहयोग विलेज बाल गृह, कैल्वरी चैपल ट्रस्ट बाल गृह एवं आशा किरण बाल गृह के संचालकों से उनके बाल गृह में रह रहे बच्चों की संख्या, उन्हें दी जानेवाली सुविधा, विद्यालयों में नामांकन, उनकी आयु एवं अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को उपायुक्त ने बाल गृहों का निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कहा कि बाल गृहों में रह रहे बच्चों के हेल्थ चेकअप, हाइजीन मेनटेन, शिक्षा समेत अन्य सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है या नहीं, इस संबंध में निरीक्षण कर रिपोर्ट साझा करें, ताकि बाल गृह में रहने वाले बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। समीक्षा के दौरान चाइल्ड लेबर, बाल विवाह, रेसक्यू, स्पॉन्सरशिप जैसे विषयों पर भी उपायुक्त ने चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, विभिन्न बाल गृह के संचालक एवं अन्य उपस्थित थे।

### 22 जुलाई से शुरू होगा सावन का पवित्र महीना

# पांच सोमवार होंगे, सालों बाद बन रहा अद्भुत संयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। भगवान शिव के पूजन का विशेष माह सावन 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। खास संयोग है कि सोमवार से ही सावन महीने का शुभारंभ हो रहा है। इस बार सावन में पांच सोमवारी पड़ेगी, जिस कारण यह महीना और शुभ हो रहा है। सालों बाद ऐसा अद्धुत संयोग बाद बन रहा है। सावन के कृष्ण पक्ष में एक तिथि की हानि होने के कारण यह पक्ष 14 दिनों का है। पंडित रामदेव पांडेय ने कहा कि अमावस्या तिथि को पुष्य नक्षत्र मिलने के कारण इस वर्ष मध्यम और समुचित वर्षा की संभावना है। सावन में साग नहीं खाने का विधान है। सावन में प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने का विशेष महत्व है। यह जलाभिषेक मंदिर और घर दोनों जगह कर सकते हैं। यदि प्रतिदिन मंदिर नहीं जा पा रहे हैं, तो सोमवार को मंदिर में जलाभिषेक और व्रत कर सकते हैं। साथ ही सावन में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप, हवन, लघुरुद्र, महारुद्र, अतिरुद्र और शिव चालीसा के पाठ और मंत्र जाप का भी विशेष महत्व है। इस मास में काफी भक्त बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए बैद्यनाथ धाम जाते है। वहीं बाबा अमरनाथ सहित अन्य शिवलिंग का दर्शन करने और जलाभिषेक करने के लिए जाते हैं। इस महीन के प्रत्येक मंगलवार को देवी पूजन और हनुमान जी के पूजन और दर्शन करने का विशेष महत्व है। 5 अगस्त से सावन शुक्ल पक्ष शुरू हो रहा है। इस पक्ष में नवमी तिथि की वृद्धि और द्वादशी तिथि की हानि होने के कारण यह पक्ष पूरे 15 दिनों का है। इस पक्ष में शनिवार को सिंह की संक्रांति पड़ने के कारण अत्यधिक बारिश की संभावना है। 19 अगस्त को रक्षा बंधन और सावन मास का समापन है। साथ ही व्रत और स्नान दान की पूर्णिमा है। 19 अगस्त को रात 12.28 बजे तक पूर्णिमा है। दोपहर 1:25 के बाद से रक्षाबंधन शुरू होगा, क्योंकि इससे पहले भद्रा रहेगा।

### पहाड़ी मंदिर में 21 जुलाई से शुरू हो रहा सावन महोत्सव

**पहाड़ी मंदिर में 21 जुलाई से सावन महोत्सव शुरू हो रहा है। इसका शुभारंभ शाम चार बजे होगा। यह निर्णय मंदिर विकास समिति की बैठक में लिया गया। पहाड़ी मंदिर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। पहाड़ी मंदिर के पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। वहीं कांवरियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रहेगी। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जायेगा। मंदिर को लाइट और प्राकृतिक फूलों से सजाया जायेगा। पहाड़ी बाबा तक जाने के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की गयी है।**

### सावन के पांच सोमवार

सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई
सावन का दूसरा सोमवार 29 जुलाई
सावन का तीसरा सोमवार 5 अगस्त
सावन का चौथा सोमवार 12 अगस्त
सावन का पांचवां सोमवार 19 अगस्त

## बचरा मिडिल स्कूल और पिपरवार जीएम ऑफिस में मतदाता शिविर का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के बचरा मिडिल स्कूल और पिपरवार जीएम ऑफिस में मतदाता शिविर कैंप का आयोजन किया गया। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस कैम्प मे कई लोगो ने मतदाता सूचि मे नाम जोड़ने एवं शुध्दीकरण को लेकर अपना आवेदन जमा किया। जिसमें 68 लोगो ने नया नाम जोड़ना,47 लोगो ने रंगीन पहचान पत्र बनाने एवं 22 लोगो ने शुद्धिकरण का आवेदन जमा किया। इस संबंध में मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया बचरा मिडिल स्कूल में कैंप के बाद पिपरवार जीएम ऑफिस में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं शुद्धिकरण करने को लेकर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को नया नाम जुड़वाने या शुद्धिकरण और रंगीन पहचान पत्र बनाना हो,वह बीएलओ से सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने पंचायत के लोगों से अपील की है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व पंचायत के बीएलओ एवं मुखिया से इन त्रुटियों को ठीक करने का काम जल्द से जल्द करा ले। आगे भी इस तरह के शिविर के माध्यम से मतदाता सूची का काम जारी रहेगा। इस शिविर में मुख्य रूप से बीएलओ कलावती देवी,किरण देवी,गीता देवी, शांति देवी,संतोष कुमार, शिक्षिका रेशमा कुमारी, समाजसेवी किशन कुमार सिंह सहित पंचायत के कई लोग उपस्थित थे।

## कुपोषण की रोकथाम पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले में समुदाय नेतृत्व आधारित कुपोषण की रोकथाम के लिए डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में प्रखंड की सभी महिला सुपरवाइजर और सीडीपीओ ने भाग लिया। कार्यशाला में सीपीएएम कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और खूंटी जिले की पोषण स्थिति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आनेवाले दिनों में एकजुट संस्था और आईसीडीएस मिलकर पोषण स्थिति में सुधार करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में एकजुट संस्था के संजय, तरुण और कालीचरण उपस्थित थे। कहा गया कि यह कार्यशाला कुपोषण की रोकथाम और पोषण सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## जनजातीय समूह के बीच परिसंपत्ति वितरित




राहे (आजाद सिपाही)। रांची जिले के राहे प्रखंड अंतर्गत लाधुप ग्राम में अति कमजोर जनजातीय समूह के बीच जेटीडीएस द्वारा परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी के जिला परियोजना प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने लाभुकों से योजना अंतर्गत वितरित सामग्री से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए कहा। झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इकाई जेटीडीएस द्वारा लक्षित अति कमजोर जनजातीय समूह के 31 लाभुको को ग्राम सभा द्वारा चयन कर रस्सी कार्य के लिए औजार व अन्य सामग्री पूर्व में दिये गये थे। इसी क्रम में रस्सी कार्य हेतु बोरे का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला इकाई की ओर से कविता कुमारी, सीमा होदा, सहयोगी संस्था जन जागरण केंद्र के पुष्कर पातर मुंडा, ग्राम स्तर पर कामेश्वर बिरहोर आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई. ज्ञातव्य हो कि कार्यक्रम सामुदायिक संरक्षण व विकास योजना अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिससे पीवीटीजी समुदाय के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



## लापुंग में मतदाता पुनरीक्षण कार्य



लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में बीडीओ उषा मिंज की अध्यक्षता में बूथ लेवल पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची में प्रपत्र 6 व प्रपत्र 7 नाम जोड़ने व हटाने को लेकर निरीक्षण करने के लिए रांची जिला विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने बूछ लेबल के अधिकारियों के साथ बैठक की। मोनी कुमारी ने ककरिया बूथ में बीएलओ संग बैठकर कर 18 वर्ष से ऊपर युवाओं के नाम जोड़ने मृत लोगों का नाम हटाने की जानकारी दी। बैठक में अंचलाधिकारी पंकज कुमार के अलावे आंगनवाड़ी सेविका व सहायक शिक्षक भाग लिए।

### कुल्ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सांसद ने किया पौधरोपण

# महिलाएं हर क्षेत्र में लहरा रही सफलता का परचम : आदित्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** कुल्ही सरस्वती शिशु विधा मंदिर में प्रदेश भाजपा के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान विद्यालय में में कुल 50 फलदार पौधे लगाये गये। विद्यालय के मुख्य संरक्षक की ओर से 35वां प्रांतीय एवं क्षेत्रीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली खिलाड़ियों को अंग वस्त्र, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि विद्यालय में लगाये गए सभी पौधों की एक बच्चे की तरह देखभाल करनी है। क्योंकि पर्यावरण संतुलन व प्रदूषण से मुक्ति पाने के लिए पेड़-पौधो को लगाना और उन्हें बचाना बेहद जरूरी हो गया है। लगे हाथ कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बहने आज राष्ट्रीय पटल पर विद्यालय के साथ ही इस प्रखंड का मान बढ़ा रही है। हम सभी को इन बहनों पर गर्व हैं। आप इसी तरह लगातार मेहनत करते रहिए और अखिल भारतीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन कीजिए। इस मौके पर छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, पूर्व जिलाधक्ष रणधीर चौधरी, विद्यालय के सचिव चुन्नू महतो, अध्यक्ष बिरजू महतो, सह सचिव कोशिंदर महतो, कोषाध्यक्ष सुखदेव महतो, उपाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ महतो, भारत प्रसाद गुप्ता, कालेश्वर महतो, रमेश बेदिया, नंदलाल महतो, शशि, नेवालाल महतो आदि उपस्थित थे।



पौधारोपण करते राज्यसभा सांसद आदित्य साहू।

# शिव आस्था का बड़ा केंद्र है महादानी बाबा मंदिर, सावन महीने में उमड़ती है भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी बाबा मंदिर शिव आस्था व विश्वास का बड़ा केंद्र है। इसका निर्माण नौवीं शताब्दी में हुआ था। वहीं, कुछ इतिहासकारों का कहना है कि 1048 से 1100 ईसवी के बीच महादानी मंदिर की रचना हुई। भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर की अनुकृति में बना महादानी मंदिर में द्रविड़ व नागर शैली का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। पौराणिक कथा व दंत कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने खुद अपने हाथों से महादानी मंदिर की रचना की है। पुरातत्वविदों के शोध पत्र में महादानी मंदिर का निर्माण पाल वंश के शासक धर्मपाल के शासन काल के दौरान बताया गया है। वहीं, बेड़ो कॉलेज के इतिहास विभाग के विद्वानों ने भी मंदिर की रचना पाल वंश के समय की बताते है। यहां जनजातीय समुदाय की ओर से आदि देव महादेव शिव की पूजा और संबंधित परंपराओं का इतिहास है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां का पुजारी कोई पंडित न होकर गांव का पाहन है। जो आज भी आदिवासियों व स्थानीय लोगों के बीच महादानी मंदिर के प्रति आस्था व विश्वास कायम है। यहां प्रत्येक वर्ष महादानी मंदिर में शिव को नए चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाकर ही लोग नई फसल का उपयोग करते हैं। प्रति वर्ष यहां हड़बोड़ी बूढ़ा जतरा का आयोजन होता है। पारंपरिक समाजिक नियम की अदायगी के बाद गांव के पहान की अगुवाई में ढ़ोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा, झंडा व दीप कलश के साथ एक शोभायात्रा निकाली जाती है। जो आज भी प्रासंगिक है। हड़बोड़ी जतरा के पूर्व बेड़ो में घर-घर परंपरा के अनुसार लड्डू के नाम से नए चावल से पीठा बनाकर देवी- देवताओं को भोग लगाया जाता है। गांव के सभी लोग महादानी मंदिर में गोयंदा व गोयंदी यानी शिव-पार्वती के नाम से मंदिर में महादानी बाबा को नए चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाते है। सावन में पूरे एक महीने तक श्रृंगार पूजा के अलावे, दुर्गा पूजा, महाशिवरात्रि, रामनवमी, हड़बोड़ी जतरा के मौके पर इस शिवालय में शिव भगवान की आस्था की बयार बहती है। वहीं, मान्यता यह भी है कि जनजातिय समुदायों का दल आखेट के दौरान यहां रात्रि में विश्राम किया था। जिस कारण इस जगह का नामकरण किया गया। मुंडारी भाषा में बेड़ा का अर्थ सूर्य होता है। सूर्योदय होने के बाद घने जंगलों व झाड़ियों के बीच इन्होंने इस जगह को देखा। इसीलिए इस क्षेत्र का नाम कालान्तर में बेड़ा यानि सूर्यादय के कारण धीरे-धीरे यह बेड़ो हो गया। वहीं महादानी मंदिर के शिवलिंग में चढ़ने वाले जल, दूध, फल फूल व अन्य पूजन सामग्री बहते हुए उत्तर की ओर स्थित डुकु तलाब में प्रवाहित होता था। लेकिन कलान्तर में मानवीय हस्तक्षेप के बाद यह श्रोत बंद हो गया।



बेड़ो महादानी मंदिर का शिवलिंग।

### मन्नतें पूरी करते हैं महादानी बाबा

महादानी बाबा मंदिर शिव भक्ति का बड़ा केंद्र है। आज भी यह मंदिर भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था व श्रद्धा की मिसाल है। यह झारखंड के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर में शिवरात्रि व सावन के मौके पर बाबा भोले के दर्शनों के लिए भक्तगणों का तांता लगा रहता है। झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग इस मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

भक्तगणों का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत बाबा पूरी करते हैं। वहीं मंदिर परिसर में स्थापित मां पार्वती,बजरंगबली व मां संतोषी की मंदिर है।और मां दुर्गा की भव्य मंदिर अभी बन रहा है। इस मंदिर के नाम महादानी के नामकरण के पीछे लोक आस्था का पुट छिपा हुआ है। दंतकथा के अनुसार भगवान शंकर के दरबार में मन्नत मांगने पर मंदिर के मुहाने पर याचक को खुद बाबा भोलेनाथ पूरी करते हैं। रात में मांगने पर सुबह में घरेलू सामग्री मंदिर परिसर में रखा हुआ मिलता था। इसलिए कालान्तर में इस मंदिर का नाम महादानी पड़ा। यहां मात्था टेकने और बाबा का आशीर्वाद पाने के बाद महादानी के दरबार से कोई निराश होकर नहीं लौटता है।

## अनगड़ा आरटीसी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय इंग्लिश एलंक्यूशन प्रतियोगिता का आगाज




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय इंग्लिश एलंक्यूशन प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी बोलने के कौशल को बढ़ावा देना, उच्चारण, वितरण और आवाज के उतार-चढ़ाव के संदर्भ में, और अंग्रेजी को उसके बोलचाल के रूप में विकसित करना है। इस वर्ष भी कई बच्चे प्रतिभागी के रूप में अपने नाम दिए। इससे एक बहुत ही रोचक ऑडिशन राउंड हुआ। प्रतियोगिता के लिए चुनी गई कविताएं विविध और बहुत ही मनोरंजक थीं। प्रतियोगिता को 2 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहला राउंड कक्षा नर्सरी से पांचवीं के लिए और दूसरा राउंड कक्षा छठवीं से 10वीं के लिए। प्रथम दिन कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इंग्लिश एलंक्यूशन ऐसी विधि है जिसके द्वारा छात्रा को उसके मानसिक और आत्मिक स्तर को सुधारने में मदद मिलती है। प्रथम स्थान पर मिथिलेश गोप, आदित्य कुमार, मनीष बेदिया, स्नेहल प्रवीण, अक्षत गौर, सीधी महतो, आदर्श राज आदि रहे। सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिक्षिका पुतुल नीलू नाग व स्नेहा शालिनी ने किया।

# विधायक राजेश कच्छप ने विधानसभा क्षेत्र में दिलायी तीन पुल की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** विधायक राजेश कच्छप ने अपनी अनुशंसा पर खिजरी विधानसभा क्षेत्र में तीन पुल की स्वीकृति दिलाई है। जिसमें नामकुम प्रखंड के सिलवे पंचायत अंतर्गत गढ़ा टोली गांव व रामपुर पंचायत के बुदरी गांव में पुल निर्माण एवं लाली पंचायत के गुरुड़पिड़ी से बारेडंडा गांव के बीच टुंडी नदी पर पुल का निर्माण शामिल है। विधायक ने कहा कि हमारा प्रयास रहेंगा कि प्रत्येक गांवों को मुख्य पथो से जोड़कर आम जनता को सुविधा पहुंचायें स्वीकृत पुल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी। विधायक ने अपने चुनावी वादों को पूरा करते हुए तीनों पुल की स्वीकृति दिलाया। साथ ही विभाग मंत्री डॉ इरफान अंसारी के प्रति आभार प्रकट किया है। बता दे कि तीनों पुल का शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा।



## पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों के साथ मिल कर श्रमदान कर बनवायी सड़क



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से सटे करांजी गांव के जराटोली में ग्रामीणों ने शुक्रवार को श्रमदान कर सड़क बनाया। सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने अधिकारियों से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक व सांसद तक से गुहार लगाई। लेकिन आश्वासन के सिवा ग्रामीणों को कुछ भी नहीं मिला। इससे नाराज ग्रामीणों ने खुद के श्रमदान से सड़क का निर्माण कर लिया। गांव के ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव से जाने के लिए किसान और व्यवसायियों को प्रतिदिन गुजरना पड़ता है।बरसात के शुरू होते ही सड़क पर गड्ढे बन जाने से आवागमन में बहुत परेशानी हो रही थी। कई बार आवेदन के बावजूद किसी ने सुधि नहीं ली। इसके बाद पूर्व पंसस अमीन अंसारी गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं होने के कारण श्रमदान कर सड़क बनाने का निर्णय लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रमदान कर सड़क बना डाला। इधर ग्रामीणों द्वारा श्रमदान की जानकारी मिलने पर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत पहुंचे और ग्रामीणों का सहयोग किया। साथ ही वरीय अधिकारीयों से मिलकर सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। श्रमदान करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि बबलू खान, पूर्व पंसस अमीन अंसारी, आकाज मंजर, नौशाद आलम, संजय तिर्की, बसीर अंसारी, सगीर अंसारी, हारुन अंसारी, महताब अंसारी, तैयब अंसारी, आकिब आलम, जुबेर आलम आदि ने योगदान दिया।

# जनजातीय आदिवासियों के साथ किया जा रहा अन्याय: हिंदूवा उरांव

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जनजाति आदिवासियों के हक और अधिकार को लेकर पूरे देश में पत्र लेखन कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड प्रांत के सह संयोजक हिंदूवा उरांव ने शुक्रवार को नगड़ी पोस्ट ऑफिस में प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र डालकर नगड़ी से पत्र लेखन कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आजादी के 75 साल बीच जाने के बाद भी जनजातीय आदिवासियों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है। धर्मांतरित होकर जनजातीय आदिवासी समाज ईसाई या इस्लाम धर्म को अपना रहे और अपनी परंपरा, नियम, पूजा आदि का त्याग कर रहे हैं। ऐसे लोग या समूह हमारे 80 फीसदी अधिकार खा जा रहे है। जिसे रोका जाना चाहिए। साथ ही धर्मनंतरित हुए व्यक्तियों को चिन्हित कर जनजाति सूची से बाहरनिकाल देना चाहिए। बताया कि जनजातीय आदिवासी समाज से नाता तोड़ चुके लोगों को चिन्हित कर डीलिस्टिंग किया जाए। इसे लेकर झारखंड के हर गांव से लोग प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखकर डीलिस्टिंग की मांग कर रहे है। फिलहाल झारखंड से एक लाख लोग पत्र लिखेंगे। जिसके माध्यम से डीलिस्टिंग की मांग की जाएगी। इसके बाद भी उनकी बातों को नहीं सुना गया और मांगों को पूरा नहीं किया गया तो फिर झारखंड के एक लाख और पूरे देश से 10 लाख जनजाति लोग दिल्ली कूच करेंगें और जंतर मंतर पर मांगों पूरी होने तक धरना देंगें।




## पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों लेकर दिया धरना

**पिस्कानगड़ी/इटकी (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ रांची के आह्वान पर नगड़ी के पंचायत सचिव संघ की ओर से प्रखंड परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगड़ी प्रखंड पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष सालिक लोहार ने की। इस दौरान ग्रेड पे 2400 रुपये और योग्यता के आधार पर नियोजन की मांग की गयी। मौके पर सालिक लोहरा, अक्षय सिंह, भुवनेश्वर ठाकुर, विशाल आंनद आदि शामिल थे। वहीं, इटकी प्रखंड के मनरेगा कर्मियों के सांकेतिक हड़ताल में चले जाने पर कार्य पूर्णतः ठप हो गया है। वहीं, शुक्रवार को पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन किया। वहीं, प्रखंड के पंचायत सचिवों ने भी अपने दो सूत्री मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय के समीप एक दिवसीय धरना देकर आवाज बुलंद की है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## समय पर वर्षा नहीं होने से पिछड़ रही खेती, सूख रहे बिचड़े, किसान चिंतत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों को फसल बोआई की चिंता होने लगी है। उन्हें इस वर्ष भी अकाल होने की चिंता सता रही है। क्षेत्र में वर्षा नहीं होने से किसान मायूस नजर आ रहे है। समय पर वर्षा नहीं होने पर इस वर्ष फसल के तैयार होने में देरी हो सकती है। किसान अभी भी वर्षा की आस में ट्रैक्टर व हल बैल के माध्यम से जुताई कर रहे हैं। किसानों को अभी भी पर्याप्त वर्षा होने की उम्मीद है। साधन संपन्न किसान मोटर पंप के सहारे धान की रोपाई कर रहे हैं। वर्षा के सहारे रहने वाले किसानों की धान का बिचड़ा पानी के अभाव में सुख रहे हैं। प्रखंड के किसान पवन कुमार, रोहित गोप पंकज कुजूर, दीपक उरांव बीरू उरांव व पुनई उरांव का कहना है कि तीन से चार दिनों के भीतर अच्छी वर्षा नहीं हुई, तो किसानों की फसल को काफी नुकसान होगा। जबकि सोमवार से सावन शुरू हो रहा है, लेकिन गांवों में अभी तक झमाझम बारिश नहीं हुई है। इस साल पहली बार ऐसी स्थिति है कि वर्षा सिर्फ 10 से 15 मिनट तक ही हो रही है, ऐसे में खेतों में पानी नहीं रूक रही है। वर्षा की आश में हम सभी किसान धान के बीजों से अपने खेतों में बिचड़ा तैयार कर चुके हैं। बीज पौधा बन गया है। समय पर वर्षा नहीं होने से अब धान के पौधे पीला होने लगे है। समय रहते वर्षा नहीं हुई तो तीन से चार दिनों के भीतर धान के पौधों पर खतरा मंडराएगा। अब किसानों के धान फसल को वर्षा होने का इंतजार है, ताकि खेतों की प्यास बुझ सके। पूरे प्रखंड में 90 प्रतिशत किसान कृषि पर निर्भर है जिसमें सबसे अधिक धान फसल लगाते हैं, जो पूरी तरह से मानसून पर निर्भर रहता है। ऐसे में प्रभावित किसानों को अब धान फसल बचाने के लिए झमाझम वर्षा होने का इंतजार है।

## सड़क पर धानरोपनी कर ग्रामीणों ने दर्ज कराया विरोध



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव के ग्रामीणों ने सरकारी उपेक्षा व जनप्रतिनिधियों के आश्वासन से तंग आकर शुक्रवार को गांव के सड़क में धानरोपनी कर विरोध प्रकट किया। जानकारी के अनुसार गांव के पाहन खलिहान से धरधोरा धाम जाने वाला मुख्य सड़क काफी खराब है। सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सांसद, विधायक, विभागीय अधिकारियों समेत पंचायत प्रतिनिधियों को कई बार आवेदन दिया, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। इससे तंग आकर दर्जनों महिला-पुरुषों ने सड़क में धनरोपनी कर विरोध प्रकट किया। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही उक्त सड़क को नहीं बनाया जाएगा तो भविष्य में ग्रामीण और भी उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

## मानदेय नहीं बढ़ाने पर होगा आंदोलन : रमेश उरांव



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हेमंत सोरेन सरकार से सरकारी योजनाओं में ग्राम प्रधानों की उपेक्षा, पेसा कानून के तहत अधिकार, मानदेय 10,000 तक करने की मांग की है। रमेश उरांव ने पूर्व की रघुवर दास सरकार का हवाला देते हुए बताया कि रघुवर सरकार के कार्यकाल में सभी योजनायें ग्राम सभा में बनाकर पारित किया जाता था। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्राम सभा को पेसा कानून 96 के तहत लोकसभा, विधान सभा से ज्यादा शक्ति ग्राम सभा को दी जाती थी। पर हेमंत सोरेन के कार्यकाल में ग्राम सभा को ताक पर रखकर सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अबुआ आवास में ग्राम सभा को दरकिनार कर पैसे वाले लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिसकी शिकायत पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री और अधिकारियों को लिखित तौर पर देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सोरेन सरकार को चेताते हुए कहा कि अपने बचे हुए कार्यकाल में सरकार ग्राम प्रधान, मानकी, मुंडा, पईन भरा, कोईटवर के जीवन यापन पर गंभीरता से विचार करे अन्यथा ग्राम प्रधान प्रदेश महासंघ चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगा।

# झारखंड कुरमी महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह 21 को

### सुदेश महतो एवं सांसद सीपी चौधरी सहित वरिष्ठ नेताओं का होगा जमावड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड कुरमी महासभा के तत्वावधान में 21 जुलाई को जेडी नेशनल बीएड कालेज में 10वां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होना है। जिसमें साल 2024 में 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुरमी समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो होगें। इसके अलावा राज्यसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व मंत्री सह मांडु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, शिक्षाविद डॉ अमर कुमार चौधरी, राष्ट्रीय संरक्षक रोशनलाल चौधरी, शिवलाल महतो, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर गांधी, प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो, प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो, प्रदेश युवा अध्यक्ष पंकज कुमार महतो, प्रदेश महिला अध्यक्षा श्रीमती शांति महतो, महासचिव श्रीमती रीता देवी, मनन विद्या ट्रस्ट के चैयरमैन मनरखन महतो, डॉ राजेश कुमार रानी, राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री धनंजय कुमार, राष्ट्रीय संगठन मंत्री उपेंद्र सिंह, सरदार वल्लभ भाई पटेल न्यास के अध्यक्ष सुजित कुमार आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कारीनाथ महतो ने बताया कि 21 जुलाई को पंजीयन एवं छात्र-छात्राओं का कैरियर काउंसलिंग होगा। इसके बाद 50 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।





## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मुखिया व जिप सदस्य ने किया पौधरोपण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस अभियान में देश में 140 करोड़ पौधे लगाने का महा अभियान चल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप एवं जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तुंबागुटू गांव में एक-एक पेड़ लगाया। जिप सदस्य ने कहा कि पेड़ सभी जीवों का संचालक है। जीवन में हम सभी को मां के नाम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। साथ ही उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। मौके पर सुधीर कुजूर, अमन सौरव, नेहा तिग्गा, सुमित कच्छप, रोहित तिर्की, संजय लाल, नवीन केरकेट्टा, निर्मल केरकेट्टा, समीर लकड़ा, अनामिका गाड़ी, निमिसा तिग्गा, कोशी कच्छप आदि उपस्थित थे।

## टाटासिलवे में नेत्र जांच शिविर आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे कार्यालय में शुक्रवार को मां जानकी देवी की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डां मधुसूदन पांडे, लाइफ केयर अस्पताल की डां हेमलता भारती एवं भारत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इसमें आसपास के दर्जनों मरीजों ने जांत कराया। डॉ हेमलता भारती ने कहा कि आंख हमारे जीवन का आधार है। इसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। कहा कि इसी उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं, डॉ अमर वर्मा ने बताया कि लाइफ केयर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सेवा उपलब्ध है। शिविर में अमीन अख्तर, रीमा, रश्मि, नरेश, ललिता आदि मौजूद थे।

## नाराजगी : झारखंड सरकार की मंशा पर प्रथम महापौर ने उठाया सवाल

# यह कैसा अबुआ राज, जहां आदिवासी बेटियां सुरक्षित नहीं : अरुणा शंकर

## कहा- हर छह घंटे में एक महिला हो रही दुष्कर्म की शिकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने आदिम जनजाति की नबालिग बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दिए जाने की घटना पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। कहा कि यह कोई सामान्य घटना नही है। पर झारखंड में हेमंत सरकार में इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है। लेकिन मैं ऐसा होने नहीं दूंगी। यह लडाई सिर्फ पीड़िता की मां की नहीं, बल्कि यह सवाल महिला सुरक्षा और आदिवासी समाज से जुड़ा है। केंद्र की मोदी सरकार का यह निरंतर प्रयास है कि वर्षो से विकास के मामले में पिछे छूट गये जनजाति समाज को आगे बढ़ाया जाए। पर झारखंड सरकार के स्तर पर इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी जा रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में देखने को मिल रहा है। आखिर यह कैसा अबुआ राज है जहां आदिवासी समाज की बेटियां सुरक्षित नहीं है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव जाकर पीड़िता के परिजनों से मुलाकात के बाद शुक्रवार को उक्त बातें कही। उन्होंने आदिवासी समाज की बहन-बेटियों की सुरक्षा के सवाल पर राज्य सरकार को कटघड़े में खड़ा किया। सवाल किया कि क्या आदिम जनजाति परिवार के नाबालिग के जान की कोई कीमत नहीं है? आदिवासी समाज की बेटियां मानव तस्करी की शिकार हो रही है और शासन प्रशासन चुप है। नावाडीह के कोरवा की बेटी की दुष्कर्म के बाद बिहार के सासाराम में तीन जून को हत्या की गयी है। उसे ईंट-भट्टा में काम कराने के लिए ले जाया गया था। जो उमा सिंह के ईट भट्टा में वह काम करती थी। छह जून को नाबालिग की मां की शिकायत पर रामगढ़ थाना में मामला दर्ज हुआ है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई पुलिस के स्तर से नहीं की गयी है। यह बताने के लिए काफी है कि झारखंड सरकार के लिए महिला सुरक्षा का सवाल कोई अहमियत नहीं रखता। अरूणा शंकर ने कहा कि झारखंड में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। विगत चार वर्षो में लगभग छह हजार से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। आंकड़ों के मुताबिक प्रत्येक छह घंटे में यहां एक महिला दुष्कर्म की शिकार हो रही है। इसे रोकने की दिशा में सरकार-प्रशासन का रवैया क्या है उसे बताने के लिए नावाडीह की घटना ही काफी है। उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति वर्ग से जुड़े इस मामले में पीड़ित परिवार को न्याय मिले इसके लिए वह सक्रियता के साथ आवाज बुलंद करेगी। भाजपा चुप नहीं बैठेगा। इंसाफ की लड़ाई जारी रहेगी और जीत भी होगी। यही भरोसा दिलाने के लिए वह पीड़ित परिवार से मिलने उसके गांव आयी हैं। ताकि दुख की घड़ी में यह परिवार खुद को अकेला ना समझे।



पीड़ित परिवार से मिलने उसके गांव पहुंची प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

## पौधरोपण से धरती व पिंड पानी से मृतक की आत्मा को मिलती है शांति : कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल व जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल के बगिया पंचायत के धोबीडीह निवासी स्व देवमाती देवी के श्राद्धकर्म में शामिल हुआ। इस दौरान उनकी आत्मा के शांति के लिए पौधरोपण किया। डॉ कौशल किशोर ने मृतक के परिजनों के सहयोग से पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासियां आम का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल परिजनों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि यदि घर में मुखिया का साया सर से हट जाय तो उनके नाम पर पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाना चाहिए। जिस तरह घर का मुखिया (गार्जियन) अपने परिवार के सुख सुविधा का ख्याल रखता हैं। ठीक उसी तरह एक वृक्ष मानव जीवन के लिए 10 कार्य करते हैं। यह भी कहा कि भीषण गर्मी और प्रदूषण से मुक्ति पाना है तो लोग अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन में शामिल करें। क्योंकि प्रदूषण की विभीषिका से बचने का दूसरा और कोई विकल्प नहीं है ।

छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि केवल सेजिया दान से नहीं बल्कि पौधा दान से ही मृतक की आत्मा की शांति मिलती है। इसलिए जीवन के हर मौके पर पौधा लगाकर उसे अपने बच्चों की तरह बचाएं। मौके पर स्वर्गीय देवमती देवी के पति रामलखन यादव, पुत्र मनोज यादव, रवि शंकर यादव, अरविंद कुमार यादव, शिवकुमार यादव,पुत्री प्रमिला देवी व प्रतिमा देवी बगिया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, धर्मेंद्र रजक, लक्ष्मी यादव, राजनंदन यादव, रामप्रवेश यादव और पंकज कुमार उपस्थित थे।

## कुंदरी सड़क हादसे के 10 आरोपी गये जेल



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी सड़क हादसा कांड के 10 आरोपितों को लेस्लीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपितों को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी पहचान कुंदरी के अजय कुमार, भोला यादव, धर्मेंद्र शर्मा, अमन कुमार उर्फ लकी मेहता, संदीप साव, रवि यादव, सुरेन्द्र पाल, विकास साव, रणविजय मेहता और प्रमोद मोची के रूप में हुई है। सभी पर डाल्टनगज- पांकी मुख्य मार्ग को अवरुद्ध करने, सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी सम्पत्ती का नुकशान पहुंचाने, पुलिस प्रशासन को अपशब्द एवं धमकी देने, पब्लिक बस में आग लगाकर जलाने एवं कानून को अपने हाथ में लेकर बस चालक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है। संबंधित घटना को लेकर नीलांबर पीतांबरपुर के प्रभारी अंचल निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी ने लेस्लीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें बस की चपेट में आने से मौत के बाद घटित घटना को लेकर 20 लोगों पर नामजद एवं 500 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। नामजद प्राथमिकी अभियुक्त में कुंदरी गांव निवासी स्वर्गीय जयराम विश्वकर्मा के पुत्र काशी विश्वकर्मा एवं बादल कुमार के साथ-साथ कुंदरी गांव के ही टेपा विश्वकर्मा, छोटू महतो, रवि यादव, विकास कुमार साव, कुंदन मेहता, सुरेंद्र पाल, मोती साव, संदीप साव, प्रमोद मोची, हैदर मियां, लकी मेहता, धर्मेंद्र शर्मा, सुनील कुशवाहा, भोला यादव, छोटू ठाकुर, अभय यादव, रणविजय मेहता एवं बिट्टू मेहता का नाम शामिल है। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने अपील की है कि किस भी प्रकार का घटना घटित होने के बाद विधि-व्यवस्था भंग ना करें। ना ही कानून को अपने हाथ में ले।

## बीस सूत्री अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** प्रखंड में शिक्षा विभाग की ओर से संचालित रुआर 2024 कार्यक्रम को सही तरीके से संचालन को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने शुक्रवार को विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय कउवल में एक भी शिक्षक उपस्थित नहीं मिला। वहीं, छात्र-छात्राएं खेलते नजर आए। जिस पर अध्यक्ष वह उपाध्यक्ष ने चिंता जाहिर करते हुए प्रखंड कार्यक्रम प्राधिकारी शशि कुमार को इस पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। बीपीओ शशि कुमार ने बताया कि उक्त विद्यालय में एक शिक्षिका है जो इस दिन छुट्टी पर हैं। अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने कहा कि यह बहुत ही चिंतनीय विषय है। जिन विद्यालयों में बच्चे नहीं हैं वहां शिक्षकों की भरमार हैं और उत्क्रमित मध्य विद्यालय कउवल में 181 बच्चों उपस्थित थे, जबकि यहां एक भी शिक्षक नहीं है। इसे कतई बर्दाशत नहीं किया जाएगा। जिस विद्यालय में अधिक शिक्षक हैं वहां के शिक्षकों का तबादला करते हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय कउवल में भेजने का आदेश निर्गत किया जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने बच्चों को मैदान में खेलते देख कर चिंता जाबिहर की। कहा कि पदाधिकारी की कमी से छतरपुर का भविष्य बर्बाद हो रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक तरफ सरकार बच्चों को विद्यालय लाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है तो दूसरी तरफ पदाधिकारी की कमी से विद्यालय में शिक्षक उपस्थित नहीं हो रहे हैं। बच्चे इधर-उधर भटक रहे हैं ऐसे में रुआर कार्यक्रम का औचित्य समझ से परे है। बच्चों के जांच के क्रम में पाया गया कि यहां के बच्चों को विषय की जानकारी किसी भी प्राइवेट विद्यालय के बच्चों से कम नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षकों एवं विभाग के कमी के कारण इनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। बच्चों ने भी कहा कि वे लोग गरीब घर से होने के कारण प्राइवेट विद्यालय में नहीं जा सकते हैं। यदि उन्हें बेहतर शिक्षा दी जाती है तो वे भी किसी भी प्राइवेट विद्यालय के बच्चों से कम नहीं है। वे प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। वहीं, चंदन प्रकाश सिन्हा ने बच्चों को लगातार दो घंटे तक पढ़ाते हुए सफलता के गुण सिखाए एवं अंग्रेजी विषय पढ़ाया। उनके पढ़ाई से बच्चे बहुत खुश नजर आये। चंदन प्रकाश सिन्हा ने हर हाल में दूसरे विद्यालयों से शिक्षकों की तबादला की बात कही। कहा कि आवश्यकता पड़ी तो इसके लिए शिक्षा सचिव के साथ झारखंड के शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भी इस स्थिति से अवगत कराते हुए शिक्षकों को अनुपातिक पदस्थापना की मांग की जाएगी।

## झारखंड के सभी शिक्षकों को मिले सम्मान: रामाशीष



**उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा समाजसेवी रामाशीष यादव का विश्रामपुर विधानसभा दौरा जारी है। वो लगातार क्षेत्र के विभिन्न वर्गों से मुलाकात कर जनसमस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। शुक्रवार को उंटारी रोड प्रखंड में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने चेचरिया मध्य विद्यालय का अवलोकन किया। विद्यालय में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा प्रायोजित रेल प्रोजेक्ट प्रोग्राम के तहत साप्ताहिक परीक्षा ली जा रही थी। इस दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षिक विकास में रेल प्रोजेक्ट कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन समिति से बातचीत के दौरान जानकारी मिली कि विद्यालय में शिक्षकों का घोर अभाव है। राज्य सरकार की अनदेखी से शिक्षकों में व्याप्त असंतोष की भावना है। शिक्षकों की लंबित मांगो पर अब तक कोई पहल नहीं की गई है। इस पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को गंभीरता से शिक्षकों की मांग को पूरी करनी चाहिए। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होतें हैं। इनकी मेहनत से कई परिवार के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होता है। ऐसे में शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करना सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासिनता को दर्शाता है। कहा कि सही जनप्रतिनिधि नहीं चुने जाने से समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है। बिश्रामपुर का भी हाल यही हो गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीआरआइ पंप के प्लंबर मीट का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जेपी चौक स्थित आलोक परिसर में शुक्रवार को सीआरआई पंप के पलंबर मीट आयोजित हुआ। जिसका आयोजन आर्थोराइज्ज डीलर आलोक हार्डवेयर ने किया। कार्यक्रम में कंपनी के सेल्स मैनेजर राजू सिन्हा, सर्विस हेड इंजीनियर नीरज विजय, आयुष दीक्षित आदि ने जानकारी दी। कहा कि भारत सरकार की ओर से विगत 14 वर्षो से एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का अवार्ड दिया जा रहा है। इस कंपनी के मोटर से बिजली की कम खपत होती है। इसलिए राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्र ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार भी कंपनी को दिया गया है। मौके पर आलोक हार्डवेयर के प्रो लोकनाथ केशरी, रामजी केशरी, लखन जी केशरी के अलावे रामजी विश्वकर्मा, जनेश्वर मिस्त्री, नारायण विश्वकर्मा, राजू प्रजापति रामस्वरूप प्रजापति, शंभू मिस्त्री अंशु, रॉकी सिंह व राजेंद्र आदि थे।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बलडीहरी गांव में नौजवान मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के तत्वाधान में खेलकूद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अतिथियों ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न मुहर्रम अखाड़ा के युवाओं ने भाला, बरछा, तलवार, लाठी से एक से बढ़कर एक करतब दिखाया। अपने संबोधन में समाजसेवी आरजू खान ने कहा कि मुहर्रम से ही इस्लामी वर्ष का पहला महीना शूरू होता है। ईमाम हुसैन और उनके लोगों की शहादत की याद में दुनियाभर के मुसलमान मुहर्रम पर्व मनाते हैं। यह पर्व सच्चाई की जीत है। कहा कि हुसैनाबाद हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल है। इस खेलकुद प्रतियोगिता में बिहार के रोहतास जिला के अंकोरीगोला, झारखंड गढ़वा जिले के चमरही, हैदरनगर थाना क्षेत्र के साढ़या आदि मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के लोगों ने भाग लिया। आरजू खान ने प्रथम पुरस्कार अंकोरीगोला की टीम को दिया। जबकि द्वितीय पुरस्कार समाजसेवी गुड्डू खान द्वारा चमरही टीम को दिया गया। तीसरा पुरस्कार सढ़या को दिया गया। मौके पर यावर खान, नूर आलम खान, इस्तिखार खान, सहमुद खान, सद्दाम खान, वसीम खान, शमशाद अंसारी, नौशाद अंसारी, औरंगजेब अंसारी आदि थे।

## विधानसभा चुनाव जिताने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है : अजीत तिवारी




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय बैठक शुक्रवार को विश्रामपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष परवेज अली उर्फ मुन्ना खान और संचालन विश्रामपुर विस अध्यक्ष मो गुलाम नबी ने किया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक अजीत तिवारी ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी देते हुए जीत सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने को कहा। वहीं, झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव बड़ू दुबे ने कहा कि बिश्रामपुर के विधायक 10 वर्ष में एक भी विकास का काम नहीं किये। यहां के युवा, किसान, मजदूर अपेक्षित है। वहीं, मुन्ना खान ने कहा कि युवा कांग्रेस पूरे जिले में सक्रिय है और लगातार जनसेवा कर रहा है। प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी ने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। आगामी विस चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, सचिव जहांगीर अंसारी, विधानसभा महासचिव आरिज आलम, सचिव गोल्डन शाह, राशिद अंसारी, नवाबजार प्रखंड अध्यक्ष कैलाश मेहता, उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सचिव सुलतान अंसारी, जावेद अख्तर, मुमताज आलम, नासिर अंसारी आदि थे।

## विशेष पूजा में शामिल हुए विधायक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत नावाडीह कला के आरसीआईटी कॉलेज परिसर में स्थित सर्व मनोकामनापूर्ति अष्टभुजी और साईं मंदिर के का चौथा वार्षिक उत्सव शुक्रवार को धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में कई धर्मिक अनुष्ठानों के बीच पूरे विधि-विधान के साथ विशेष पूरी हुई। गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ और दीपोत्सव कराया गया। रुद्र महाकाल ग्रुप द्वारा आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गयी। इसमें मुख्य यजमान के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व उनकी पत्नी तेतरी चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, लक्ष्मी चंद्रवंशी कॉलेज की प्राचार्या नूतन रानी, संजय चंद्रवंशी, मंजू चंद्रवंशी आदि शामिल हुए और आशीर्वाद मांगा।

## विश्रामपुर कार्यालय का अवलोकन करने पहुंचे आरटीआइ सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# 15वें वित्त में बड़े पैमाने पर अनियमितता उजागर, डीसी से की जायेगी शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के नौ जुलाई के पत्रांक 386 के आलोक में आरटीआई सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य आरआर मेहता, संस्था के ईस्ट जॉन प्रभारी धनंजय पांडेय व पलामू आरटीआई सेल के जिला अध्यक्ष अनिल मिश्रा शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां मांगी गई सूचना का उनके द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान कई अभिलेख की जांच की गयी। जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमिता व लापरवाही बरते जाने का मामला प्रकाश में आया। अभिलेख के अवलोकन में पाया गया कि कार्य योजना अभिलेख में मैटेरियल सामग्री व विल वाउचर चालान नहीं है। किसी भी वाउचर में वेंडर व सप्लायर के हस्ताक्षर दिनांक अंकित नहीं है। ना ही सामग्री खरदारी का स्थान रिकॉड दर्ज किया गया है। इस अवसर पर आरआर मेहता ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि चोरी का मैट्रियल सामग्री से योजना का कार्य किया जा रहा है। जिससे राज्य सरकार को राजस्व की क्षति हुई हैं। जिसमें प्रखंड व पंचायत के आधिकारियों की संलिप्तता रही होगी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर पलामू डीसी व झारखंड सरकार के मुख्य सचिव तक कार्रवाई के लिए लिखा जायेगा। पूरा मामला भ्रष्टाचार, लूट-खसोट व सरकारी राशि के बंदरबांट से जुड़ा हुआ है। विदित हो कि आरटीआई सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य आरआर मेहता की ओर से सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत विश्रामपुर के सभी पंचायत के 14 वें, 15 वें वित्त, मनरेगा आदि से संबंधित सूचना की मांग की गई थी। जिसके तहत विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कार्यालय के पत्रांक 386 दिनांक 9 जुलाई को एक पत्र निर्गत कर दस्तावेजों का निरीक्षण करने को कहा गया था। इसके लिए प्रखंड के सभी रिकार्ड दस्तावेजों का निरीक्षण कराने के लिए 19 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। आरआर मेहता ने बताया कि निरीक्षण के उपरांत जिस रिकार्ड / दस्तावेज की सूचना की आवश्यकता हो उसे चिन्हित करने को कहा गया था, जिसकी राशि जमा करने के बाद सूचना उपलब्ध कराया जायेगा।



अभिलेख का अवलोकन करते आरटीआई कार्यकर्ता।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
### (जिला निर्वाचन शाखा)

—: आम सूचना:—

भारत निर्वाचन आयोग, सचिवालय नई दिल्ली का पत्रांक 64/पूर्व अनु०/झार०–वि०स०/2024 दिनांक 18.07.2024 एवं मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग झारखण्ड राँची का पत्रांक–02/नि०म० के०पु० 18–01/2023/4259, दिनांक 16.07.2024 के आलोक में कोडरमा जिला अन्तर्गत 19–कोडरमा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्न मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन के प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा सहमति प्रदान की गई है, जिसकी सूची निम्नवत् है:–

| क्र0 | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | प्रखण्ड का नाम | वर्तमान मतदान केन्द्र की संख्या एवं नाम | स्थल/भवन परिवर्तन हेतु प्रस्तावित मतदान केन्द्र का नाम | वर्तमान मतदान केन्द्र से प्रस्तावित मतदान केन्द्र की दूरी (कि0मी0) | स्थल परिवर्तन का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 |
| 1 | | कोडरमा | 152, कन्या मध्य विद्यालय, कोडरमा (पश्चिमी भाग) | नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, फुलवरिया (बिरहोर टोला) | लगभग 4.00 किलोमीटर | 4.00 कि0मी0 की दूरी होने के कारण |
| 2 | | | 81, सामुदायिक भवन, राणा टोला (पूर्वी भाग) | आंगनबाड़ी केन्द्र तुरियाटोला, तिलैया बस्ती। | लगभग 400 मीटर | सामुदायिक भवन, राणा टोला में अब आयुष्मान स्वास्थ्य उपकेन्द्र का संचालन किया जा रहा है। |
| 3 | | | 371–सामुदायिक भवन, डोंगोडीह | 371–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुरहा (प0 भाग) | लगभग 0.1 कि0मी0 | मतदान केन्द्र भवन की स्थिति जर्जर होना एवं AMF की सुविधा उपलब्ध न होना। |
| 4 | | | 372–आंगनबाडी केन्द्र, लालुडीह | 372–नव प्राथमिक विद्यालय, लालुडीह | लगभग 1 कि0मी0 | AMF की सुविधा उपलब्ध न होना एवं मतदाताओं के लिए पर्याप्त जगह न होना। |
| 5 | | | 381–अम्बेडकर भावन, नावाडीह | 381–आंगनबाडी केन्द्र नावाडीह | लगभग 0.005 कि0मी0 | AMF की सुविधा का अभाव होना एवं मतदाताओं के लिए पर्याप्त जगह न होना। |
| 6 | 19–कोडरमा | | 382–प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र, दरदाही | 382– प्राथमिक विद्यालय, गरगडीहा | लगभग 1 कि0मी0 | चिकित्सा केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। |
| 7 | | मरकच्चो | 386–मध्य विद्यालय, बिचरिया (दायां भाग) | 386–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बिचरिया | लगभग 1.5 कि0मी0 | मतदाताओं के लिए 2.5 कि0मी0 दूरी का सामना करना। |
| 8 | | | 389–मध्य विद्यालय, बिचरिया पू० भाग) | 389–नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, अरकोषा | लगभग 3 कि0मी0 | मतदाताओं के लिए 3 कि0मी0 दूरी का सामना करना। |
| 9 | | | 392–सामुदायिक भवन, गगरेसिंगा | 392–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, योगीडीह | लगभग 0.1 कि0मी0 | AMF की सुविधा उपलब्ध न होना। |
| 10 | | | 393–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, योगीडीह | 393–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, योगीडीह | लगभग 0.6 कि0मी0 | मतदाताओं के लिए 2 कि0मी0 से अधिक दूरी का सामना करना। |
| 11 | | | 395–पूर्व अभियान विद्यालय, गादी | 395–नव प्राथमिक विद्यालय, राजारायडीह | लगभग 0.2 कि0मी0 | AMF की सुविधा का अभाव होना। |
| 12 | | | 417–पूर्व प्रा० विद्यालय रोशनबागी | 417–आंगनबाडी केन्द्र रोषनबागी | लगभग 0.02 कि0मी0 | AMF की सुविधा का अभाव होना। |
| 13 | | | 429–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नावाडीह (दायां भाग) | 429–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, ललकापानी | लगभग 3 कि0मी0 | मतदाताओं के लिए मतदान करने में लगभग 3 कि0मी0 दूरी का सामना करना। |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 330043 Election(24-25).D

## एडीएम (कानून व्यवस्था) ने किया एसएनएमएमसीएच अस्पताल का औचक निरीक्षण

# एसएनएमएमसीएच में अव्यवस्था देख नाराज हुई एडीएम, सुधार करने का निर्देश



एसएनएमएमसीएच में विभिन्न विभागों का निरीक्षण करती एडीएम (कानून व्यवस्था)।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** एडीएम (कानून व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने शुक्रवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, लावारिस वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, पोइजन वार्ड, शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी विभाग, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष, किचन, लॉन्ड्री समेत विभिन्न विभाग एवं सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित पंजियों की जांच की। इस दौरान जन्म मृत्यु के रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी कार्य अपडेट करने का निर्देश दिया। वहीं लांड्री की स्थिति देखकर असंतोष व्यक्त करते हुए सुधार करने के लिए एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल सह अधीक्षक डॉक्टर ज्योति रंजन को निर्देशित किया। साफ सफाई में और बेहतर सुधार लाने को लेकर संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया। एडीएम (कानून व्यवस्था) ने वार्ड में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीज से बात कर राउंड पर डॉक्टर के आने, नर्स द्वारा समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराने, साफ-सफाई, चादर बदलने और दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर प्राचार्य सह अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन समेत कई वरीय डॉक्टर मौजूद रहें।

# एडीएम ने कुजामा कोलियरी में हुई घटना को लेकर किया क्षेत्र का दौरा

## स्थिति सामान्य, कानून व्यवस्था नियंत्रण में : एडीएम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** लोदना क्षेत्र की कुजामा कोलियरी अंतर्गत एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग की परियोजना माइंस में गुरुवार को कोयला चोर व ग्रामीणों द्वारा कथित रूप से सीआइएसएफ की टीम पर हमले के बाद जवानों की ओर से की गई हवाई फायरिंग के बाद से स्थिति तनावपूर्ण थी। जिसे देखते हुए डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर एडीएम (कानून व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने शुक्रवार को क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। कहा कि स्थिति अभी सामान्य है। किसी भी प्रकार के लॉ एंड आर्डर की समस्या अब नहीं है। उन्होंने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की कवायद शुरू की जा रही है। इस मौके पर झरिया सीओ एवं संबंधित थाना के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गिरिडीह विधायक ने अपने मद से चंद्रवंशी समाज के लिए की 11 लाख की अनुशंसा



रांची/धनबाद (आजाद सिपाही)। गिरिडीह के झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को अपने पत्रांक जीआरडी/एससी/24-25/101 के जरिए अपने विधायक मद से योगीटांड, कपूरी ठाकुर चौक, गिरिडीह के बगल स्थित जमीन में भवन निर्माण, चहारदीवारी निर्माण, डीप बोरिंग एवं शौचालय निर्माण के लिए चंद्रवंशी समाज को 11 लाख रुपये की अनुशंसा की है। इस सराहनीय सामाजिक व नेक कार्य के लिए अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद, राष्ट्रीय महामंत्री अशोक सिंह, प्रदेश महामंत्री दीपक नवीन चन्द्रवंशी, सुरेश सिंह, बिभोर चंद्रवंशी, सुबोध कुमार, सुरेंद्र सिंह, सीताराम रवानी, विनय कुमार के साथ ही युवा एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक भीम रवानी, जिला उपाध्यक्ष प्रदोष कुमार, अभय सिंह, वासुदेव राम चंद्रवंशी, पार्षद अशोक राम, अजित कुमार, दुर्गा राम चंद्रवंशी के साथ पूरे चंद्रवंशी समाज ने आभार व्यक्त किया है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
**ELECTRIC SUPPLY AREA, HAZARIBAG**
JULU PARK, HAZARIBAG PIN – 825301
e-mail id: general.manager12@gmail.com / Phone/FAX : 06546-226949/ 272570

**e-Tender cancellation Notice**

Due to some unavoidable circumstances **e-Tender Notice No. 04/PR/JBVNL/24-25, 05/PR/JBVNL/24-25 & 06/PR/JBVNL/24-25** is hereby cancelled.

Earnest money deposited by the tenderer against the above NIT is released.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Technical)
ESA, Hazaribag

PR No. 326426
PR 330015 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)D



**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**निविदा से संबंधित शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 142/जि0प0 दिनांक 02.07.2024 एवं PR No. 328455 तिथि 02.07.2024 के द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/2024-25 में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | वर्तमान में संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.07.2024 | 20.07.2024 |
| 2 | ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 15.07.2024 से 21.07.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक | 20.07.2024 से 27.07.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 29.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 330022 Panchayati Raj (24-25)_D


## हिंदू-मुस्लिमों के बीच के आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने की चल रही साजिश: विधायक



धनबाद (आजाद सिपाही)। विधायक राज सिन्हा और डीएसपी (कानून व्यवस्था) ने शुक्रवार को तनावग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। उनके साथ पूर्व पार्षद निषार आलम भी मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुहर्रम जुलूस के दौरान विगत दिनों पांडरपाला भारत चौक एवं कुम्हार टोली में असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदू-मुस्लिमों के बीच के आपसी सौहार्द व शांति को भंग करने का पूरा प्रयास किया गया। छोटी मानसिकता रखने वाले लोग अपनी मंशा को पूरा करने में सफल भी हुए जो दुर्भाग्यपूर्ण है। धनबाद महानगर में दो समुदायों के बीच आपसी सौहार्द व शांति भंग करने वालों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने माहौल डीसी से माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि दोबारा ऐसी घटनायें ना हो सके। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से आपसी सौहार्द व शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं, घटनास्थल का जायजा लेने के बाद धनबाद विधायक राज सिन्हा एसएसपी से मिलने समाहरणालय पहुंचे।उनसे मुलाकात कर पीड़ित परिवार को हुए नुकसान की जांच कर मुआवजा देने, पांडरपाला में टीओपी स्थापित करने, असामाजिक तत्वों की पहचान कर सजा दिलाना आदि की नांग की। टीओपी स्थापित करने के लिए विधायक ने अपने विधायक निधि से कमरे का निर्माण कराने में भी मदद का आश्वासन दिया।

## जैनामोड़ बाजार क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त करने की तेज हुई प्रशासनिक पहल



जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह थाना अंतर्गत भीड़भाड़ एवं व्यस्तम जैनामोड़ बाजार को पूरी तरह से अतिक्रमणमुक्त करने की प्रशासनिक तैयारी तेज कर दी गयी है। उक्त संबंध में जरीडीह सीओ प्रणव रितुराज के नेतृत्व में बाजार के दुकानदारों को 21 जुलाई तक अपने-अपने प्रतिठान को अतिक्रमण मुक्त करने का समय दिया गया है। उन्होंने जैनामोड़ बाजार क्षेत्र में बीच सड़क से 40 फीट तक की दूरी पर किसी भी तरह के दुकान नहीं लगाने का निर्देश दिया है। सोमवार के बाद कभी भी दुकानदारों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई शुरू हो सकती है। इसका मुख्य वजह जहां-तहां अवैध तरीके से दुकान लगाना है, जिसके जैनामोड़ सड़क पूरी तरह से जाम हो जाता है। इसकी खबर अक्सर अखबारों की सुर्खियां बनी रहती है। वहीं, दुकानदारों ने भी प्रशासन से एकजुटता दिखाते हुए स्थाई बाजार उपलब्ध कराने की मांग की है। एसबीआई बैंक प्रबंधक, बैंक आफ इंडिया ने सजन गोयल की दुकान को अतिक्रमण मुक्त करने में सहयोग की अपील की। अतिक्रमण मुक्त अभियान में सीआई जरीडीह जीतेन्द्र प्रसाद, एसआई जरीडीह एमके तिर्की, गौरव ठाकुर शामिल थे।

## बालीडीह पुलिस ने वारंटी को दबोचा, भेजा जेल



जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)। बालीडीह थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार के निर्देश पर कांड संख्या 92/13 के फरार वांछित को अंततः गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान हरिशंकर पांडेय के रूप में हुई है। वह कुर्मीडीह गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ आपराधिक मामले में वारंट निकला हुआ था, जिसके बाद से वह फरार था। हरिशंकर की गिरफ्तारी में सब इंस्पेक्टर एसके ठाकुर और अजय कुमार राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बतातें चलें कि जब से बालीडीह थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर नवीन कुमार पदास्थापित हुई हैं, पुलिस आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए टीम वर्क के साथ काम कर रही है। वारंटियों की गिरफ्तारी से लेकर गस्ती दल सभी चौकन्ना होकर काम कर रहे हैं, जिससे बदमाशों में हड़कंप मचा है।

# गैंगस्टर व अन्य अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लायें : एसएसपी

**एसएसपी के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सभी वरीय पदाधिकारी, थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे। बैठक में कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। इस दौरान एसएसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मुकदमों की जांच में तेजी लायें और तय समय में चार्जशीट दाखिल करें। इसके अलावा दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले को गंभीरता से निर्धारित अवधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने संगठित अपराध करने वाले अपराधियों व आपराधिक गिरोह से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी गैंगस्टर की गिरफ़्तारी सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट व कुर्की के आदेश को यथाशीघ्र तमिल करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को कानून व्यवस्था को पुख्ता और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। थानों में पेंडेंसी कम करने, भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ तेज करने सहित मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लॉटरी, जुआ, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थो की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों को सघन जांच के दौरान अपराधियों की धरपकड़, अवैध हथियारों की जब्ती,अवैध मादक पदार्थों के धंधेबाजों की धरपकड़ तेज करने के लिए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करने की भी बात कही। नशे के कारोबार पर लगाम कसने के साथ ही उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्कूल कॉलेज से 100 मीटर की दूरी पर किसी भी दुकान व पान गुमटी में बेचे जा रहे तांबकू उत्पाद की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाया जाना चाहिए। बैठक के दौरान साइबर अपराध के रोकथाम पर चर्चा करते हुए इससे जुड़े लंबित कांडो की समीक्षा की और जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी दिया। बैठक में खनिज संम्पदा की तस्करी को रोकने को लेकर भी सख्त निर्देश दिये। जिले में किसी भी तरह के खनिज सम्पदा के अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ विशेष मुहिम के तहत कड़ी कार्रवाई का निर्देश जारी किया। जिले में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके रोकथाम को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।


**OFFICE OF DEPUTY DEVELOPMENT COMMISSIONER RANCHI**

Ref No: - Date: -

**SUB –Short Term Expression of Interest for Supply & Installation of Sewing machines for SHG women in Ranchi District under CSR Fund 2023-24.**

| NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Invitation for Supply & Installation of Sewing machines for SHG women in Ranchi District under CSR Fund 2023-24. |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 20.07.2024 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | RS 2,00,000.00 (Two Lakhs Only) in favour of DDC Ranchi, Payable at Ranchi. MSME Registered Organization to be exempted as per Jharkhand Procurement policy 2014. |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 30.07.2024 by 3.00 PM |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | DRDA Office, Vikas Bhawan, Ranchi |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 30.07.2024 by 3.30 PM |
| 07 | BID OPENING PLACE | DRDA Office, Vika s Bhawan, Ranchi |
| 08 | NAME AND OFFICE FOR INVINTING EOI | DRDA Office, Vika s Bhawan, Ranchi |
| 09 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | 0651-2202076 Drdaranchi2017@gmail.com |

**NOTE: - FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT** WWW.RANCHI.NiC.IN

District Administration, Ranchi reserves the right to have negotiation with any or all, accept or reject any or all the EOI Proposal and annual this process at any time without assigning any reason whatsoever be.

PR.NO.329918 Ranchi(24-25):D

DEPUTY COMMISSIONER, RANCHI



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई-पुनर्निविदा संख्या :- 01/R1/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 18.07.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/LATEHAR1/2024-25 | महुआडांड | चिरोपाट से शीशडीह तक पथ निर्माण। | 290.185 | दो करोड़ नब्बे लाख अठारह हजार पॉच सौ रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 24.07.2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 31.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 02.08.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 329953 REO (24-25)_D


# आधी आबादी के सशक्तीकरण में आजसू का है प्रमुख योगदान : उमाकांत रजक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चंदनकियारी।** चंदनकियारी में आजसू की महिला शाखा को मजबूत बनाने को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें शामिल राज्य के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि झारखंड की महिलाएं राज्य बनने के पहले सत्ता की हिस्सेदारी में शक्तिहीन थी। आजसू ने उन्हें सत्ता की चाबी सौंपकर मजबूत बनाया है। आजसू ने राज्य में पंचायत में महिलाओं को 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी देकर लंबे समय से बंद पंचायत चुनाव को चालू करवाया। इससे पूरे राज्य में महिलाओं के नेतृत्व की फौज खड़ी हुई है। महिलाएं दूरदर्शिता, जीवंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हुई हैं। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को महिलाओं ने महसूस किया है। सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण के बाद किसी गर्भवती महिलाओं को अस्पताल जाने के के दौरान सड़कों के चलते पीड़ा सहना नहीं करनी पड़ती है। महिलाओं को समस्या मुक्त कैसे करें, इसके लिए आजसू की महिला शाखा घर-घर जाकर प्रत्येक महिला से मिलकर उनकी समस्या को जानेगीं। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथिलेश महतो और संचालन तपन सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रखंड कमेटी का गठन भी किया गया। जिसकी अध्यक्ष सोनी देवी, उपाध्यक्ष पार्वती देवी, सचिव चिंता देवी, संगठन सचिव मेनका देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी को बनाया गया है। वहीं, नंदलाल महतो, रमा देवी, राजेश भगत, शरत टुडू, नकुल महतो, जय प्रकाश माहथा, शांति राय, बोम शर्मा, सपन महतो, राजीव रंजन झा, जाकीर अंसारी, सुबोध शर्मा, शत्रुघ्न महतो, मानिक महतो आदि ने भी विचार रखे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**राँची जिला के मत्स्य कृषकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 – 05 रा0 (वि0) दिनांक 13.06.2024 के द्वारा राँची जिला को लघु शीर्ष 796 अंतर्गत 280 एवं लघु शीर्ष 789 अंतर्गत 65 मत्स्य कृषकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/अग्रणी मत्स्य पालकों/मत्स्य विक्रेताओं आदि को राज्य में मछली पालन की नवीन तकनीक एवं विधियों से अवगत कराने हेतु मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, राँची के द्वारा आयोजित किये जाने वाले पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भेजे जाने का लक्ष्य प्राप्त है। इसके अंतर्गत प्रति प्रशिक्षणार्थी 200/– रू0 प्रति दिन के अनुमानित दर से 1000/– रू0 प्रति प्रशिक्षणार्थी भुगतान एवं यात्रा के लिए अनुमान्य/वास्तविक व्यय जो कम हो का भुगतान किये जाने का प्रावधान है। आवासन की व्यवस्था मुफ्त है। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, राँची के पत्रांक 355, दिनांक 29.06.2024 के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है जो निम्नांकित है :-

| क0 सं0 | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण का स्थान | प्रति सत्र प्रशिक्षणार्थियों की संख्या का लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 06.08.2024 से 10.08.2024 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |
| 2 | 02.09.2024 से 06.09.2024 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |
| 3 | 04.10.2024 से 08.10.2024 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |
| 4 | 16.11.2024 से 20.11.2024 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |
| 5 | 11.12.2024 से 15.12.2024 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |
| 6 | 06.01.2025 से 10.01.2025 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |
| 7 | 31.01.2025 से 04.02.2025 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |
| 8 | 20.02.2025 से 24.02.2025 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 40 |

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक मत्स्य कृषकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/अग्रणी मत्स्य पालकों/मत्स्य विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिला मत्स्य कार्यालय, राँची से तत्संबंधी आवेदन प्रपत्र निःशुल्क प्राप्त कर कार्यालय में जमा करें और कार्यालय की अनुशंसा प्राप्त कर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें।

प्रशिक्षण से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 329980 Fish(24-25)#D

# पुरी में जेपी नड्डा ने बीजेपी की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजेपी की दो दिवसीय परिबर्धित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार से शुरू हुई। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पुरी में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का उद्घाटन किया। बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि संकल्प पत्र में जो कुछ है, उसे एक एक करके पूरा किया जायेगा। जेपी नड्डा ने ओड़िशा में सेवा करने का मौका देने के लिए ओड़िशा के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने राज्य में अथक परिश्रम करने और कमल खिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को भी



धन्यवाद दिया। बीजेपी राज्य कार्यकारिणी की बैठक 20 तारीख की शाम तक चलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री मोहन माझी समेत सभी मंत्री, सांसद, विधायक, केंद्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे।

## बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भुवनेश्वर में स्वागत

**भुवनेश्वर।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भुवनेश्वर पहुंचे। बीजू पटनायक के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद पार्टी नेता, मंत्री ने उनकी स्वागत किया। मुख्यमंत्री मोहन माझी, दो उपमुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री बिशेश्वर टुडू, कंधमाल के सांसद सुकांत पाणिग्रही, भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर से स्वागत किया।



डेपी नड्डा बीजेपी राज्य कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने पहुंचे हैं। बैठक में राजनीतिक हालात, मौजूदा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर चर्चा की जायेगा और आगे की रणनीति तैयार की जायेगी।

# ओड़िशा विजिलेंस ने क्योंझर में डॉक्टर को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्योंझर के सैनकुल सीएचसी के अधीक्षक डॉ रंजीब कुमार राउत (डॉक्टर) को शुक्रवार को ओड़िशा सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें क्योंझर जिले के सैनकुल सीएचसी में काम करने वाले एक शिकायतकर्ता से उसकी बहन को उसी सीएचसी में योग प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करने और शिकायतकर्ता के लंबित वेतन बिल के भुगतान के लिए 20 हजार 800 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगेहाथों पकड़ा गया। शिकायतकर्ता द्वारा कई बार अनुरोध किये जाने के बावजूद आरोपी डॉक्टर बिना किसी कारण के शिकायतकर्ता का



लंबित वेतन नहीं ले रहा था।

वहीं दूसरी ओर आरोपी डॉ राउत शिकायतकर्ता से उसका वेतन लेने और उसकी बहन को उक्त सीएचसी में अस्थायी योग प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करने के लिए 20,800 रुपये की रिश्वत मांग रहा था। कोई और विकल्प न पाकर शिकायतकर्ता ने ओड़िशा विजिलेंस के टोल-फ्री नंबर 1064 पर मामले की शिकायत की और मामला दर्ज किया गया। तदनुसार, विजिलेंस अधिकारियों ने योजना बनाकर आज आरोपी डॉ राउत को शिकायतकर्ता से मांगी गयी रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी डॉ राउत के कब्जे से रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली गयी है। जाल के बाद डीए एंगल से डॉ राउत के तीन ठिकानों पर एक साथ तलाशी चल रही है। इस संबंध में बालासोर विजिलेंस पीएस केस नंबर 07 दिनांक 18.07.2024 यू/एस 7 पीसी (संशोधन) अधिनियम, 2018 दर्ज किया गया है। आरोपी डॉ राउत के खिलाफ जांच जारी है।

# कल विधानसभा के बजट सत्र के लिए होगी सर्वदलीय बैठक

## 25 को मुख्यमंत्री मोहन माझी पेश करेंगे बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा विधानसभा की सर्वदलीय बैठक 21 तारीख को होगी। बैठक सुबह 11 बजे वाचस्पति सूरमा पाढ़ी की अध्यक्षता में होगी। बजट सत्र को सुचारु रूप से चलाने के लिए वाचस्पति सहयोग मांगेंगे। 25 तारीख को मुख्यमंत्री मोहन माझी पहली बार बजट पेश करेंगे। राज्य में नयी सरकार बनने के बाद यह पहला बजट होगा। सर्वदलीय बैठक से पहले सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक और उप मुख्य सचेतक की नियुक्ति कर दी जायेगी। ये 2



पद अभी भी खाली हैं। ऐसे में सभी की नजर इस पर है कि सत्ताधारी बीजेपी इन 2 पदों पर किसे नियुक्त कर रही है। इसी प्रकार उप वाचस्पति के रिक्त पद के लिए 23 को नामांकन पत्र जमा किये जायेंगे। दिन के 12 बजे तक प्रत्याशी नामांकन फॉर्म भरेंगे। इसी तरह 24 तारीख को रिजल्ट घोषित किया जायेगा। ये सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 25 को बजट पेश किया जायेगा।

# बोकारो पुलिस एसोसिएशन ने सांसद के बयान की निंदा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा, बोकारो के नेतृत्व में कार्यसमिति की बैठक पुलिस क्लब सेक्टर-04 में हुई। बैठक में पुलिस एसोसिएशन, झारखंड सहायक पुलिस-04, पुलिस एसोसिएशन एसआइएसएफ-04, शाखा, बोकारो, पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा, बोकारो एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन, झारखंड सहायक पुलिस-04, बोकारो के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में गुरुवार को सांसद कुल्लू महतो द्वारा पुलिस अधीक्षक, बोकारो के साथ-साथ



पुलिस की वर्दी पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का विरोध किया गया है। कहा गया कि सोशल मीडिया में दिया गया बयान काफी खेदजनक है। इस संबंध में कार्य समिति की बैठक में सांसद द्वारा दिये गये अमर्यादित बयान की घोर निंदा की गयी एवं समिति द्वारा सांसद द्वारा दिये गये बयानों का खंडन किया गया।

बैठक में कहा गया कि सांसद द्वारा दिये गये अपने बयानों पर खेद प्रकट नहीं किया जाता है, तो केंद्रीय नेतृत्व को इस संबंध में सूचित करते हुए आगे की रणनीति तय की जायेगी।

# जाजपुर में एंबुलेंस दुर्घटना एक की मौत और 4 गंभीर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के जाजपुर जिले में शुक्रवार को एक एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें मरीज की मौत हो गयी तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हादसा बिंझारपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत तौंतरा चौराहे पर हुआ है। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं और एक मरीज की मौके पर ही मौत हो गयी। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान आनंद जेना के रूप में हुई है। वह बिंझारपुर इलाके का रहने वाला था। उसे कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह ठीक हो गया था और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के समय घर लौट रहा था, जिस एंबुलेंस में वे यात्रा कर रहे थे, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकरायी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वे दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## बांकी में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत और दूसरा गंभीर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा के कटक जिले के बांकी ब्लॉक में शुक्रवार को दो बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। खबरों के मुताबिक, बांकी में यह हादसा कुसापंगी चौराहे के पास हुआ। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। खबरों के मुताबिक घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने बांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बांकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पायी है। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को सुबह एक दुखद घटना में बरगढ़ जिले में एक पिकअप वैन ने साइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक साइकिल सवार की मौत हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार इस घटना से स्थानीय लोगों में गुस्सा है। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सान्या स्क्वायर के पास सड़क जाम कर दिया। इस घटना के बाद सड़क पर यातायात बाधित हो गया।

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में खराबी के कारण विमान सेवाएं प्रभावित




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में बड़ी गड़बड़ी के कारण भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर उड़ान सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के संयुक्त महाप्रबंधक (वायु यातायात प्रबंधन) प्रसन्ना प्रधान ने कहा है कि फ्लाइट बोर्डिंग के लिए वेब या ऑनलाइन चेक-इन सिस्टम काम नहीं कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में खराबी के कारण सभी उड़ानें प्रभावित हुई हैं। यह सुबह 10 बजे से चल रहा है। भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर आने-जाने वाली दोनों ही उड़ानों में करीब एक घंटे की देरी हो रही है।

भुवनेश्वर में तैनात एएआइ के संयुक्त महाप्रबंधक ने कहा कि मैनुअल बोर्डिंग पास जारी किये जा रहे हैं, लेकिन यह एक समय लेने वाली प्रक्रिया है। विंडोज के वैश्विक आउटेज के कारण दुनिया भर में लाखों माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ता प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और रिएक्टओएस ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा 'ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ' त्रुटि स्क्रीन प्रदर्शित की जा रही है।

# भारतीय रेलवे ने रथयात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के आगमन का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे शुभ रथ यात्रा अवधि के दौरान पुरी से 15 लाख से अधिक यात्रियों के सफल प्रबंधन और परिवहन की विनम्रतापूर्वक घोषणा करता है। व्यापक तैयारियों और नवीन उपायों के साथ भारतीय रेलवे ने उत्सव में भाग लेने वाले भक्तों के लिए एक सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की।

## मुख्य विशेषताएं

**बड़े पैमाने पर यात्री आवाजाही:** भारतीय रेलवे ने 15 लाख यात्रियों को कुशलतापूर्वक पहुंचाया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे रथ यात्रा अवधि के दौरान अपने गंतव्य तक सुरक्षित और आराम से पहुंचें। **तीर्थयात्री शेड और मेला शेड:** एक समय में 15,000 तीर्थयात्रियों/भक्तों को समायोजित करने के लिए पुरी रेलवे स्टेशन पर अस्थायी और स्थायी मेला शेड बनाये गये थे, जिसमें आराम, शौचालय और स्नान की सुविधाएं प्रदान की गयी थीं। **पूरे ओड़िशा में कनेक्टिविटी:** ओडिशा के 25 जिलों को पुरी से जोड़ने के लिए विशेष ट्रेनें संचालित की गयीं, जिससे भक्तों के लिए आसान पहुंच हो सके।

**एआइ-आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग:** एआइ-आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग प्रणाली का उपयोग करके विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया, जिससे भारतीय रेलवे को उच्च मांग वाले गंतव्यों के लिए तुरंत अतिरिक्त ट्रेनें उपलब्ध कराने की अनुमति मिली। **विशेष ट्रेनें :** त्योहार के दौरान कुशल परिवहन सुनिश्चित करने के लिए तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 315 से अधिक विशेष ट्रेनें संचालित की गयीं। **पड़ोसी राज्य कनेक्टिविटी :** रथ यात्रा के लिए विशेष ट्रेनें पड़ोसी राज्यों, जिनमें आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम और पलासा, छत्तीसगढ़ में जगदलपुर और रायपुर, और पश्चिम बंगाल में हावड़ा/सियालदा और मालदा टाउन को पुरी से जोड़ा गया।

## विशेष उपाय

**भीड़ प्रबंधन :** पुरी रेलवे स्टेशन पर भीड़ को प्रबंधित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों को तैनात किया गया था। **नियंत्रण कक्ष :** यात्रियों की समस्याओं के समाधान और सुचारू ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए एक चौबीसों घंटे चलने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। **घोषणाएं :** पुरी और पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के अन्य स्टेशनों पर प्रभावी घोषणाएं की गयीं। **ट्रेन सूचना प्रणाली/पूछताछ काउंटर:** पुरी रेलवे स्टेशन पर रणनीतिक रूप से स्थित पूछताछ काउंटरों और ट्रेन के आगमन और प्रस्थान की जानकारी प्रदर्शित करने वाली बड़ी वीडियो दीवारों के साथ पीए सिस्टम स्थापित किये गये थे। **सुचारू टिकट वितरण :** अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटर, एटीवीएम काउंटर और मोबाइल टिकट काउंटर प्रदान किये गये। रथ यात्रा सुविधाओं से संबंधित जानकारी के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप और इसीओआर यात्रा ऐप लांच किया गया। **सुरक्षा और सुरक्षा :** सीसीटीवी निगरानी, आरपीएफ, जीआरपी और खोजी कुत्तों की तैनाती सहित व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किये गये। आपातकालीन स्थिति के लिए अग्निशमन सेवा कर्मियों और अग्निशामक यंत्रों को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया था। **चिकित्सा सुविधाएं :** पुरी रेलवे स्टेशन पर चिकित्सा सहायता बूथ, डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस सेवाओं के साथ चौबीसों घंटे चालू थी। **बिजली और पानी की आपूर्ति :** त्योहार के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति और लगातार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की गयी, आपात स्थिति के लिए पानी के टैंकर तैयार थे। **स्वच्छता :** रथ यात्रा अवधि के दौरान सार्वजनिक उपयोगिता क्षेत्रों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। **खानपान और आतिथ्य :** पुरी रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा के अलावा, चाय, नाश्ता, पानी की बोतलें और जनता भोजन बेचने की व्यवस्था की गयी थी। मार्ग के प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त भोजन स्टॉल काम कर रहे थे। **शौचालय और स्नान घर :** स्थायी और अस्थायी दोनों मेला शेडों पर पर्याप्त शौचालय और स्नान घर की सुविधाएं प्रदान की गयीं। **यात्री सहायता डेस्क :** यात्रियों को मार्गदर्शन देने के लिए सहायता डेस्क स्थापित किये गये, जो ट्रेन कार्यक्रम, यात्री सुविधाओं और रथ यात्रा अनुष्ठानों और समय के बारे में जानकारी प्रदान करते थे। **रोशनी :** पुरी रेलवे स्टेशन पर रोशनी, पंखे और अन्य यात्री सुविधाओं के निरंतर संचालन के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी।







# जादू-टोने की शिकार लड़की के सिर से सर्जरी कर निकाली गयीं 70 सुइयां

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जादू-टोने की शिकार एक लड़की के सिर से सर्जरी के जरिए करीब 70 इंजेक्शन निकाले गये। संबलपुर जिले के बुर्ला में वीर सुरेंद्र साईं इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च (विमसार) के डॉक्टरों ने बलांगीर जिले के एक गांव के जादूगर द्वारा उसके सिर में चुभोई गयी 70 इंजेक्शन की सुइयां निकालीं। पुलिस शिकायत के आधार पर जादूगर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे पुलिस रिमांड पर ले लिया गया है।



जानकारी के अनुसार जब लड़की को इलाज के लिए तांत्रिक के पास ले जाया गया, तो उसने इलाज के तौर पर उसके सिर में इंजेक्शन की सुइयां चुभो दीं। बताया जा रहा है कि इंजेक्शन की सुई चुभोने का मामला चार साल पहले शुरू हुआ था। यानी पिछले चार सालों में लड़की अपने सिर में चुभोये गये 70 इंजेक्शन की सुइयों का दर्द झेल रही थी। बता दें कि 2022 में अपनी मां की मौत के बाद, बलांगीर जिले के टिटलागढ़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत इचगन गांव के बिष्णु प्रसाद बेहरा की बेटी डर गयी। उसे स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने का संदेह होने पर उसके माता-पिता उसे डॉक्टर के पास ले गये, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद स्पष्ट किया कि लड़की ठीक है। हालांकि, बाद में फिर से यही समस्या हुई। इसलिए, उसके पिता उसे एक जादूगर के पास ले गये।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**